# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 26 मई 2025 सोमवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 09 • अंक : 9 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1822 :** नार्वे में चर्च में आग लग जाने के कारण 122 लोगों की मौत हो गई थी।

**1983 :** जापान में आए भूकंप में 104 लोगों की मौत हो गई थी।

**1986 :** हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध कथाकार, गीतकार, समीक्षक और राजनीतिज्ञ श्रीकांत वर्मा का निधन।

**2007 :** भारत और जर्मनी के बीच रक्षा समझौता सम्पन्न हुआ।

**2008 :** उत्तर प्रदेश सरकार ने अनाज व खाद्य तेलों की स्टॉक सीमा तय करने के सम्बन्ध में अधिसूचना जारी की।

# भारतीय सेना के पराक्रम ने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा किया : नरेन्द्र मोदी

## ‘मन की बात’ कार्यक्रम में पीएम ने सेना के पराक्रम की सराहना की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो शो ‘मन की बात’ के 122वें एपिसोड के तहत देश को संबोधित किया। एपिसोड की शुरुआत में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, ये हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। इस तस्वीर ने पूरे देश को देश-भक्ति के भावों से भर दिया है, तिरंगे में रंग दिया है। पीएम ने भारतीय सेना के पराक्रम की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत की सेना ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ा प्रहार किया। इसके साथ ही उन्होंने उन आतंकी ठिकानों की तस्वीरें भी दिखाई जिन्हें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नष्ट किया था। उन्होंने बताया कि पीओके में गुलपुर और अब्बास कैंप (कोटली में) और भिंबर के बरनाला कैंप को नष्ट किया गया। पीएम ने कहा कि आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिस सटीकता के साथ हमारी सेनाओं ने सीमा पार के आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया, वो अद्भुत है। ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। पीएम ने कहा कि ‘ऑपरेशन सिंदूर’ ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम ‘सिंदूर’ रखा गया है। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर कविताएं लिखी जा रही थीं, संकल्प गीत गाये जा रहे थे। छोटे-छोटे बच्चे पेंटिंग्स बना रहे थे जिनमें बड़े संदेश छुपे थे। देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे-छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गईं। हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर देश की सेना, उसके प्रति वंदन-अभिनंदन करने निकल पड़े। कितने ही शहरों में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एकजुट हो गए, और हमने देखा, चंडीगढ़ के वीडियोज तो काफी वायरल हुए थे।

# दो ट्रक आपस में भिड़े, दोनों चालकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के गांडेय में रविवार की अहले सुबह दो वाहनों में भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये और दोनों चालकों (ड्राइवर) की मौत हो गयी। घटना गिरिडीह-टुंडी मुख्य मार्ग पर ताराटांड़ थाना क्षेत्र के भलपहरी पुल के पास की है। मवेशी लदा ट्रक संख्या बीआर 27जी 6500 गिरिडीह की ओर से धनबाद की ओर जा रहा था, वहीं वहीं सीमेंट लदा वाहन संख्या जेएच 10 सीई 6705 सिंदरी से गिरिडीह की ओर आ रहा था। इस बीच भलपहरी पुल के पास दोनों वाहनों की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। सड़क हादसे में घटनास्थल पर दोनों चालकों की मौत के बाद पुलिस व ग्रामीणों ने काफी मशक्कत से दोनों का शवों को वाहन से बाहर निकाला। इसमें सीमेंट लदे ट्रक के चालक की पहचान उमेश कुमार दास (22 वर्ष) मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लेदा गांव निवासी के रूप में हुई है। वहीं मवेशी लदे ट्रक चालक की पहचान अली राज खान नालंदा बिहार के रूप में हुई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरीडीह भेज दिया है। टक्कर में 13 पशुओं की मौत हो गयी, जबकि एक दर्जन से अधिक पशु घायल हो गये। घटना के बाद सभी मवेशियों को नीचे उतारा गया। मृत पशुओं को गड्ढा खोद व नमक डालकर दफना दिया गया। वहीं स्वस्थ व घायल पशुओं को पुलिस ने ग्रामीणों को जिम्मेनामा में सौंप दिया। ताराटांड़ थाना प्रभारी सुशांत कुमार सिंह चिरंजीवी ने बताया कि सड़क हादसे में दोनों वाहन के चालकों की मौत हो गयी। वहीं एक दर्जन से अधिक पशु भी मरे।

- **पुलिस व ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद दोनों शवों को वाहन से बाहर निकाला गया**
- **एक ट्रक में लदी 13 मवेशियों की भी हुई मौत**

# लालू प्रसाद ने तेज प्रताप को पार्टी व परिवार से निकाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव को छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उन्होंने तेजप्रताप को परिवार से भी दूर कर दिया है। लालू यादव ने रविवार को दोपहर बाद करीब तीन बजे सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इसकी घोषणा की। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है कि तेजप्रताप की अब से पार्टी और परिवार में किसी तरह की कोई भूमिका नहीं रहेगी। यह फैसला खुद लालू प्रसाद यादव ने लिया और इस बात की जानकारी स्वयं उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये साझा की है। उन्होंने तेज प्रताप यादव के आचरण को निजी जीवन में नैतिक मूल्यों का अवहेलना करने वाला करार देते हुए कहा कि अब से पार्टी और परिवार में तेज प्रताप यादव की किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। लालू प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट करते हुए यह लिखा कि निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमज़ोर करता है।


# बिरसा मुंडा के संघर्ष और त्याग से गौरवान्वित हो रहा जनजातीय समाज : ओम बिरला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दो दिवसीय झारखंड दौरे पर सोमवार को रांची पहुंचे। रांची पहुंचने पर भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं अन्य गणमान्य लोगों ने स्पीकर का स्वागत किया। इसके बाद ओम बिरला ने बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और फिर बिरसा मुंडा संग्रहालय पहुंचे। इस दौरान ओम बिरला ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को मैं प्रणाम करता हूं। ये धरती जनजातीय समुदाय की संस्कृति है। बिरसा मुंडा ने जनजातीय समुदाय, जंगल-जमीन, आदिवासी की संस्कृति को बचाने के लिए एक लंबी लड़ाई लड़ी। उनके इस संघर्ष से ही आज जनजातीय समाज को सम्मान मिलता है। झारखंड जनजातीय समुदाय के प्रगति के साथ विकास की ओर भी आगे बढ़ रहा है। बिरसा मुंडा की यह धरती हमलोगों के लिए प्रेरणा है। इसके बाद ओम बिरला रांची के ओल्ड जेल परिसर पहुंचे और वहां बिरसा मुंडा संग्रहालय का भ्रमण किया। स्पीकर उस स्थान (बैरक) में भी गए, जहां अंग्रेजों ने बिरसा मुंडा को कैद कर रखा था और यहीं उनकी मृत्यु हो गयी थी। इस दौरान रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और रांची विधायक सह पूर्व मंत्री सीपी सिंह भी स्पीकर के साथ थे। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि उन्होंने जनजातीय समुदाय के लोगों में आत्मविश्वास भरा, जिसकी वजह से उनमें संघर्ष के लिए सामर्थ्य पैदा हुआ। धरती आबा बिरसा मुंडा लंबे दिनों तक इसी जेल में रहे। आने वाली पीढ़ी जब भी यहां आएगी, तब उन्हें भगवान बिरसा मुंडा के जीवन समर्पण, संघर्ष और जनजातीय आत्मसम्मान को बनाए रखने की प्रेरणा उन्हें मिलेगी। ओम बिरला ने कहा कि देश के विकास में जनजातीय समुदाय का बड़ा योगदान रहा है। आज भी भारतीय संस्कृति और उसकी विरासत को संरक्षित रखने का काम जनजातीय समाज के लोग कर रहे हैं। जिन वीर सपूतों ने भारत की आजादी, दलित-शोषितों और आदिवासी समुदाय के हितों के लिए संघर्ष किया, उनकी जन्मभूमि और कर्मभूमि को विकसित और संवर्धित करने का प्रयास किया गया है, जो प्रशंसनीय है।

## भारत अवसरों और संभावनाओं की धरती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** ‘सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री’ के प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल हुए। चैम्बर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिस धरती पर भगवान बिरसा मुंडा ने आजादी की लड़ाई लड़ी, उसी धरती पर जमशेद जी टाटा ने एक समय पर औद्योगिक विकास की नींव रखी थी। इन 75 वर्षों में यहां के चैम्बर ने उस नींव पर मजबूत इमारत तैयार की है। क्षेत्र को औद्योगिक और आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के साथ ही सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास की दृष्टि से यह भारत के लिए स्वर्णिम युग है। हमारा देश दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। आज भारत अवसरों और संभावनाओं की धरती के रूप में जाना जाता है। युवाओं के कौशल व श्रम के बल पर भारत आज हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल कर रहा है, और आत्मनिर्भर भारत विश्व को समावेशी विकास की राह दिखा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने स्टील सिटी के साथ ही अन्य उद्योगों में भी पहचान बना रहे जमशेदपुर में व्यावसायिक, सामाजिक और औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आह्वान किया कि आने वाले ढाई दशकों में हमें पूर्ण सामर्थ्य से विकसित भारत बनाने के लिए प्रयास करना है।

# 10-12 दिनों में मानसून झारखंड में देगा दस्तक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** दक्षिण-पश्चिम मानसून के आज 24 मई 2025 को केरल में दस्तक देने की मौसम विभाग ने आधिकारिक घोषणा कर दी है। सामान्यतः 01 जून को केरल तट पर दस्तक देने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून इस बार सामान्य तिथि से 08 दिन पहले ही केरल पहुंच चुका है। मौसम केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार वर्ष 2009 के बाद यह केरल में मानसून के आगमन की सबसे प्रारंभिक तिथि है। 2009 में 23 मई को ही दक्षिणी पश्चिमी मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। अगर वर्ष 1975 से प्रारंभ तिथियों पर विचार करें तो केरल में मानसून का सबसे प्रारंभिक आगमन वर्ष 1990 में हुआ था। उस समय 19 मई को यानी तय समय से 13 दिन पहले ही मानसून ने दस्तक दे दिया था।

रांची मौसम केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि सभी स्थितियां अनुकूल रहने पर केरल में दस्तक देने के बाद 10-12 दिनों में मानसून झारखंड में दस्तक देता है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि 03 से 05 जून के बीच मानसून झारखंड में दस्तक दे सकता है। यहां यह बताना भी बेहद जरूरी है कि झारखंड में मानसून पहुंचने की सामान्य तिथि 10-12 जून है। इस बार झारखंड में सामान्य या उससे अधिक मानसूनी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम केंद्र रांची ने अपने ताजा मौसम अपडेट में 25 मई से 30 मई तक राज्य में कई स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान कई स्थानों पर गर्जन, 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा के झोंके चलने और वज्रपात की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है।




मानसून को लेकर मौसम विभाग द्वारा जारी चित्र

# बड़े पैमाने पर हो रही डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों की बहाली : मंगल पांडेय

## स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री ने रखी 31 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की आधारशिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार ने राज्य में स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाया है और अब गरीब सहित खास लोग भी सरकारी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। श्री पांडेय ने आज जिले के दाउदनगर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिले में बनने वाले 31 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की आधारशिला रखते हुए कहा कि राज्य के लगभग सभी सरकारी अस्पतालों में 24 घंटे सभी सुविधाएं उपलब्ध है। श्री पाण्डेय ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि अभी राज्य में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी नहीं है लेकिन आने वाले दिनों में बड़े पैमाने पर डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों की बहाली की जा रही है जिससे बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है और अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टरों को निलंबित एवं बर्खास्त करने की भी कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि जिले में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा मॉडल अस्पताल का उद्घाटन प्रगति यात्रा के दौरान किया गया था। वर्तमान में 21 करोड़ रूपये की लागत से मातृ शिशु अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। सदर अस्पताल परिसर में 2.5 करोड़ रूपये की लागत से प्री-फैब पीआईसीयू अस्पताल तथा 7.5 करोड़ रुपये की लागत से 100 बेड प्री-फैब फील्ड अस्पताल, जम्होर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। हाल ही में जिले में 34 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों का निर्माण कार्य पूर्ण कर आम जनता को समर्पित किया गया है। औरंगाबाद जिले में 9.64 करोड़ रुपये की लागत से एक ट्रामा सेंटर की स्थापना हेतु निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु 400.29 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा चुकी है।

# रांची में कोरोना ने दी दस्तक, संक्रमित हुए शख्स का निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के सदस्य और प्रसिद्ध फिल्म समीक्षक लाल विजय शाहदेव कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने रविवार को स्वयं सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर इसकी पुष्टि की है। एक बार फिर कोरोना वायरस अपना पांव पसार रहा है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से मामले सामने आ रहे हैं। इस बीच 2025 में झारखंड की राजधानी रांची में यह पहला मामला सामने आया है। सोशल मीडिया फेसबुक पेज पर साझा की गई जानकारी में शाहदेव ने लिखा, ‘भारत में कल तक 257 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं और मैं भी उनमें शामिल गया हूं। 22 मई को जब मैं मुंबई से रांची आ रहा था, उसी दौरान फ्लाइट में मेरी तबीयत बिगड़ गई और मैं बेहोश हो गया।’ लाल विजय शाहदेव ने बताया कि वे रांची लौटने के बाद कुछ फिल्मों का प्रिव्यू करने वाले थे लेकिन स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण वे यह कार्य नहीं कर सके। फिलहाल उनका इलाज रांची के प्रतिष्ठित निजी अस्पताल में डॉक्टर मोहित नारायण की निगरानी में हो रहा है। अस्पताल में दिनेश झा उनकी देखभाल कर रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, ‘अब मैं पहले से बेहतर महसूस कर रहा हूं।’ इसके साथ ही उन्होंने अपने संपर्क में आए सभी लोगों से अपील की है कि यदि किसी को सिरदर्द, बदन दर्द, बुखार, खांसी या सर्दी जैसे लक्षण महसूस हों तो वे तुरंत कोरोना टेस्ट करवाएं।

**क्या कहते हैं रांची सिविल सर्जन**

इस मामले को लेकर रांची सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात ने कहा है कि निजी अस्पताल में झारखंड फिल्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड के सदस्य प्रबीर शाहदेव उर्फ लाल विजय शाहदेव कोरोना संक्रमित होकर भर्ती हुए हैं। उनके संपर्क में आए तमाम लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। एक स्पेशल टीम गठित कर इस मामले की पड़ताल की जा रही है, जो जानकारी मिली है उसके अनुसार मुंबई से रांची आने के क्रम में 22 मई को उनकी तबीयत फ्लाइट में ही बिगड़ी थी। सिविल सर्जन ने शहर के लोगों से अपील की है कि कोरोना को लेकर वह सतर्क रहें, डरने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य महकमा इसे लेकर सतर्क है और लोगों को जागरुक भी कर रहा है। वहीं सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को भी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। कोरोना के लक्षण दिखने वाले लोगों पर विशेष ध्यान देते हुए वैसे मरीजों को आइसोलेट करने का भी निर्देश दिया गया है।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT

DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY

GLOBAL VISION

(A Complete Solution in Professional Services)

: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna

Contact No.- 9835333441, 8210823092

E-Mail : globalvision96@yahoo.in



## नालंदा में होमगार्ड के 812 पदों के लिए 38,649 आवेदन: 31 मई से शारीरिक दक्षता परीक्षा

### लॉन्ग और हाई जंप के लिए मिलेंगे 5–5 अंक, 1 पद के लिए 47 कैंडिडेट्स

**नालंदा, एजेंसी।** बिहारशरीफ के दीपनगर स्टेडियम में होमगार्ड भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 31 मई से शुरू होगा। जो 14 जुलाई तक चलेगा। 812 गृहरक्षक पदों के लिए कुल 38,649 अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया है। इसमें 31,338 पुरुष, 7,310 महिला और एक थर्ड जेंडर कैंडिडेट शामिल है। 1 पद के लिए 47 कैंडिडेट्स ने अप्लाई किया है। अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड संबंधित अधिक्रत वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि एडमिट कार्ड में अंकित समय पर पहुंचना अनिवार्य है। लेट से पहुंचने पर एग्जाम में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**आधुनिक तकनीक का प्रयोग :** इस भर्ती प्रक्रिया में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। शारीरिक दक्षता परीक्षा ऋऋढ्ढष्ठ तकनीक के माध्यम से कराई जाएगी। साथ ही हाई जंप, लॉन्ग जंप और गोला फेंक की दूरी मापने के लिए लेजर तकनीक का प्रयोग होगा। हर फेज में कैंडिडेट्स का बायोमेट्रिक अटेंडेंस होगा। जो पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

**सबसे पहले रजिस्ट्रेशन होगा :** 15 अंकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा में लॉन्ग जंप, हाई जंप और गोला फेंक के लिए अधिकतम 5-5 अंक निर्धारित है। सबसे पहले अभ्यर्थियों का पंजीकरण होगा, इसके बाद दौड़ होगा। दौड़ में सफल होने वाले अभ्यर्थियों की ऊंचाई और चेस्ट की माप की जाएगी।

**महत्वपूर्ण डॉक्यूमेंट्स लाना जरूरी :** परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के साथ-साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस लाना अनिवार्य है। विभाग ने इस संबंध में कोई छूट नहीं दी है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल होने वाले सभी अभ्यर्थियों की चिकित्सा जांच कराई जाएगी। जो अंतिम चयन का महत्वपूर्ण चरण होगा।

# ट्रेनी सीनियर डिप्टी कलेक्टर फरार, यौन शोषण का है आरोप

## सीवान की महिला ऑफिसर से था अफेयर, दहेज में 1 करोड़ नहीं देने पर तोड़ा संबंध



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के ट्रेनी सीनियर डिप्टी कलेक्टर अभिराम कुमार फरार हैं। इसको लेकर डीएम रौशन कुशवाहा ने सरकार को रिपोर्ट भेजी है। दरअसल, अभिराम कुमार पर सीवान की महिला अधिकारी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता ने 15 दिसंबर 2024 को सीवान के महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। वहीं, परिवार के लोगों पर साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। जिसके बाद से आरोपी अधिकारी अभिराम कुमार फरार हैं। बीपीएससी की तैयारी के दौरान कोचिंग में दोनों की मुलाकात हुई थी। दोनों ने फैसला कर लिया था कि लव मैरिज करनी है। आरोपी अभिराज ने अपनी फैमिली से पीड़िता को मुलाकात भी करवाई थी। परिवार से मिलने के बाद पीड़िता शादी के लिए तैयार थी। इसी बीच आरोपी ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए।

जब अभिराज का समस्तीपुर में सीनियर डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थापन हुआ तो आरोपी की बहन ने दहेज में 1 करोड़ रुपए मांगा। पीड़िता नहीं मानी तो शादी तोड़ दी। आरोपी ने बात भी करनी बंद कर दी। पीड़ित महिला अधिकारी ने कहा कि थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाने के बाद वरीय अधिकारी को भी पत्राचार किया है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। मैं मानसिक रूप में काफी परेशान हूं। मेरे साथ छल हुआ है। मुझे न्याय चाहिए।

### स्वजातीय होने के कारण पीड़िता शादी के लिए तैयार हो गई

आरोपी अभिराम मधुबनी के फूल परास के रहने वाली है और पीड़िता सारण की रहने वाली हैं। दोनों की मुलाकात पटना में 2021 में हुई थी। तब दोनों बीपीएससी की तैयारी में लगे थे। कोचिंग में दोनों की नजदीकियां बढ़ी। साल 2023 में दोनों ने बीपीएससी की परीक्षा पास की। इस बीच अभिराम ने पीड़िता को शादी का ऑफर दिया। अभिराम ने अपनी फैमिली से पीड़िता की बात करानी शुरू कर दी। अभिराम के परिवार ने भी पीड़िता को शादी के लिए फोर्स किया। तब पीड़िता ने कहा था कि मैं सोच कर बताऊंगी। दोनों स्वजातीय हैं, इसलिए पीड़िता शादी के लिए तैयारी हो गई।

### पटना बुलाकर बनाता था शारीरिक संबंध

आरोपी अभिराम ने पीड़िता को कहा था जब हमारी शादी होनी ही है तो आओ पटना में मिलते हैं। पीड़िता 26 जुलाई 2023 को पटना आई थी। उस दिन एक होटल में शारीरिक बने थे। कुछ दिन के बाद अभिराज ने फिर से पीड़िता को पटना बुलाया और शारीरिक शोषण किया।

पटना के अलावा आरोपी ने पीड़िता को छपरा समेत अन्य जगहों पर भी मिलने के लिए बुलाया था। 28 अक्टूबर 2023 को अभिराम का वरीय उप समाहर्ता के पद पर चयन हो गया। जिसके बाद अभिराम ने 26 और 27 नवंबर 2023 को पीड़िता को पटना में बुलाया और फिर से उसका फायदा उठाया। 18 दिसंबर 2023 को आरोपी की बहन ने शादी के बारे में बातचीत के लिए पीड़िता को पटना बुलाया। पीड़िता पटना गई तो 1 करोड़ रुपए दहेज की डिमांड की। इसके बाद पीड़िता ने शादी से इनकार कर दिया। फरवरी 2024 में अभिराम का समस्तीपुर में पदस्थापन हुआ। पीड़िता ने शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया तो वो बात करना बंद कर दिया।

### सीवान पुलिस कलेक्ट्रेट में छापेमारी की थी

एफआईआर दर्ज होने के बाद सीवान महिला थाने की पुलिस समस्तीपुर कलेक्ट्रेट में छापेमारी कर चुकी है, लेकिन आरोपी फरार था। आरोपी के लगातार फरार होने की स्थिति में समस्तीपुर डीएम रौशन कुशवाहा ने कार्रवाई शुरू की है। दूसरी ओर पीड़िता ने भी अपर मुख्य सचिव को लेटर लिखकर न्याय की मांग की है।

एसपी अशोक मिश्रा ने कहा कि सीवान पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए पहुंची थी, लेकिन आरोपी नहीं मिला। इस मामले में सीवान महिला थाने की पुलिस अनुसंधान कर रही है। समस्तीपुर पुलिस को लिखित रूप से कार्रवाई को लेकर कोई आदेश नहीं मिला है। सीवान पुलिस सहयोग मांगेगी तो पूरा सहयोग दिया जाएगा। डीएम रोशन कुशवाहा ने कहा कि ट्रेनी सीनियर डिप्ट्?टी कलेक्टर अभिराम कुमार के लगातार बिना सूचना फरार रहने के कारण सरकार को लेटर भेजा है। सरकार की ओर से कार्रवाई की अभी जानकारी नहीं मिली है। सरकार के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भोजपुर में प्लंबर मिस्त्री और महिला की मौत, ट्रेन की चपेट में आने से हुआ हादसा

### महिला की दिमागी हालत ठीक नहीं थी

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर के अलग-अलग इलाकों में ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला और प्लंबर मिस्त्री की मौत हो गई। पहली घटना गोविंदडीह रेलवे क्रॉसिंग के पास की है। ट्रेन से कटकर एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान पीरो थाना क्षेत्र के गोविंदडीह निवासी कंगलु राम की पत्नी सुशीला देवी(70) के तौर पर हुई है। मृतका के बेटे सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मां की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। बिना किसी बताए अक्सर घर से बाहर चली जाती थी। स्थानीय लोगों से मौत की खबर मिली। रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय हादसा हुआ है।

**आरा में ट्रेन से गिरकर पलंबर मिस्त्री की मौत :** दूसरी घटना दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड की है। आरा स्टेशन के चालीस पुलवा के पास ट्रेन से गिरकर पलंबर मिस्त्री की मौत हो गई। मृतक विक्रम यादव(45) नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो वार्ड नंबर-45 का रहने वाला था। मृतक के बेटे सोनू कुमार ने बताया कि पिताजी बहन देखा कुमारी के साथ मामा के घर बिहटा गांव सामान लाने जा रहे थे। इस दौरान ट्रेन से नीचे गिरने से उनकी मौत हो गई। बहन ने फोन करके हादसे की जानकारी दी। रेल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मामले की छानबीन की जा रही है।

### कहा– पूर्णिया में अहंकारी और कॉर्पोरेट घरानों के लिए जगह नहीं, उदय सिंह ने किया पलटवार


## पप्पू यादव ने जनसुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बताया बहरूपिया





**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह पर निशाना साधा है। बिना नाम लिए ब्लैकमेलर, अहंकारी और बहरूपिया तक कह डाला। वहीं, सांसद के बयान पर उदय सिंह ने पलटवार करते हुए कड़े शब्दों में चेतावनी दी है। शनिवार को 20 सूत्रीय समिति की बैठक खत्म होने के बाद जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष से जुड़े सवाल पर पप्पू यादव ने कहा कि पूर्णिया में उनका किसी से कोई मुकाबला नहीं है। जनता बेईमान लोगों को खत्म कर देगी। यहां कोई वैकेंसी नहीं है। ब्लैकमनी, ब्लैकमेलर, अहंकारी और कॉर्पोरेट घरानों के लिए जगह नहीं है। यहां वही लोग सक्सेस होंगे, जिसका आधार जगदेव बाबू, कर्पूरी ठाकुर, जेपी और लोहिया जैसे लोग हैं। जिन्होंने सामाजिक संघर्ष और गरीबों के हालात को देखा है। जो ब्लैकमनी से दुनिया बदलना चाहते हैं। ऐसे बहुरूपियों के लिए यहां कुछ नहीं है। वहीं, पप्पू यादव के बयान पर उदय सिंह ने अल्टीमेटम देते हुए कहा, आज दिन भर में तीन लोगों के मुंह से उन्हें अपने बारे में ये बातें सुनने को मिली। पूर्णिया के सांसद ने कुछ दिन पहले ही मुझे मैसेज करके कहा था कि अब अनर्गल बयान से परहेज करेंगे। इस पर मैंने कहा था कि अगर वो बयानबाजी नहीं करेंगे तो मैं भी नहीं बोलूंगा। उस मैसेज को मैं सार्वजनिक नहीं करना चाहता। मैसेज को याद कर इतना ही कहूंगा कि युद्ध विराम का उल्लंघन कर रहे हैं तो सोच लीजिए। इसके बाद भी अनर्गल बयान दिया तो मैं उन्हें इसी भाषा में आगे जवाब दूंगा। इस बात को अच्छे से जान लीजिए।

बता दें, इससे पहले पप्पू यादव ने पटना में बीपीएससी अभ्यर्थियों के प्रोटेस्ट के दौरान जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर को भी बहरूपिया बताया था। इस पर पलटवार करते हुए पीके ने पूर्णिया में पप्पू यादव को बरसाती मेंढक तक कह डाला था।




## गर्मी से राहत के लिए दही-चावल खा रहे चिम्पांजी: बर्फ की सिल्ली से खेल रहे भालू

**पटना, एजेंसी।** बिहार में भीषण गर्मी को देखते हुए पटना जू में जानवरों और पक्षियों के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। जू प्रशासन की ओर से जानवरों को हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बाघ और शेर की गुफाओं में ठंडी हवा के लिए कूलर लगाया गया है। वहीं, गर्मी से राहत के लिए भालू बर्फ की सिल्ली से खेल रहे हैं। इसके साथ ही चिम्पांजी के केज में एसी लगाया गया है। जलीय पक्षियों और चीतल, हिरन, सांभर जैसे जानवरों के बाड़े में फॉगर लगाया गया है।

**दही–चावल के साथ डाभ पानी पी रहा चिम्पांजी :** जू प्रशासन के अनुसार मांसाहारी और शाकाहारी जानवरों के लिए अलग अलग इंतजाम किए गए हैं। गर्मी बढ़ते ही बाघ का भोजन कम हो गया है। 11 किलो के स्थान पर अब यह 9 किलो मीट खा रहा है। चिम्पांजी दही–चावल के साथ डाभ पीने लगा है। उसे अंगूर, सेब, केला और अनार सहित अन्य मौसमी फल दिए जा रहे हैं, ताकि बॉडी में पानी की कमी न हो। वहीं, हाथी को ईख के स्थान पर केले का थम मिलने लगा है। भालू खीर खा रहा है और झड़ने में नहा रहा है।

**पक्षियों के बाड़े में लगे फ़ॉगर और वॉटर स्प्रिंकलर :** पक्षियों के बाड़े में तपिश कम करने के लिए वॉटर स्प्रिंकलर के इंतजाम किए गए हैं। पक्षियों के बाड़े में पानी का छिड़काव लगातार किया जा रहा है। कर्मचारियों के द्वारा जानवरों की 24 घंटे निगरानी की जा रही है। डॉक्टर भी रूटीन चेक-अप से मॉनिटरिंग करते रहते हैं। इसके साथ ही जलीय पक्षियों के बाड़े में फ़ॉगर लगाया गया है। पक्षियों को पीने के लिए दिए जाने वाले पानी को दिन में दो बार बदला जा रहा है। वहीं, बर्ड फ्लू को देखते हुए हर सोमवार पक्षियों के बाड़े में हल्दी ट्रीटमेंट किया जाता है, ताकि बीमारी न फैले। जानवरों को धूप से बचाने के लिए शेड की भी व्यवस्था की गई है। लू और गर्म हवा से बचने के लिए बाड़े को पुआल से ढंका गया है। इसके साथ ही जानवरों को पानी में ग्लूकोज और मल्टीविटामिन की गोली मिलाकर दी जा रही है, ताकि उनकी ऊर्जा कायम रहे और लू से बचाया जा सके। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की गाइड लाइन के अनुसार वन्य प्राणियों के कैलेंडर बना है।



## बिहार में 15 जून तक आएगा मानसून, सामान्य से ज्यादा होगी बारिश; मौसम विभाग ने बताया

**पटना, एजेंसी।** मानसून ने तय समय से आठ दिन पहले शनिवार को केरल में दस्तक दे दी। राज्य के कई हिस्सों में झमाझम बारिश हो रही है। इस वर्ष मानसून का आगमन पिछले 16 वर्षों में सबसे जल्दी हुआ है। लेकिन, बिहार में मानसून के अपने निर्धारित समय पर पहुंचने की संभावना है। पटना मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मानसून प्रवेश करने की संभावित तिथि 13 से 15 जून के बीच है। जबकि पिछले वर्ष बिहार में पांच दिनों की देरी से 20 जून को मानसून प्रवेश किया था। जिस कारण सामान्य से 20 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस वर्ष मानसून सीजन के दौरान राज्य में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने की उम्मीद है।

**16 वर्षों बाद देश में इतनी जल्दी आगमन :** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इससे पहले 2009 में केरल में मानसून का आगमन 23 मई को हुआ था। उन्होंने बताया कि इसके जल्द तमिलनाडु और कर्नाटक के कई इलाकों में पहुंचने की संभावना है। मानसून एक हफ्ते में देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों, जबकि चार जून तक मध्य और पूर्वी भारत को कवर कर सकता है। आईएमडी ने मानसून में सामान्य से अधिक वर्षा का अनुमान जताया था, जिससे अल नीनो की स्थिति की संभावना खारिज हो गई थी। अल नीनो सामान्य से कम वर्षा से जुड़ा है।

**इन वजहों से जल्द दी दस्तक :** मानसून के जल्द आने की प्रमुख वजह अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में नमी है। इससे समुद्र का तापमान ज्यादा रहा, जिससे मानसूनी हवाएं तेजी से सक्रिय हुईं

**पांच दिन की देरी से आया था मानसून :** पिछले वर्ष बिहार में पांच दिनों की देरी से 20 जून को मानसून ने प्रवेश किया था। 2023 में मानसून समय से एक दिन पहले 12 जून को ही प्रवेश कर गया था। इसके बाद भी सामान्य से 23 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। जबकि 2020 से 2022 के बीच बिहार में मानसून 13 जून को प्रवेश किया था। बिहार में मानसून सीजन के दौरान सामान्य बारिश 992 मिलीमीटर है। 2021 के बाद से सामान्य से अधिक बारिश नहीं हुई है।

## बिरजू हत्याकांड के मुख्य आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

### भोजपुर में घर के बाहर गोलियों से भून दिया था, सुधीर यादव पर गोली मारने आरोप

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर पुलिस की दबिश के चलते बिरजू हत्याकांड के मुख्य आरोपी सुधीर यादव ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। सुधीर पर ही होली मारने का आरोप है। रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ करेगी। इससे पहले इस मामले में 3 आरोपी अमित यादव, मनोज यादव और प्रमोद यादव को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा था। शूटर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। रविवार 18 मई को घर के पास अपराधियों ने बिरजू को गोलियां से भून दिया था। मृतक के पिता सुदामा राम ने 6 लोगों के खिलाफ नामजद स्नढ्ढक्रदर्ज कराई थी। घटना टाउन थाना क्षेत्र के अंबेडकर कॉलोनी की है।

### मृतक के बड़े भाई को मारने आए थे बदमाश

जानकारी के मुताबिक, मृतक के बड़े भाई अपराधी है और मर्डर केस में जेल जा चुका है। मृतक के पिता सुदामा प्रसाद ने बताया, मेरा बड़ा बेटा वीर इलाके में हो रहे देसी और विदेशी शराब की तस्करी का विरोध करता है। इसकी वजह से पांच महीने पहले बदमाशों ने वीर को जान से मारने की धमकी भी दी थी। बदमाश बड़े बेटे को मारने आए थे, लेकिन छोटे को गोली मारी दी। सुदामा राम ने बताया कि 2022 में मोती टोला निवासी सुशील यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में उनके बड़े बेटे वीरा कुमार को आरोपी बनाया गया था। उसी विवाद में बिरजू की हत्या हुई है। मोती टोला निवासी सुधीर यादव, अमित यादव, मनोज यादव, प्रमोद यादव, सोनू यादव और जिलेन्ध्र यादव ने साजिश रचकर उसे मार डाला।

## जेवर व्यापारी को घेरा, सोने-चांदी और कैश लूटे:सीवान में बंदूक की नोक पर की लूटपाट

### विरोध करने पर की फायरिंग



**सीवान, एजेंसी।** सीवान में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब वे खुलेआम व्यापारियों को निशाना बना रहे हैं। शनिवार देर रात महाराजगंज थाना क्षेत्र में बदमाशों ने प्रकाश ज्वेलरी शॉप के मालिक को घेरकर बड़ी लूटपाट को अंजाम दिया। बदमाशों ने तीन किलो चांदी, दो सौ ग्राम सोना और दो लाख रुपये नकद लूट लिया। विरोध करने पर अपराधियों ने व्यापारी पर फायरिंग भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई है।

### रतनपुरा स्कूल के पास हुई लूटपाट

घटना उस वक्त हुई, जब प्रकाश कुमार अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। जैसे ही वे रतनपुरा स्कूल के पास पहुंचे, पीछे से एक बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। हथियार के बल पर उनकी बाइक गिरा दी और डिक्की में रखे गहने और नकदी लूट ली। प्रकाश ने जब मोबाइल से वीडियो बनाने की कोशिश की तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली उन्हें नहीं लगी।

### व्यापारियों में आक्रोश, पुलिस पर सवाल

घटना के बाद से स्थानीय व्यापारी बेहद आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि क्षेत्र में आए दिन आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। कुछ दिन पहले ही पैक्स अध्यक्ष अमरेश गौतम से चेन-अंगूठी और सीएसपी संचालक विक्की राम से नकद की लूट हो चुकी है। व्यापारियों ने पुलिस पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### एसडीपीओ ने कहा- जल्द होगी गिरफ्तारी

घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ राकेश रंजन पीएचसी महाराजगंज पहुंचे और पीड़ित से बयान लिया। उन्होंने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### कानून व्यवस्था पर उठे सवाल

लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं ने जिले की कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। आम लोगों का भरोसा कमजोर हुआ है और व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ओरमांझी का बटरफ्लाई पार्क में नए मेहमानों के सुनहले पंखों से आसमान रंगीन

रांची, एजेंसी। इन दिनों ओरमांझी का बटरफलाई पार्क तितलियों से गुलजार है। अपने कुनबे को बढ़ाने में जुटीं ये तितलियां नए सदस्यों के स्वागत के लिए उत्साहित हैं, आह्लादित हैं। पत्तों पर पनप रहीं इन जिंदगियों में से कुछ आकार ले चुकी हैं और कुछ आनेवाले दिनों में अस्तित्व में आएंगी। चार चरणों (अंडा, लार्वा, प्यूपा और वयस्क) से गुजरने वाले इस जीवन चक्र में जरूरी नहीं कि सभी आकार पा जाएं। किसी भी चक्र में जीवन के खो जाने का खतरा है। पर इन सब आशंकाओं के बीच कुछ जिंदगियां पनपेंगी। कुछ रंग-बिरंगे पंख खुलेंगे और आसमान को रंगीन बना देंगे। मशहूर कवि, गीतकार और संवाद लेखक निदा फाजली ने तभी तो कहा है, यही है जिंदगी... कुछ ख्वाब, चंद उम्मीदें।

### रांची में अड्डाबाजी करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई, हेल्पलाइन नंबर जारी

रांची, एजेंसी। राजधानी रांची में विभिन्न जगहों पर अड्डेबाजी करने वालों की अब खैर नहीं है। रांची पुलिस अड्डेबाजी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। आम जनता से अपील की गयी है कि कहीं भी अड्डाबाजी करते हुए कोई नजर आये तो तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर 8987790664 भी जारी किया गया है। अड्डेबाजी की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचेगी और विधि सम्मत कार्रवाई करेगी। पुलिस द्वारा बताया गया कि अक्सर अड्डेबाजी करने वाले लोग नशा करते हैं और आपराधिक घटनाओं की योजना भी बनाते हैं। ऐसे में अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए अड्डेबाजी पर लगाम लगाना काफी जरूरी है। हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से अड्डेबाजी की सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

### रांची पहुंचे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, एयरपोर्ट पर हुआ स्वागत

रांची, एजेंसी। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला रांची पहुंच गये हैं। झारखंड विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो और रक्षा राज्यमंत्री सह सांसद संजय सेठ ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से निकलकर वे सीधे बिरसा चौक पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष राजभवन चले गये।बता दें कि ओम बिरला आज रांची और जमशेदपुर में आयोजित कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। इस दौरान वे रांची में विभिन्न समूहों द्वारा आयोजित नागरिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही जमशेदपुर में ओम बिरला सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में शिरकत करेंगे। वे विभिन्न समारोहों में शामिल होने के बाद राजभवन में ही रात्रि विश्राम करेंगे। लोकसभा स्पीकर जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के फैसी (Fas4) सभागार में दोपहर 12:15 बजे से दोपहर 2 बजे तक सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होंगे। वे दोपहर 3:15 बजे के करीब जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से रांची वापस लौटेंगे। यहां ओम बिरला डंगराटोली के स्वर्णभूमि सभागार में शाम 5:45 बजे से 7:40 बजे तक विभिन्न समूहों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शिरकत करेंगे।

### 31प्रतिशत ही हुए पास, चौकीदार पद के लिए 366 अभ्यर्थियों ने लगाई दौड़...

रांची, एजेंसी। चौकीदार के पद पर नियुक्ति के लिए शुक्रवार को खेलगांव स्थित स्टेडियम में शारीरिक जांच परीक्षा हुई। 26 मई तक चलने वाली इस परीक्षा में पहले दिन 366 अभ्यर्थी शामिल हुए। 18 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। 366 अभ्यर्थियों को बारी-बारी से जांच करने के बाद उनका डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया। इसके बाद सभी दौड़ में शामिल किए गए।अभ्यर्थियों को 6 मिनट में 1600 मीटर की दौड़ पूरी करनी थी। हालांकि दौड़ परीक्षा में मात्र 113 अभ्यर्थी ही पास हुए। परीक्षा में 69 प्रतिशत अभ्यर्थी फेल हो गए। मालूम हो कि 3 दिनों तक चौकीदार पद के लिए चलने वाली इस शारीरिक परीक्षा में कुल 933 अभ्यर्थी खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में दौड़ लगाएंगे।

# 13 साल बाद भी अधूरा है आमदा के 500 बेड वाले अस्पताल का निर्माण कार्य



खरसावां, एजेंसी। खरसावां जिले के आमदा में 500 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य आज 13 साल बाद भी अधूरा पड़ा हुआ है। 13 सालों में अब तक केवल भवन का स्ट्रक्चर ही खड़ा हुआ है। अस्पताल का निर्माण डूंगरीनूमा टीला में किया जा रहा है। इस कारण भी अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू करने में देरी हुई। तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने 12 नवंबर 2011 में 500 बेड के अस्पताल का शिलान्यास किया था।

जानकारी के अनुसार, 25 फरवरी 2011 में मंत्री परिषद की बैठक में खरसावां के आमदा में 500 बेड वाले अस्पताल के निर्माण के लिए कुल 153।96 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली थी। इसके लिए नयी दिल्ली की एनबीसीसी लिमिटेड के साथ इकरारनामा किया गया। स्वीकृत राशि में से अधिकांश राशि की निकासी कर ली गयी है। एकरारनामा के अनुसार अस्पताल का निर्माण कार्य 26 फरवरी 2014 तक पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन अब भी अधूरा पड़ा हुआ है।

अस्पताल भवन का निर्माण कार्य विगत दो सालों से भी अधिक समय से बंद पड़ा हुआ है। इसी बीच झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा निर्माण कार्य को पूरा करने के साथ-साथ अन्य आधारभूत संरचनाओं के निर्माण के लिए 353।04 करोड़ रुपये का प्राक्कलन तैयार कर सरकार के पास भेजा गया है। यह मूल स्वीकृत प्राक्कलन राशि 153।96 करोड़ से काफी अधिक है। सरकार के स्तर पर पुनरीक्षित प्राक्कलन की समीक्षा की जा रही है।

इस 500 बेड के अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा कराने के प्रति स्थानीय विधायक दशरथ गागराई भी काफी मुखर रहे है। उन्होंने विगत एक दशक से लगातार इस मामले को विस में उठाया है। विगत बजट सत्र में भी विधायक ने इस मामले को विस उठाते हुए सरकार से जल्द से जल्द अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का आग्रह किया था। इस पर सरकार की ओर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सदन में ही योजना स्थल का निरीक्षण करते हुए दो माह के भीतर इस पर आवश्यक निर्णय लेने का आश्वसन दिया था।

भविष्य में इस अस्पताल को मेडिकल कॉलेज में उत्क्रमित करने की योजना थी। लेकिन, यह योजना पूरी नहीं हो पायी है। खरसावां के आमदा में निर्माणाधीन अस्पताल का कैंपस करीब 25 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। निर्माणाधीन हॉस्पिटल भवन में क्लीनीकल ब्लॉक व ओपीडी 8-8 फ्लोर का है। वार्ड बिल्डिंग में 11 फ्लोर बनाया जा रहा है। 1।25 लाख वर्गफीट में पूरा बिल्डिंग बनाया जा रहा है। अब तो पिछले दो वर्षों से निर्माण कार्य ठप रहने के कारण भवन के सामाग्री भी खराब होने लगे है।

## जेल से निकल कर चोरी की बाइक बेचने में लगा दोबारा, तब तक पहुंच गई पुलिस!



रांची, एजेंसी। डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को मिली गुप्त सूचना के आधार छह बाइक चोर रांची के रातू इलाके से गिरफ्तार किए गए है। गिरफ्तार चोरों के पास से चोरी की कई बाइक भी बरामद किए गए हैं। डीआईजी सह रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जियाउल अंसारी नाम का अपराधी रांची जेल से छूटने के बाद से एक बार फिर से मोटर साइकिल चोरी कर ग्रामीण क्षेत्रों में बेच रहा है। साथ ही वो पुलिस के डर से घर से भागा फिर रहा है।

मिली सूचना के आधार एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा सर्व प्रथम जियाउल अंसारी के घर पर छापामारी करते हुए घर की तलाशी ली गई। तलाशी क्रम में एक चोरी की बाइक पुलिस को मिली। जिसके बाद जियाउल अंसारी को गिरफ्तार किया गया। जियाउल अंसारी की निशानदेही पर सजीबुल अंसारी के घर की विधिवत तलाशी लेने पर उसके घर से बिना कागजात के तीन मोटर साइकिल बरामद किया गया।

जियाउल अंसारी से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने अन्य साथियो के नाम भी बताए, जिसके बाद अन्य पांच को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सजीबुल अंसारी और इमरान अंसारी की निशानदेही पर कलीम अंसारी के घर से एक मोडिफाई किया हुआ दो बाइक मिली। वहीं गिरफ्तार इमरान अंसारी की निशानदेही पर मोबीन अंसारी उर्फ गुड्डू और समीन अंसारी के घर से एक-एक मोडिफाई किया हुआ मोटर साइकिल बरामद हुआ है।

**सीमेंट लदे ट्रक की पशु लदे ट्रक से टक्कर:**

## गिरिडीह के मोहालीडीह में हादसा, चालकों की मौत, दर्जनों पशुओं की मौत



गिरिडीह, एजेंसी। गिरिडीह जिले के ताराटांड थाना क्षेत्र के मोहलीडीह के समीप आज सुबह दो ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस भीषण टक्कर में दोनों वाहन के चालकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिन दो वाहनों के बीच टक्कर हुई ही उनमें से एक वाहन में मवेशी लोड था। वहीं दूसरे वाहन में सीमेंट भरा हुआ था।

दोनों वाहनों के बीच की टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहनो के परखच्चे उड़ गए। इस घटना के बाद इलाके में अफरा - तफरी माहौल हो गया। देखते ही देखे काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ गई। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद ताराटांड़ थाना पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि अहले सुबह एक वाहन धनबाद से गिरिडीह की ओर जा रहा था। वहीं दूसरा वाहन गिरिडीह से धनबाद की ओर जा रहा था। इसी ट्रक में सीमेंट लदा था। अचानक तेज रफ्तार ट्रकों में भीषण टक्कर हो गई। जिसके बाद दोनों वाहन के चालक की गाड़ी में ही फंस कर दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद पुलिस की टीम जेसीबी और मशीन के सहारे दोनों वाहनों के आगे के हिस्से को काटा। इसके बाद दोनों वाहन के चालकों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इस दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक मवेशियों की भी मौत हो गई है। फिलहाल दोनों मृतक चालकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

**झारखंड 10वीं-12वीं का रिजल्ट अगले हफ्ते आएगा: कॉपियों के मूल्यांकन का काम पूरा**

## शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन कर सकते हैं जारी




रांची, एजेंसी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) मैट्रिक और इंटर कला, विज्ञान और वाणिज्य स्ट्रीम का रिजल्ट अगले हफ्ते घोषित किया जाएगा। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का काम पूरा कर लिया गया है। जैक द्वारा रिजल्ट जारी करने को लेकर आयोजित होने वाले समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विभागीय मंत्री रामदास सोरेन को भी आमंत्रित करने की परंपरा रही है। ऐसे में पूरी संभावना है कि बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम शिक्षा मंत्री ही जारी करेंगे।

**7 लाख 83 हजार स्टूडेंट्स बोर्ड परीक्षा में शामिल :** बताते चलें कि इस साल 12वीं की परीक्षाएं 11 फरवरी से 4 मार्च तक चली थीं। वहीं 10वीं की परीक्षाएं 11 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित की गई थीं।

मैट्रिक और इंटरमीडिएट कला, विज्ञान और वाणिज्य की परीक्षा में कुल परीक्षा में कुल 7 लाख 83 हजार स्टूडेंट शामिल हुए थे। इसमें मैट्रिक में कुल 4 लाख 33 हजार स्टूडेंट थे। जबकि इंटरमीडिएट कला, विज्ञान और वाणिज्य में कुल में कुल 3 लाख 49 हजार स्टूडेंट ने परीक्षा में शामिल हुए थे।

**पहले मैट्रिक परीक्षा का जारी होगा रिजल्ट :** जैक सोर्स के अनुसार मई के अंतिम हफ्ते में कॉपियों की जांच पूरी हो जाने के बाद रिजल्ट जारी होंगे। राज्य में बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम दो चरण में जारी करने का ट्रेंड रहा है। बताया गया है कि 10वीं यानी मैट्रिक परीक्षा के परिणाम मई के अंतिम सप्ताह में जारी किए जाएंगे। मैट्रिक के साथ ही साथ 12वीं साइंस के परिणाम भी जारी कर दिए जाएंगे। इसके बाद 12वीं बोर्ड के इंटर ऑटर्स और कॉमर्स परीक्षा परिणाम जून के पहले सप्ताह में जारी होने की संभावना है। इससे पहले भी इसी दौरान परीक्षा के परिणाम जारी होते रहे हैं।

**2086 केंद्रों में ली गई थी बोर्ड परीक्षाएं :** इंटर की परीक्षा तीन मार्च तक पूरी हो गई थी। बीच में पेपर लीक की वजह से 8 मार्च तक परीक्षा ली गई। इसके लिए पूरे राज्य में 2086 केंद्र बनाए गए थे। मैट्रिक के 4,33,890 परीक्षार्थियों की परीक्षा 1297 केंद्रों पर, जबकि इंटर के 3,50,138 परीक्षार्थियों की परीक्षा 789 केंद्रों पर हुई। पहली पाली में 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक मैट्रिक की परीक्षा हुई। वहीं, दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित की गई।

## झारखंड में हुआ 700 करोड़ का शराब घोटाला, आदिवासी क्षेत्र में शराब को बढ़ावा दे रही हेमंत सरकार: रघुवर दास




जमशेदपुर, एजेंसी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड सरकार की शराब नीति पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि शराब नीति में 700 करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। पूर्व सीएम ने कहा है कि 2022 के अगस्त माह में हेमंत सरकार के 32 विधायक रायपुर में ठहरे थे। उसका बिल किसने दिया, शराब माफिया या हेमंत सरकार स्पष्ट करें।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान झारखंड में नई शराब नीति पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने एक बार फिर माना कि उनके समय बनाई गई नियमावली वर्तमान सरकार द्वारा बनाये गये नियमों की तुलना में ज्यादा राज्यहित और जनहित में थे। उन्होंने कहा कि इसमें राज्य सरकार ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि उनकी सरकार द्वारा 2018 में बनाई गई नीति ही सर्वश्रेष्ठ रही है।

पूर्व सीएम ने कहा सरकार ने स्पष्ट माना है कि 2018 की उस नियमावली के लागू होने के बाद राज्य सरकार को शराब से राजस्व में दोगुनी वृद्धि हो गयी थी। पूर्व सीएम ने कहा कि 2018-19 के 1082 करोड़ रुपए के राजस्व की तुलना में 2019-20 में राजस्व दोगुना होकर 2009 करोड़ रुपये हो गया था। लेकिन वर्तमान में राज्य सरकार की शराब नीति राज्य हित में नहीं है। पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि हाल के दिनों मे मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सह उत्पाद विभाग में रहे अधिकारी शराब घोटाले में होटवार जेल में हैं। उन्होंने कहा कि मामला सौ करोड़ का नहीं, सात सौ करोड़ रुपए के घोटाले का है।

पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि नई शराब नीति में जनजातीय इलाकों में शराब दुकान खोलने और रात 11 बजे तक बिक्री की बात कही है। जिसका जनजातीय समुदाय और कई सामजिक संगठन विरोध कर रहे हैं, जो सही है। उन्होंने कहा कि जब सरकार कैबिनेट की बैठक में ग्रामीण इलाके में ज्यादा शराब की दुकान खोलने की नीति पास कर चुकी है। ऐसे में झष्ट की बैठक करने की क्या जरूरत है। पूर्व सीएम ने कहा कि झारखंड के सर्वमान्य गुरूजी शिबू सोरेन साहूकार और शराब विरोधी थे। लेकिन उनके सुपुत्र हेमंत सोरेन की सरकार जनजातीय इलाके में अब शराब को बढ़ावा दे रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगस्त 2022 में जो विधायक छत्तीसगढ़ में ठहरे थे, उस समय होटल का भुगतान किसने किया है। पूर्व सीएम ने कहा कि उसी साल छत्तीसगढ़ के शराब माफिया की नीति झारखंड में लागू हुई थी। उन्होंने कहा कि अभी पांच दिन पूर्व वहां की सरकार इस मामले की जांच सीबीआई से करवा रही है। उन्होंने मीडिया के माध्यम से ष्टद्ध से अपील की है कि होटल के बिल की भी जांच हो कि भुगतान किसने किया था।

## 26 या 27 मई कब रखा जाएगा वट सावित्री का व्रत




धनबाद, एजेंसी। पति की लंबी उम्र के साथ परिवार की सुख समृद्धि व मंगल कामना के लिए सोमवार को महिलाएं उपवास रखकर वट सावित्री व्रत करेंगी। पूजा को लेकर महिलाओं में उत्साह है। खासकर नवविवाहिताओं में इस व्रत को लेकर ज्यादा उत्साह देखा जा रहा है। वे इसकी तैयारी में कई दिन पूर्व से ही लग चुकी हैं।

बाजार में पूजा की खरीदारी होने लगी है। वहीं शहर के मंदिरों में पूजा को लेकर विशेष व्यवस्था की जा रही है। गोल्फ ग्राउंड स्थित खड़ेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी राकेश पांडेय ने बताया कि वट सावित्री की पूजा को लेकर मंदिर में विशेष तैयारी की गई है।

इस पर्व में सुहागिनें अपने पति के दीर्घायु व संतान की कामना को लेकर भगवान से आराधना करेगी। वट वृक्ष के नीचे बैठक कर सुहागिन महिलाएं सत्यवान और सावित्री की कथा का श्रवण करेंगी।वट सावित्री व्रत की पूजा धूमधाम से मनाने के लिए महिलाएं पूजा सामग्री के अलावा 16 श्रृंगार करने के लिए बाजार में खरीदारी कर रही हैं। शहर के हीरापुर बाजार, पुराना बाजार सहित अन्य जगहों पर महिलाएं खरीदारी करने के लिए आ रही है।

इसके अलावा कई महिलाएं अपनी सुंदरता में चार चांद लगाने के लिए ब्यूटी पार्लर जाने और हाथों में मेहंदी लगाने में जुटी हुई है। रोहरगोडा के विक्रेता चंदन साव ने बताया कि वट सावित्री के लिए दान करने के आइटम की रेंज महज 30 रुपए से शुरू है। दान के लिए अभी से महिलाएं दान पैकेट खरीद रही हैं।

गोल्फ ग्राउंड स्थित खड़ेश्वरी मंदिर में वट सावित्री पूजा को लेकर विशेष तैयारी की गई है। सुहागिन महिलाओं के पूजा करने के लिए सुबह के छह बजे मंदिर का पट खोल दिया जाएगा। दिन भर पूजन कार्यक्रम के बाद संध्या में मंदिर में सभी देवी देवताओं की आरती होगी। इसके बाद सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## देवघर के पुनासी डैम में बड़ा हादसा, निर्माणाधीन स्पीलवे गटर की ढलाई के दौरान सैंटरिंग गिरा



देवघर, एजेंसी। देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र स्थित पुनासी जलाशय में शनिवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। निर्माणाधीन स्पीलवे के गटर की ढलाई के दौरान स्लैब सैंटरिंग सहित अचानक ढह गया। इस हादसे में पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये, जबकि दो जूनियर इंजीनियरों को हल्की चोटें आयीं। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कार्यस्थल पर चीख-पुकार मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब स्पीलवे गटर की ढलाई का कार्य किया जा रहा था। निर्माणाधीन स्लैब की सैंटरिंग अचानक ढह गई और उसके मलबे में पांच मजदूर दब गए। घायल मजदूरों की पहचान बालमुकुंद यादव (पड़रिया), मोहन यादव (दिघरिया), फूलमणि हेंब्रम, रचयिता हेंब्रम और महारानी हेंब्रम (संताल बदिया) के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही मजदूरों को आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि सभी मजदूरों के हाथ-पैर में गंभीर चोटें हैं और फ्रैक्चर की भी आशंका है। एक्स-रे और सिटी स्कैन के आधार पर इलाज किया जा रहा है। वहीं, मामूली रूप से घायल जेई मनोज हेंब्रम और संजय श्रीवास्तव को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

हादसे की खबर मिलते ही स्थानीय विधायक सुरेश पासवान सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल लिया और मौके पर सिविल सर्जन डॉ. जेके चौधरी से फोन पर बात कर बेहतर इलाज का निर्देश दिया। साथ ही घटनास्थल पर तत्काल एम्बुलेंस भेजवाया। विधायक ने कहा कि हादसे की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी और घायलों को हरसंभव सरकारी सहायता दिलाई जाएगी।

घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों और मजदूरों ने निर्माण कार्य में लापरवाही और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया। उनका कहना है कि पहले हाफ लैंथ में ढलाई होती थी, लेकिन अभियंताओं के दबाव में फुल लैंथ में सैंटरिंग कर ढलाई करायी जा रही थी, जिससे स्लैब का भार नहीं झेल पाया और गिर गया।

## पटमदा में जमीन का दखल दिलाने पहुंची टीम पर हमला, जमकर हुआ बवाल, 3 घंटे बंधक बनी रही पुलिस



पटमदा, एजेंसी। पटमदा थाना क्षेत्र के लच्छीपुर पंचायत अंतर्गत बांतोड़िया गांव में शनिवार को जमीन विवाद को लेकर जमकर बवाल हुआ। यह विवाद तब शुरू हुआ जब दोपहर लगभग 12 बजे जमशेदपुर सिविल कोर्ट के आदेश पर विश्वनाथ माझी पक्ष को 31.15 एकड़ जमीन का दखल दिलाने के लिए कोर्ट की टीम गांव पहुंची। करीब डेढ़ बजे के बाद कोर्ट के कर्मचारियों और ग्रामीणों के दूसरे पक्ष के बीच बहस और झड़प शुरू हो गई। बांतोड़िया के सबर टोला में ग्राम प्रधान विभूति माझी समेत 24 परिवारों ने कोर्ट का आदेश मानने से इनकार कर दिया। उनका दावा था कि उन्हें पहले ही, वर्ष 2022 में, इसी जमीन पर कोर्ट से डिग्री मिल चुकी है। ऐसे में दूसरी बार आदेश कैसे आ सकता है? कोर्ट के कर्मचारियों और ग्रामीणों के बीच तीखी बहस के बीच भीड़ उग्र हो गई। कुछ ग्रामीण हाथों में पत्थर और मिट्टी के ढेले लेकर पहुंच गए। जवाब में कोर्ट कर्मचारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठियों और हाथों से प्रहार किया। इस दौरान दोनों ओर से कई लोग घायल हुए। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि यदि पटमदा, बोड़ाम व कमलपुर थाने की पुलिस समय पर बीच-बचाव नहीं करती, तो हालात और बिगड़ सकते थे। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद करीब ढाई बजे मामला शांत हुआ।

घटना के बाद दो ग्रामीणों के घायल होने पर भीड़ और अधिक भड़क गई। उग्र ग्रामीणों ने कोर्ट की टीम के साथ-साथ पुलिसकर्मियों को भी बंधक बना लिया। एक महिला समेत चार घायलों को पटमदा के माचा सीएचसी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। लेकिन शाम छह बजे तक पुलिस व कोर्ट की टीम बंधक बनी रही। पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद ही उन्हें छोड़ा गया।घटना के कारण जमीन की मापी स्थगित कर दी गई।

# हैवी ब्लास्टिंग के कंपन से घरों में आयी दरारें

## पूर्व में भी घट चुकी है ऐसी घटना, दहशत में जी रहे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कतरास।** मोदीडीह कोलियरी में संचालित हिलटाप राइजिंग आउटसोर्सिंग पैच के तेतुलमुड़ी छह/दस कॉलोनी के समीप शनिवार की दोपहर हुई हैवी ब्लास्टिंग के कंपन से पांच आवासों के दीवार, छत और प्लास्टर गिरा। जिससे दो आवास का दो टीवी तथा बर्तन, अनाज तथा अन्य घरेलू समान क्षतिग्रस्त हो गया।

बाहर बैठे महिला, पुरुष व बच्चे बाल-बाल बच गए। लोगों का माने तो गनीमत था कि सभी लोग आवास के बाहर थे। अन्यथा बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था।

घटना के बाद आक्रोशित महिला, पुरूष परियोजना पहुंचे, तब तक कर्मी और अधिकारी हट चुके थे। वहीं, सीआईएसएफ जवानों को मौके पर तैनात कर दिया गया था।

- कई घरों की दीवार, छत और प्लास्टर गिरा
- दो दर्जन टीवी, बर्तन सहित घरेलू सामान क्षतिग्रस्त
- लोग हुए उग्र, घट सकती थी बड़ी घटना
- मौके से कर्मी, पदाधिकारी खिसके, जवान किये गये तैनात

क्षतिग्रस्त आवासों में हेमराज भुइयां, प्रमिला देवी, राहुल कुमार, कुंदन कुमार सिंह, विजय भुइयां के आवास शामिल है। पीड़ितों ने बताया कि बगैर सूचना दिए दोपहर करीब ढाई बजे आउटसोर्सिंग पैच में ब्लास्टिंग किया गया। जिसके कंपन से पांच लोगों के आवास क्षतिग्रस्त हो गया, कई के घरेलू समान भी टूट गया। प्रमिला देवी ने बताया कि जैसे ही कंपन शुरू हुआ कि मेरे आवास के छत का प्लास्टर भरभरा कर गिर गया, घटना के समय मेरे बच्चे बाहर खेल रहे थे अन्यथा बड़ी घटना घटने से इनकार नहीं किया जा सकता था।

उसने बताया कि उक्त घटना ने मेरे पड़ोसी राहुल कुमार की टीवी भी क्षतिग्रस्त हो गया है। लोगों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व भी ऐसी घटना घटी थी जिसमें प्रबंधन में कई लोगों को विस्थापन कर दिया, लेकिन हम पांच लोगों के आवास को छोड़ दिया गया है।

जिसमें करीब 32 लोग रह रहे हैं। इधर प्रबंधन का कहना है कि सभी को जगह व सहयोग राशि दे दी गई है। वहां से कुछ लोग हटना नहीं चाह रहे हैं।

# नये रथ पर मौसीबाड़ी जायेंगे महाप्रभु जगन्नाथ

## ओड़िशा के कारीगर कर रहे हैं रथ का निर्माण

## ढाई सौ साल से पुरानी है रथ यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खरसावां।** सरायकेला-खरसावां जिला में महाप्रभु जगन्नाथ के रथ यात्रा की तैयारी जोरों पर चल रही है। 27 जून को प्रभु जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ नये रथ पर सवार हो कर गुंडिचा मंदिर (मौसीबाड़ी) के लिये रवाना होंगे।

इस बार हरिभंजा की रथ यात्रा कई मायनों में खास होगी। हरिभंजा में प्रभु जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र व देवी सुभद्रा के साथ इस बार नये रथ की सवार हो कर गुंडिचा मंदिर (मौसी बाड़ी) पहुंचेंगे।

यहां रथ यात्रा की तैयारी जोरों पर चल रही है। छह पहिये वाले इस रथ में अलग अलग कलाकृतियां भी रेखांकित की जा रही है। महाप्रभु के रथ में इस बार सभी नई लकड़ियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। लकड़ियों को चाईबासा के डिपो से मंगाया गया है। रथ के निर्माण के



पश्चात इसकी रंगाई-पुताई की जायेगी। रथ में विभिन्न विग्रहों की प्रतिमूर्तियां उकेरी जायेगी। अगले सप्ताह के भीतर रथ का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा

हरिभंजा में महाप्रभु जगन्नाथ के रथ का निर्माण ओड़िशा के कारीगरों द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ किया जा रहा है। हरिभंजा में अक्षय तृतीय पर विधिवत पूजा अर्चना कर कारीगरों द्वारा प्रभु जगन्नाथ के रथ का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। रथ को आकर्षक रुप दिया जा रहा है। इसके लिए अलग से पुरी से कपड़ा मंगाया जाएगा।

जमीनदार विद्या विनोद सिंहदेव ने बताया कि हरिभंजा में प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा ढाई सौ साल से भी अधिक पुरानी है। पूरे उत्सव के साथ वार्षिक रथ यात्रा का आयोजन होता है।

इस दौरान सभी रश्मों को निभाया जाता है। उन्होंने बताया कि उनके पूर्वजों ने 17 वीं सदी में प्रभु जगन्नाथ के मंदिर की स्थापना कर पूजा अर्चना शुरू की थी। साल भर यहां चतुर्था मूर्ति प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा व सुदर्शन की पूजा होती है।

इस वर्ष प्रभु जगन्नाथ की स्नान यात्रा 11 जून को आयोजित की जायेगी। इसी दिन 108 कलश पानी प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र, देवी सुभद्रा व सुदर्शन के प्रतिमाओं का महास्नान कराया जायेगा।

इसके ठीक 15 दिनों के बाद प्रभु जगन्नाथ का नेत्रोत्सव सह नव यौवन दर्शन होगा। 27 जून को प्रभु जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ नये रथ पर सवार हो कर गुंडिचा मंदिर (मौसीबाड़ी) के लिये रवाना होंगे। रथ यात्रा के दिन रथ की प्रतिष्ठा की जायेगी। इसके पश्चात प्रभु जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र व देवी सुभद्रा के साथ रथ पर सवार हो कर गुंडिचा मंदिर के लिये प्रस्थान करेंगे।

# खड़ी ट्रक में टकरायी कार, दो लोगों की मौत, तीन जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरियाघाट।** स्टेट हाइवे 74 पर खजुरिया केसरिया मार्ग में हुसैनी (जलवाटोली) गांव के समीप शनिवार रात डेढ़ बजे के करीब एक भीषण सड़क हादसा हो गया।

इसमें नयागांव (केसरिया) से लखनऊ जा रहे तेज रफ्तार कार और सड़क पर खड़े ट्रक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में मौके पर ही कार सवार पांच लोगों में दो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतकों की पहचान पूर्वी चंपारण के नगर थाना मोतिहारी के बलुआ टाल वार्ड नंबर 27 निवासी नीरज कुमार (59) के रूप में की गई, जो दिनेश्वर प्रसाद के पुत्र थे। वहीं, दूसरी मृतक एक महिला ज्ञांति देवी (40) हैं जो केसरिया थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी है। वह मुन्ना प्रसाद की पत्नी थी। वहीं, घायलों में ज्ञांती देवी के पति मुन्ना प्रसाद और उसका दस वर्षीय पुत्र अनमोल कुमार है। वहीं, तीसरा जख्मी चंद्रशेखर कुमार साह है, जो पूर्वी चंपारण जिले के दरपा थाना के बगही गांव का रहने वाला है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ज्ञांति देवी जन प्रगति पार्टी से केसरिया विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी की दावेदार थीं। जबकि नीरज कुमार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बताए जा रहे हैं।

हालांकि, पार्टी स्तर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई है। हादसे के संबंध में बताया जा रहा है कि यह सभी लोग रेनो ट्रिबर कार से मोतिहारी से नयागांव गए थे। वहां से देर रात करीब डेढ़ बजे पार्टी के ही किसी कार्य और मीटिंग को लेकर लखनऊ जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

हादसे को लेकर बताया गया कि नयागांव से करीब तीन किमी दूरी तय करने के बाद उनकी कार जलवाटोली गांव के समीप पहुंची। सड़क के बाएं साइड में पहले से एक ट्रक खराब होकर सड़क पर ही खड़ा था। इसी दौरान पीछे से यह कार उस खड़े ट्रक से टकरा गई।

# महीनों बाद मलेशिया के एंबेसी से सकुशल लौटा परिवार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** मलेशिया में नौ माह से फंसे टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के पलमा गांव निवासी सुखदेव महतो (42 वर्ष) पिता जानकी महतो की सकुशल घर वापसी हो गई है।

इनके घर वापसी पर परिजनों और क्षेत्र के लोगों में खुशी है। सुखदेव महतो ने बताया कि वह मलेशिया में लीड मास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन एसडीएन बीएचडी कंपनी में काम करते थे। जहां वह दो साल पूर्व काम करने गये हुए थे। जहां कंपनी के द्वारा उनको और साथ काम करने वाले 50 लोगों को एंबेसी में रखा गया था।

इनके 49 साथियों को कुछ माह पहले ही घर भेज दिया गया था। सिर्फ सुखदेव महतो के पासपोर्ट में टेक्निकल समस्या बताकर कंपनी ने उन्हें एंबेसी में रखा था।

इसके बाद से सुखदेव महतो महतो

## परिजनों और लोगों में हर्ष, जताया अभार



की पत्नी यशोदा देवी (40 वर्ष), पुत्री नेहा कुमारी (17 वर्ष), लक्ष्मी कुमारी (15 वर्ष), पुत्र धनंजय कुमार (12 वर्ष), बूढे मां-बाप पेमिया देवी (64 वर्ष), जानकी महतो (65 वर्ष), दोस्त हीरामन महतो (45 वर्ष) चिंतित और परेशान थे।

घर की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई थी। उन्होंने बताया कि काम के लिए वह अब विदेश जाना पसंद नहीं करेंगे। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार और शासन-प्रशासन से स्थानीय स्तर पर रोजगार बहाल करने की मांग की है।

रोजी-रोटी के लिए लाखों लोग विदेश और परदेश की ओर रूख अख्तियार करते हैं। इस दौरान कई घटनाएं घटित होती हैं, जो काफी दर्दनाक होता है। ना चाहते हुए भी इंसान को जीविकोपार्जन के लिए घर से बाहर जाना पड़ता है।

सुखदेव महतो ने मलेशिया में 9 माह से फंसे रहने के दरम्यान हुए घटनाओं को बताते हुए भावुक हो गये। कहा कि बच्चों, पत्नी और बूढे मां-बाप की चिंता उन्हें काफी सता रही थी। घर का चूल्हा कैसे जलता होगा यह फिक्र उन्हें सताता रहा।

उसने बताया कि मलेशिया से उड़ान भरने के बाद सबसे पहले ईश्वर का नाम लेते हुए अपने वतन की मिट्टी को चुमा और फिर गांव आकर अपने कुल देवी-देवताओं की पूजा की। उन्होंने बताया कि गांव में आकर और अपने लोगों से मिलकर वह बहुत सुकून महसूस कर रहे हैं।

घर वापसी होने पर सुखदेव महतो और इनके परिजनों ने केंद्र और राज्य सरकार, सांसद मनीष जायसवाल, जेएलकेएम के प्रतिनिधियों, उनकी आवाज को बुलंद करने वाले मीडियाकर्मियों के साथ-साथ इस हितार्थ काम में सहयोग करने वाले सारे लोगों का आभार प्रकट किया है।

# आर्केस्ट्रा के अड्डों से नाबालिग लड़कियां बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** सारण जिले में अक्सर पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में रेस्क्यू करके आर्केस्ट्रा के अड्डों से नाबालिग लड़कियों को बरामद किया जाता है।

इस मामले में पुलिस द्वारा पॉक्सो एवं ह्यूमन ट्रैफिकिंग के तहत मुकदमा भी दर्ज करती है, लेकिन उसके बाद भी आर्केस्ट्रा में लड़कियों को दूसरे राज्यों से आने का सिलसिला नहीं थम रहा है। सारण जिले में सिर्फ मई महीने में तीन एवं 23 मई को क्रमशः 16 एवं 17 नाबालिग लड़कियों को बरामद किया गया है। दोनों मामलों में महिला थाना में पॉक्सो व ह्यूमन ट्रैफिकिंग के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

आर्केस्ट्रा के अड्डों से बरामद लड़कियां पश्चिम बंगाल, दिल्ली उड़ीसा, झारखंड, नेपाल एवं असम की रहने वाली है। इन दोनों मामले में महिला थानाध्यक्ष ने पॉक्सो व ह्यूमन ट्रैफिकिंग के तहत मामला दर्ज किया है इस दौरान कई संचालक मौके से फरार हो गये। आर्केस्ट्रा से बरामद लड़कियों का मेडिकल कराकर इन्हें बाल संरक्षण इकाई सारण के माध्यम से बालिका गृह सिवान में रखा गया है। होम विजिट कराकर परिवार को सूचित कर उन्हें सौंपा जायेगा।

कानून के तहत पॉक्सो एक्ट में बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों के लिए विभिन्न धाराएं लागू होती हैं, जिनमें धारा 3, 4, 5, 6, 7, 8, 10, 13, 14, 15, 21 और 22 प्रमुख हैं।

इन धाराओं के तहत सजा की अवधि और प्रकार अपराध की गंभीरता पर निर्भर करते हैं, जो तीन साल से लेकर आजीवन कारावास तक हो सकती है।

अधिवक्ता रविरंजन प्रसाद सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह व अंकुर कुमार सिन्हा ने बताया कि अपराध के नेचर पर सजा मिलती है। वहीं ह्यूमन ट्रैफिकिंग के तहत, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 143 में मानव तस्करी के लिए कठोर दंड का प्राविधान है।

# प्रेम प्रसंग में बढ़ रही हत्याएं चिंता का विषय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** मोहब्बत , विरोध और फिर मर्डर ।प्यार में इन दिनों खौफनाक साजिशें रची जा रही है। हाल के महीनों में भोजपुर जिले में कई ऐसे घटनाएं सामने आई है, जिसमें इश्क,विरोध एवं फिर मर्डर की बातें सामने आई है। कभी प्रेमी ने तो कभी प्रेमिका ने तो कभी तीसरे ने खूनी वारदातों को अंजाम दिया है।

एक समय था जब प्यार में लैला-मजनू, हीर-रांझा एवं शीरी फरहाद के उदाहरण दिए जाते थे। लेकिन, वर्तमान दौर में अब प्यार कहीं दिखता नहीं है। अधिकांश मामलों में बस दिखावा रह गया है। मानसिक विकार का आलम यह है कि कभी कभी तो रिश्ता तोड़ने से बेहतर बेहद खौफनाक उपाय खोजे जा रहे है।

पुलिस के अनुसंधान में भी इस तरह की बातें सामने आई है। एकतरफा प्यार में तो प्रेमी प्रेमिका की इहलीला समाप्त कर ही रहे है, यहां तक खुद को भी खत्म करने में थोड़ा भी गुरेज नहीं कर रहे है। हालिया घटनाओं पर गौर करें तो प्यार जैसा पवित्र शब्द भी कलंकित हुआ है ।

25 मार्च की देर शाम आरा रेलवे स्टेशन पर एकतरफा प्रेम में प्रेमी ने पहले अपनी प्रेमिका और फिर उसके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर लिया था।

आयुषी उर्फ जिया अपने पिता अनिल कुमार के साथ दिल्ली जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन आई थी।

इस दौरान अमन नामक युवक ने फुट ओवरब्रिज के पास वारदात को अंजाम देकर सभी को चौंका दिया था। पुलिस को घटनास्थल से देसी पिस्टल व कारतूस के अलावा खोखा भी मिला था।

## ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**टुंडी।** थाना अंतर्गत बरवाटांड़ पंचायत के खाखुडीह पुलिया के पास शनिवार के संध्या के समय एक ट्रैक्टर के पलट जाने से ट्रैक्टर का चालक बाबूलाल राय के 20 वर्षीय पुत्र रोहित राय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार को मृतक रोहित राय ट्रैक्टर में ईंट लेकर खाखुडीह गांव गया था ईट उतारने के बाद वापस आ रहा था इसी क्रम में खाखुडीह पुलिया के पास सामने से आ रहे एक बाइक को बचाने के क्रम में ट्रैक्टर पलट गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक रोहित राय इंजन के नीचे दब गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि ट्रैक्टर में तीन लेबर भी थे उन्हें हल्की चोटें लगी है। घटना की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक रोहित का शव दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया है। देर रात हो जाने के कारण लाश को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा जा सका।

## मुखिया और विपक्षी सदस्य भिड़े, दर्जन भर जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरियक।** पावापुरी ओपी थाना क्षेत्र के चोरसुआ गांव में दो गुटों में वर्चस्व को लेकर मारपीट हुई है जिसमें दर्जन भर लोग जख़्मी हुए हैं। सभी घायलों का उपचार विम्स पावापुरी में चल रहा है। दोनों पक्ष से प्राथमिकी कराई गई है जिसमें 11 लोगों को नामजद किया गया है। मुखिया चंदन कुमार एवं विजय कुमार के सहयोगियों ने एक दूसरे पर ईंट, पत्थर, लाठी, डंडे आदि से हमला किया। स्थानीय ओपी पावापुरी द्वारा दोनों पक्षों के घायलों को पावापुरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

विजय कुमार ने बताया कि मुखिया चंदन कुमार के विरुद्ध सरकार के कार्य योजनाओं में धांधली के खिलाफ समाज में आक्रोश था।

मुखिया अपने किए करतूतों को समाज में दबाव बना रहा था। कहता था कि तुम लोग पदाधिकारी को शिकायत करते हो। जिसके बाद प्लानिंग के साथ हमलोगों के साथ रोड़ेबाजी कर मार पीट किया।

वहीं मुखिया पक्ष के लोगों का कहना है कि विजय कुमार के सहयोगी सरकारी कार्य में बाधा डालते हैं और परेशान करते हैं।

# रुक्मिणी -कृष्ण विवाह है अलौकिक प्रेम कथा : किंकर महाराज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** लहलहे में चल रहे सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिन, कथा वाचक मारुति किंकर महाराज ने भगवत प्रेम की अनुपम छंटा बिखेरते हुए रुक्मणी हरण व रास लीला जैसे महत्त्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने रुक्मणी जी के जन्म, उनके स्वभाव, विद्या व भागवत भक्ति पर प्रकाश डाला। कहा कि कैसे रुक्मणी जी ने बचपन से ही श्रीकृष्ण को अपने हृदय में वास दिया था। उन्होंने राजा भीष्मक की पुत्री होते हुए भी राज्य व धन के मोह से परे जाकर कृष्ण को ही अपना परम प्रिय माना। विदर्भ की राजकुमारी रुक्मणी ने जब अपने विवाह के लिए श्रीकृष्ण को पत्र लिखा व उनके प्रेम के लिए समाज व बंधनों से ऊपर उठीं, तो वह केवल एक प्रेमिका नहीं बल्कि भक्ति की आदर्श प्रतीक बन गईं। मारुति किंकर जी महाराज ने अत्यंत

## भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

सरस शैली में वर्णन किया कि कैसे श्रीकृष्ण रथ लेकर रुक्मणी जी का हरण किया। शिशुपाल जैसे अभिमानी राजा को पराजित कर प्रेम व धर्म की विजय सुनिश्चित की। कथा के इस भाग में श्रोताओं ने रोमांच, उल्लास व भक्ति की गहराई को एक साथ अनुभव किया। इसके पश्चात महाराजश्री ने रास लीला का अद्भुत प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि रास लीला केवल एक नृत्य या मनोरंजन नहीं बल्कि आत्मा व परमात्मा के मिलन की दिव्य अवस्था है, जहां गोपियां जीवात्मा की प्रतीक हैं व श्रीकृष्ण हैं उस परमात्मा के जो सबमें रमते हैं। गोपियों का श्रीकृष्ण में विलय, उनकी पूर्ण समर्पण की भावना व निस्वार्थ प्रेम, यह सब रास लीला के माध्यम से प्रकट होता है। उन्होंने



कहा कि रास लीला कोई सांसारिक प्रेम कथा नहीं बल्कि यह उस अध्यात्म की पराकाष्ठा है जहां अहंकार समाप्त होता है। केवल भक्ति शेष रहती है। गोपियां अपने घर छोड़कर, समाज की परवाह किए बिना केवल श्रीकृष्ण के चरणों की ओर दौड़ पड़ीं। यह भक्ति की सर्वोच्च अवस्था है।

पूरी कथा के दौरान श्रोतागण मंत्रमुग्ध होकर भावविभोर हो गए। कथा स्थल पर भक्तों की आंखें कभी आनंद से झिलमिलाईं तो कभी प्रेमाश्रुओं से भींग गईं। भजन, कीर्तन व महाराजश्री की प्रभावशाली वाणी ने वातावरण को श्रीकृष्णमय कर दिया। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया कि शेष दो दिवस की कथा में भी पूरे उत्साह से सहभागी बनें। भगवान की दिव्य लीला का रसास्वादन करें। कथा आयोजक विवेकानंद त्रिपाठी ने कहा कि 26 मई को यज्ञ की पूणार्हूति उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिइसमें सभी भक्तजन सादर आमंत्रित हैं।

# लेजर रन चैंपियनशीप 2025 का शानदार आगाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टुण्डी।** टुंडी हाई स्कूल ग्राउंड में एक दिवसीय लेजर रन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। धनबाद जिला मॉडर्न पेंटाथलन एसोसिएशन के सचिव- शिवा कुमार महतो जी ने कहा कि टुंडी प्रखंड क्षेत्र में मॉडर्न पेंटाथलान खेल का आयोजन पहली बार किया गया । इस आयोजन में कुल 80 खिलाड़ी भाग लिए। आयोजन की शुरूआत सुबह 7:00 बजे , क्षेत्र के उपमुखिया संतलाल किस्कू के द्वारा किया गया. इस खेल के आयोजन में लड़का एव लड़कियों के लिए छह ग्रुप में लेजर रन का आयोजन रखा गया था।लेजर रन का परिणाम इस प्रकार है- **अंडर 11 बालक वर्ग-** पवन कुमार (प्रथम), स्केच हांसदा (द्वितीय), सार्थक कुमार (तृतीय), अंडर 11 बालिका वर्ग- मिनाक्षी कुमारी (प्रथम) , प्रिया कुमारी (द्वितीय), अंडर 13 बालक वर्ग- सौरव कुमार महतो(प्रथम) , अंच कुमार महतो(द्वितीय), कृष्णा (तृतीय), अंडर 13 बालिका वर्ग-खुशी कुमारी (प्रथम) , साक्षी कुमारी(द्वितीय), लक्ष्मी कुमारी (तृतीय), अंडर 15 बालक वर्ग-अंकित कुमार राम (प्रथम) , सुधांशु राज (द्वितीय), शिवम राज सिंह (तृतीय), अंडर 17 बालक वर्ग-छोटू कुमार (प्रथम) , बिकास बास्की (द्वितीय), विमल मुर्मू (तृतीय), अंडर 17 बालिका वर्ग- प्रियंका कुमारी (प्रथम) , ऋतु कुमारी (द्वितीय), आशा कुमारी(तृतीय), अंडर-19 बालक वर्ग-सुबोजीत भट्टाचार्य (प्रथम) , सुरेंद्र मुर्मू (द्वितीय), कृष्णा सोरेन(तृतीय), **अंडर 19 बालिका वर्ग-** तनु कुमारी (प्रथम) , अनु कुमारी (द्वितीय), आशा मुंडा(तृतीय), सीनियर बालक वर्ग- सौरव कुमार (प्रथम), अंशू कुमार(द्वितीय), विक्रम कुमार (तृतीय), सीनियर बालिका वर्ग- प्रतिमा मरांडी(प्रथम) ,तकनीकी अधिकारी के रूप में अभिषेक पांडे, देवेश तिवारी, त्रिलोक महतो ,रंजीता विजय तथा शिवा कुमार महतो मौजुद थे। आयोजन समिति में धनबाद जिला मॉडर्न पेंटाथलन एसोसिएशन के अध्यक्ष पूजा पांडे,उपमुखिया संतूलाल किस्कू रहे।

# बीसीए बैठक में घरेलू क्रिकेट और खिलाड़ियों को लेकर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की विशेष आम सभा की बैठक शनिवार को पटना के एक होटल में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश कुमार तिवारी ने की। इसमें इउअ के 30 रजिस्टर्ड सदस्य और पदर्थ समिति के 7 सदस्य शामिल हुए। बैठक में इउअ के उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के साथ-साथ राज्य के सभी जिला क्रिकेट संघों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इंडियन क्रिकेटर्स एसोसिएशन के पुरुष और महिला खेल प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।इस विशेष आम सभा का मुख्य उद्देश्य साल 2025 से 2028 तक के लिए इउअ के चुनाव की प्रक्रिया को तय करना था। इस पर विस्तार से चर्चा की गई और चुनाव अधिकारी की नियुक्ति जैसे जरूरी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए।




पहले की बैठकों में लिए गए फैसलों की भी पुष्टि की गई और तय किया गया कि आने वाले चुनाव इन्हीं नियमों के अनुसार कराए जाएंगे।

बैठक में घरेलू क्रिकेट के आयोजन और प्रबंधन को लेकर भी बातचीत हुई। खासकर उम्र से जुड़ी धोखाधड़ी को लेकर सदस्यों ने चिंता जताई। इसे रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत बताई गई। विजिटिंग टीमों के भुगतान की प्रक्रिया को भी मंजूरी दी गई ताकि टूनार्मेंट अच्छे और पारदर्शी तरीके से हो सकें।

हाल ही में चुने गए जिला क्रिकेट संघों के नए पदाधिकारियों का इउअ की तरफ से स्वागत किया गया। ओम प्रकाश जायसवाल ने सभी को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं और उनके बेहतर कार्यकाल की उम्मीद जताई। बैठक में यह भी तय किया गया कि बिहार के उन खिलाड़ियों और टीमों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने पिछले कुछ वर्षों में शानदार प्रदर्शन करके राज्य का नाम रोशन किया है। इसके अलावा, जिन खिलाड़ियों ने हाल ही में क्रिकेट से संन्यास लिया है, उन्हें भी एक विशेष कार्यक्रम में सम्मान दिया जाएगा।

# शार्ट सर्किट से झोपड़ी में लगी आग, दो की गयी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवानपुर चकशेखू गांव में रविवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसा हो गया। बिजली के शॉर्ट सर्किट से झोपड़ी में लगी आग की चपेट में आकर दो मासूम भाई-बहन की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान तीन वर्षीय अंकित कुमार और पांच वर्षीय प्रीती कुमारी के रूप में हुई है। दोनों बच्चे शंभू माझी के पुत्र और पुत्री थे और फिलहाल अपने ननिहाल में रह रहे थे।

परिजनों के अनुसार, घटना के समय घर के सभी बड़े सदस्य मजदूरी के लिए बाहर गए हुए थे। इसी दौरान दोनों बच्चे झोपड़ी में सो रहे थे। दोपहर के समय अचानक बिजली के तारों में स्पार्क हुआ, जिससे झोपड़ी में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि झोपड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गई। जब तक ग्रामीण शोर सुनकर मौके पर पहुंचे, तब तक दोनों मासूमों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस और अग्निशमन दल घटनास्थल पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया और झोपड़ी से बच्चों के शव बाहर निकाले। इस हादसे में झोपड़ी के अंदर रखे कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान भी जलकर राख हो गए। अनुमान है कि इस अग्निकांड में परिवार को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है।

घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृत बच्चों के नाना भूखा सदा ने बताया कि घटना के समय घर में सिर्फ दोनों बच्चे ही थे। अचानक बिजली की चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई और यह दुखद हादसा हो गया।

दलसिंहसराय की सर्किल इंस्पेक्टर पिंकी प्रसाद ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने की वजह बिजली का शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रही है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## संपादकीय

# मुंबई-दिल्ली महानगरों गर्मी का बढ़ना खतरे की घंटी

दुनिया भर में बढ़ते तापमान के दुष्परिणाम सामने आने लगे हैं। जलवायु विशेषज्ञों की राय है कि वैश्विक तापमान को अगर हम स्थिर नहीं रख पाए, तो डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने की सीमा को पार कर जाएंगे। हकीकत यही है कि जलवायु संकट हमारी देहरी तक आ पहुंचा है। इससे निपटने के लिए कहीं कोई संजीदगी नहीं दिखाई देती। नतीजा यह कि इसका प्रतिकूल असर अब भारत सहित दुनिया भर में दिखाई देने लगा है। कोई कारगर रणनीति नहीं बनी, तो गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इससे जनहानि और स्वास्थ्य का जोखिम बढ़ गया है।फिलहाल मौसम की बदली तस्वीरें डराने लगी हैं। इसी हफ्ते जहां राजस्थान में भीषण लू से लोगों को सजग किया गया, तो दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में बारिश की चेतावनी जारी की गई। लगातार बारिश से इस समय बंगलुरु बेहाल है। वहां जन-जीवन ठहर सा गया है। ऐसे में 'काउंसिल आन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर' की रपट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसके मुताबिक देश में गर्म दिनों की तुलना में गर्म रातों की संख्या बढ़ रही है।मुंबई, दिल्ली, भोपाल, अहमदाबाद और हैदराबाद जैसे घने शहरी इलाकों में गर्मी का जोखिम बढ़ना खतरे की घंटी है। इस समय देश के सत्तावन फीसद जिले जोखिम में बताए जा रहे हैं। इन जिलों में छिहत्तर फीसद आबादी रहती है। गर्म रातों की संख्या बढ़ने से बड़ी संख्या में लोगों की सेहत पर असर पड़ेगा। क्योंकि रात में तापमान अधिक रहने से शरीर को आराम नहीं मिलता।दरअसल, उन्हीं इलाकों में गर्म रातों की संख्या बढ़ी है, जहां आबादी सघन है। इससे वस्तुस्थिति को समझा जा सकता है। दरअसल, न तो हमें प्रकृति की चिंता है और न ही कार्बन उत्सर्जन रोकने की फिक्र। आधुनिक जीवन शैली ने भी समस्या बढ़ाई है। यह स्थिति अकेले भारत ही नहीं, अन्य देशों में भी है। भारत सहित पूरे विश्व ने 2024 में सबसे गर्म वर्ष का सामना किया। मौसम के बदल रहे मिजाज को भांपते हुए हम जलवायु संकट के प्रति कब सजग होंगे?

**सरकार ने पहले बड़े कूटनीतिक निर्णय लेते हुए सिन्धु जल समझौते को स्थगित किया फिर पूरी तैयारी के साथ ऑपरेशन सिन्दूर लांच हुआ, जिसके अंतर्गत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर तथा पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकाने नष्ट किये गए जिनमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। भारत ने पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने या नागरिक क्षेत्र को निशाना नहीं बनाया और स्पष्ट किया कि उसकी कार्यवाई केवल आतंक के विरुद्ध है किन्तु पाकिस्तानी सेना फिर भी बीच में कूद पड़ी और भारत के सैन्य तथा नागरिक क्षेत्र को निशाना बनाकर हमले किए। भारत के पलटवार के बाद पाकिस्तान में तबाही का मंजर देखा गया और फिर अचानक सीज़ फायर हो गया।**

# युद्ध काल में लक्ष्मणरेखा लांघता विपक्ष

(मृत्युंजय दीक्षित)

विगत एक माह के इस समस्त घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन के नेता यह बयान तो देते रहे कि वे आतंकवाद के खिलाफ सरकार जो भी रणनीति अपनाएगी उसके साथ पूरी तरह से एकजुट होकर खड़े रहेंगे किन्तु उनकी करनी उनकी इस कथनी के एकदम विपरीत है।

पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को हुए क्रूर आतंकी हमले की सूचना मिलते ही गृह मंत्री अमित शाह कश्मीर पहुंच गए, प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरा बीच में ही रोक कर वापस आए, एअरपोर्ट पर ही सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की, और अगले ही दिन आतंकियों और उनके पीछे पीछे शत्रुओं को ऐसा दंड देने की घोषणा की जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। इसके बाद सरकार के सभी अंग अपने अपने काम पर लग गए और विपक्ष सरकार का उपहास उड़ाने में। सरकार ने पहले बड़े कूटनीतिक निर्णय लेते हुए सिन्धु जल समझौते को स्थगित किया फिर पूरी तैयारी के साथ ऑपरेशन सिन्दूर लांच हुआ, जिसके अंतर्गत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर तथा पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकाने नष्ट किये गए जिनमें सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए। भारत ने पाकिस्तान के किसी सैन्य ठिकाने या नागरिक क्षेत्र को निशाना नहीं बनाया और स्पष्ट किया कि उसकी कार्यवाई केवल आतंक के विरुद्ध है किन्तु पाकिस्तानी सेना फिर भी बीच में कूद पड़ी और भारत के सैन्य तथा नागरिक क्षेत्र को निशाना बनाकर हमले किए। भारत के पलटवार के बाद पाकिस्तान में तबाही का मंजर देखा गया और फिर अचानक सीज़ फायर हो गया। इसके पश्चात प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि यह युद्ध विराम नहीं मात्र स्थगन है, ऑपरेशन सिन्दूर जारी है। वर्तमान में भारत के सर्वदलीय सांसद समूह विश्व के अलग अलग देशों में भारत का पक्ष रखने पहुंचे हुए हैं।

विगत एक माह के इस समस्त घटनाक्रम के दौरान कांग्रेस पार्टी व इंडी गठबंधन के नेता यह बयान तो देते रहे कि वे आतंकवाद के खिलाफ सरकार जो भी रणनीति अपनाएगी उसके साथ पूरी तरह से एकजुट होकर खड़े रहेंगे किन्तु उनकी करनी उनकी इस कथनी के एकदम विपरीत है। ऑपरेशन सिन्दूर लांच होने से पूर्व, सीज फायर की घोषणा और फिर संसदीय दलों की सूची बनने तक राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन के नेता जिस प्रकार की बयानबाजी, प्रदर्शन और सोशल मीडिया पोस्ट कर रहे हैं कर रहे हैं उससे यह स्पष्ट हो गया है कि वास्तव में इन दलों द्वारा आपदकाल में एकजुट रहने की बात करना एक कोरा दिखावा मात्र है।

जी, देश को सच्चाई जानने का हक है

कांग्रेस ने सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी की बिना सिर की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की और उसके ऊपर गायब लिखा, सोशल मीडिया पर हुए भारी विरोध के बाद भी कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की



हेड उसका बचाव करती रहीं लेकिन बाद में मजबूरन उनको वह पोस्ट हटाना पड़ा। इसके बाद कांग्रेस के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ने राफेल का उपहास उड़ाया। कुछ विरोधियों ने तो दो कदम आगे बढ़कर इसे चुनावी स्टंट तक बता दिया। ये लोग लगातार प्रधानमंत्री के मीम सोशल मीडिया पर डालते रहे।

विमर्श बदलने और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए इन्होने पहलगाम की घटना को हल्का करने और इस सत्य पर चूना पोतने का प्रयास किया कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर केवल हिन्दू पुरुषों को मारा। मीडिया बहसों के दौरान किसी भी विरोधी दल के प्रवक्ता ने यह नहीं कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछकर मारा है अपितु वह सभी लोग यही कहते रहे कि आतंकवादियों ने कुछ निर्दोष लोगों को मार दिया। साथ ही मुस्लिम परस्त विरोधी दलों के नेता लगातार ये कहने लगे कि किसी एक के आतंकवादी होने से पूरी कौम को आतंकी नहीं कह सकते जबकि उस समय यह विषय ही चर्चा करने का नहीं था।

ऑपरेशन सिंदूर स्थगन के बाद से राहुल गांधी व इंडी गठबंधन के नेता व प्रवक्ता सरकार के विरोध की लक्ष्मण रेखा लांघ कर उसे राष्ट्र विरोध में बदल रहे है। राहुल गांधी, इंडी गठबंधन व उनके प्रवक्ता मीडिया के सामने जो प्रश्न कर रहे हैं वो पाकिस्तान व आतंकवादियों के लिए कवर फायर देने वाले हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व उत्तर प्रदेश के स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे लोगों को ऑपरेशन सिंदूर एक छुटपुट घटना लग रही है। इन लोगों के अनुसार यह ऑपरेशन 24 घंटे में ही फुस्स हो गया। कांगेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पाकिस्तान प्रेम तो अद्भुत ही उनका कहना है कि अपने पाकिस्तान से युद्ध चल रहा है।

राहुल गांधी व इंडी गठबंधन ने आज तक ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा नहीं की है अपितु वह पूछ रहे हैं कि इस ऑपरेशन में हमने कितने पायलट खो दिये हैं, हमारे कितने विमान नष्ट हुए। कांग्रेस प्रवक्ता दो हाथ आगे जाकर ऑपरेशन सिंदूर को सौदा बता रहे हैं। विपक्ष उसी तरह से बौखलाया दिख रहा है जिस तरह से पाकिस्तान।

अब जबकि अभी ऑपरेशन सिंदूर का एक छोटा सा चक्र ही पूरा हुआ है राहुल गांधी और अन्य विपक्ष विदेश मंत्री के बयान को तोड़ मरोड़ कर उनके पीछे पड़ गया है और उनके इस्तीफे की मांग कर रहा हैं, सुनियोजित तरीके से सीजफायर के मामले पर अमेरिकी दबाव के आगे झुकने का झूठ फैला रहा है। जब अमेरिका ने पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन के ठिकाने पर हमला किया था तब अमेरिका ने भी पाकिस्तान को पूर्व में ही सूचित कर दिया था यह एक अंतरराष्ट्रीय कूटनीति का अहम हिस्सा है और भारत ने भी उसी नियम का पालन किया है किंतु पता नही क्यों राहुल गांधी को इस पर भी राजनीति करनी है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर विदेश मामलों के विशेषज्ञ हैं, कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता उनको मुखबिर कह रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी उरी से लेकर पुलवामा और पहलगाम तक हर घटना पर संदेह व्यक्त किया है और कभी भी पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ नहीं बोली। इतना ही नहीं इन्होने पुलवामा के बाद हुई एयर स्ट्राइक का सबूत भी माँगा। वर्तमान कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से अर्बन नक्सलियों के शिकंजे में जा चुकी है। आज वो लोग सरकार व सेना पर सवाल उठा रहे हैं जिनकी मुस्लिम तुष्टिकरण नीति के कारण आज आतंकवाद व आतंकवादी नासूर बन गये हैं। वो लोग सवाल उठा रहे हैं जिनके रहते कश्मीर घाटी में हिन्दुओं के साथ 1980- 90 के दशकों में खून की होली खेली गई और कश्मीर घाटी हिन्दुओं से विहीन कर दी गई। इन सभी दलों को 2004से 2014 तक का काला दौर याद रखना चाहिए जब देश का कोई भी कोना आतंकवादी हमलों से नहीं बच पा रहा था किंतु आज स्थित एकदम उलट गई है। कांग्रेस के मूर्धन्य लोगों को यह बताना ही होगा कि इन लोगों ने मुंबई बम धमाकों के बाद क्या किया था?

राहुल गांधी की बयानबाजी से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह पाकिस्तान और चीन के लिए जासूसी कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर से घायल पाकिस्तान ये जानना चाहता है कि ऑपरेशन सिंदूर से हमें तो नुकसान हुआ किंतु क्या भारत को भी नुकसान हुआ यदि हाँ तो कितना? अब राहुल गाँधी इसी काम में लगे हैं। यदि राहुल गांधी को सेना पर भी विश्वास होता तो इन्होने डीजीएमओ की प्रेस वार्ताएं सुनी होतीं जिनमें भारतीय पक्ष को विस्तार से समझाया गया था किन्तु निजी स्वार्थ की राजनीति सेकरने वाले इन लोगों को मुस्लिम वोट बैंक के आगे कुछ और दिखाई नहीं देता। राहुल गांधी भारत में विपक्ष के नेता हैं और वह जो भी बोलते हैं उसे पाकिस्तान में अवश्य सुना जाता है।

राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी इनती विचार शून्य हो चुकी है कि इसने भारत सरकार का पक्ष उचित रूप से रखने पर अपने ही नेता शशि थरूर का अपमान करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। केंद्र सरकार द्वारा उन्हें सर्वदलीय प्रतिनिधमंडल में शामिल किये जाने पर कांग्रेस ने अपने योग्य, विदेश मामलों के जानकार तथा अनुभवी सांसद को लेकर ही बवाल मचा दिया। इस पूरे घटनाक्रम से यह बात स्पष्ट हो गई है जल्दी ही कांग्रेस दो भागों में विभाजित दिखाई देगी जिसमें जिसमे एक गुट देशहित में सोचने वाले नेताओं का होगा और दूसरा डीप स्टेट समर्थित राहुल गाँधी परिवार का। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# अवैध घुसपैठ पर भारत का साफ संदेश

(वेद आलोक)

हर देश की अपनी सीमाएं होती हैं, और उन सीमाओं की रक्षा करना किसी भी राष्ट्र की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है। जब कोई व्यक्ति बिना वैध दस्तावेजों के, छुपकर या नियमों को तोड़ते हुए किसी देश में प्रवेश करता है, तो उसे 'अवैध घुसपैठिया' कहा जाता है। भारत में भी कई वर्षों से अवैध घुसपैठ की समस्या बनी हुई है, विशेषकर बांग्लादेश से आने वाले लोगों की संख्या चिंताजनक रही है। अब भारत सरकार ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया है और साफ संदेश दिया है कि अवैध घुसपैठ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**यह कदम केवल बांग्लादेशी घुसपैठियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों पर भी सख्त निगरानी होगी। इसके लिए सरकार ने एनआरसी (नेशनल रजिस्टर आफ सिटिजन), सीएए सिटिजन एमेंटमेंच एक्ट जैसे कदम उठाए हैं। राष्ट्र सुरक्षा सर्वोपरि सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि भारत की नीति बन चुकी है। अवैध घुसपैठ न केवल एक देश की सीमाओं का उल्लंघन है, बल्कि उसकी संप्रभुता और विकास में भी बाधा है। भारत सरकार का यह सख्त संदेश स्वागत योग्य है और इससे न केवल देश की सुरक्षा मजबूत होगी बल्कि सामाजिक व्यवस्था भी सुदृढ़ बनेगी।**

### अवैध घुसपैठ क्या है?

अवैध घुसपैठ का अर्थ है कि कोई व्यक्ति किसी देश की सीमा में बिना वैध पासपोर्ट, वीजा या दस्तावेजों के प्रवेश करता है। यह प्रवेश चोरी-छिपे होता है, जिससे न केवल देश की सुरक्षा को खतरा होता है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संतुलन भी प्रभावित होता है।

### समस्या की गंभीरता

भारत के पूर्वी हिस्सों, विशेषकर पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा और बिहार में लंबे समय से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठियों की मौजूदगी देखी जा रही है। ये लोग आम नागरिकों की नौकरियों, संसाधनों और सुविधाओं पर भी असर डालते हैं। इसके अलावा, कई बार इन अवैध लोगों में से कुछ अपराधों में भी लिप्त पाए जाते हैं, जिससे आंतरिक सुरक्षा को खतरा होता है।

### भारत सरकार की सख्ती

हाल ही में सरकार ने 2369 अवैध घुसपैठियों की पहचान की है और उनकी नागरिकता की पुष्टि के लिए बांग्लादेश से अनुरोध किया है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन लोगों को बांग्लादेश वापस भेजा जाएगा। यह कदम स्पष्ट रूप से बताता है कि भारत अब अपनी सीमाओं और नागरिकता कानूनों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा।

### इस कदम की आवश्यकता क्यों थी?

1. **राष्ट्रीय सुरक्षा-** अवैध प्रवासी अक्सर निगरानी से बाहर होते हैं, जिससे देश की सुरक्षा प्रणाली को खतरा होता है।
2. **सामाजिक तनाव-** ये घुसपैठिए सीमित संसाधनों जैसे नौकरी, शिक्षा, पानी, स्वास्थ्य आदि में भागीदारी करते हैं, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष उत्पन्न होता है।
3. **राजनीतिक अस्थिरता-** अवैध नागरिकों का राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल कई बार देखा गया है, जिससे लोकतंत्र पर भी असर पड़ता है।
4. **आर्थिक बोझ-** सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर ये लोग सरकारी खर्च बढ़ाते हैं, जिससे देश की अर्थव्यवस्था पर भी प्रभाव पड़ता है।

### भारत का रुख और भविष्य की दिशा

भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब नागरिकता और पहचान के आधार पर ही देश में रहने की अनुमति दी जाएगी। यह कदम केवल बांग्लादेशी घुसपैठियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों पर भी सख्त निगरानी होगी। इसके लिए सरकार ने एनआरसी (नेशनल रजिस्टर आफ सिटिजन), सीएए सिटिजन एमेंटमेंच एक्ट जैसे कदम उठाए हैं।

राष्ट्र सुरक्षा सर्वोपरि सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि भारत की नीति बन चुकी है। अवैध घुसपैठ न केवल एक देश की सीमाओं का उल्लंघन है, बल्कि उसकी संप्रभुता और विकास में भी बाधा है। भारत सरकार का यह सख्त संदेश स्वागत योग्य है और इससे न केवल देश की सुरक्षा मजबूत होगी बल्कि सामाजिक व्यवस्था भी सुदृढ़ बनेगी। हर नागरिक को चाहिए कि वह इस पहल का समर्थन करे और देश की अखंडता को बनाए रखने में सहयोग दे। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# भारत की न्यूक्लियर एनर्जी पर सबकुछ कुर्बान क्यों करना चाहता है अमेरिका...

**सरकार ने 2031-32 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8,180 मेगावॉट से बढ़ाकर 22,480 मेगावॉट करने के लिए कदम उठाए हैं। इस विस्तार में गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, हरियाणा, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 8,000 मेगावॉट के दस रिएक्टरों का निर्माण और उसे चालू करना शामिल है। इसके अतिरिक्त 10 और रिएक्टरों के लिए पूर्व-परियोजना गतिविधियां शुरू हो गई हैं, जिन्हें 2031-32 तक पूरा करने की योजना है।**

(दिनेश मिश्र)

भारत 2047 तक एक मामले में सुपर पॉवर बन सकता है। अमेरिका ने शायद यह भांप लिया है। यही वजह है कि वह अब भारत की ओर रुख कर रहा है। अमेरिका अब भारत पर फोकस कर रहा है। उसकी नजर अब भारत की न्यूक्लियर एनर्जी पर है। अमेरिका की एक कंपनी ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड भारत में बड़ा निवेश करने वाली कंपनियों में से एक है। कंपनी अगले पांच सालों में भारत में 100 बिलियन डॉलर से ज़्यादा का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के एक बड़े अधिकारी ने कहा कि वे परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को भी समर्थन देने के लिए तैयार हैं। हाल ही में इस क्षेत्र को लेकर सरकार ने भी बढ़ावा दिया है। अगर, अमेरिका का निवेश भारत में ज्यादा बढ़ता है तो इससे पाकिस्तान और चीन दोनों की ही टेंशन बढ़ेगी।

**भारत का न्यूक्लियर एनर्जी का 2032 तक ये है लक्ष्य:** भारत बढ़ती ऊर्जा डिमांड को पूरा करने और पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सक्रिय रूप से अपनी परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ा रहा है। सरकार ने 2031-32 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को मौजूदा 8,180 मेगावॉट से बढ़ाकर 22,480 मेगावॉट करने के लिए कदम उठाए हैं। इस विस्तार में गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, हरियाणा, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 8,000 मेगावॉट के दस रिएक्टरों का निर्माण और उसे चालू करना शामिल है। इसके अतिरिक्त 10 और रिएक्टरों के लिए पूर्व-परियोजना गतिविधियां शुरू हो गई हैं, जिन्हें 2031-32 तक पूरा करने की योजना है। इसके अलावा सरकार ने आंध्र प्रदेश राज्य में श्रीकाकुलम जिले के कोव्वाडा में अमेरिका के सहयोग से 6 ×1208 मेगावॉट का परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस और अमेरिका के दौरे पर परमाणु ऊर्जा को लेकर सहयोग पर बात की है।

**छोटी भट्ठी के लिए अमेरिका इतना बड़ा दांव क्यों लगा रहा:** भारत को परमाणु ऊर्जा में अग्रणी बनने की ज़रूरत है क्योंकि यह एक विश्वसनीय और पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा स्रोत है। दरअसल, भारत में बिजली का पांचवां सबसे बड़ा स्रोत परमाणु ऊर्जा है। यह देश के कुल बिजली उत्पादन में करीब 2-3 प्रतिशत का योगदान देता है। एक तो यह यह ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन नहीं करता है और दूसरा यह रेगुलर इलेक्ट्रिसिटी की आपूर्ति करता है। यह भूमि और प्राकृतिक संसाधनों जैसे पर्यावरणीय सोर्स पर सबसे कम असर डालती है। यही वजह है छोटे परमाणु रिएक्टरों को



परमाणु भट्ठी भी कहा जाता है, जो रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करते हैं। अमेरिका की इसी पर नजर है।

**भारत का परमाणु ऊर्जा का लक्ष्य 100 गीगावाट:** दरअसल, भारत का लक्ष्य साल 2047 तक कम से कम 100 गीगावाट की परमाणु एनर्जी क्षमता हासिल करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को बढ़ाने की जरूरत है। परमाणु ऊर्जा से जुड़े बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की जरूरत है। जैसे ही भारत अपने परमाणु दायित्व कानून में संशोधन करेगा, इससे विदेशी कंपनियां आने लगेंगी, जो भारी भरकम जुर्माने के डर से निवेश के लिए डरती हैं।

**परमाणु ऊर्जा पर्यावरण के लिए साफ-सुथरी:** ब्रुकफील्ड का न्यूयॉर्क में मुख्यालय है। इसका मकसद है कि वह इस दौरान अपनी संपत्ति को लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर से दोगुना कर ले। ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट के अध्यक्ष कॉनर टेस्की ने कहा है कि हम परमाणु ऊर्जा में विश्वास करते हैं। हमें लगता है कि यह साफ और लगातार बिजली देने का एक अच्छा तरीका है। इससे दुनिया भर में ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में साफ ऊर्जा की मांग बढ़ेगी। इसमें प्राकृतिक गैस और परमाणु ऊर्जा शामिल हैं। प्राकृतिक गैस को ऊर्जा के बदलाव के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

**50 फीसदी परमाणु ऊर्जा इस तकनीक से:** अमेरिका में ब्रुकफील्ड के पास वेस्टिंगहाउस न्यूक्लियर है। यह परमाणु ऊर्जा क्षेत्र की एक बड़ी कंपनी है। यह दुनिया भर में बिजली कंपनियों को परमाणु ऊर्जा संयंत्र, ईंधन और सेवाएं देती है। टेस्की ने कहा है कि दुनिया भर में आधे से ज्यादा परमाणु ऊर्जा उत्पादन वेस्टिंगहाउस की तकनीक से होता है। हम परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र को सामान सप्लाई करते हैं। अलग-अलग बाजारों में अवसरों को देखकर हम उन पर विचार करते हैं।

**न्यूक्लियर एनर्जी में थ्री डी निवेश की स्ट्रैटेजी:** कंपनी की निवेश रणनीति को '3डी' - डीकार्बोनाइजेशन ,डिजिटलाइजेशन और डीग्लोबलाइजेशन बताया गया है। टेस्की ने कहा कि इन रुझानों ने पिछले पांच सालों में कंपनी को काफी बढ़ाया है। आगे भी विकास के कई मौके मिलेंगे।

**क्या होते हैं भारत स्मॉल रिएक्टर, जो ला सकते हैं क्रांति:** भारत लघु रिएक्टर(बीएसआर) मूल रूप से कॉम्पैक्ट परमाणु रिएक्टर हैं , जिन्हें पारंपरिक बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की तुलना में छोटे पैमाने पर बिजली पैदा करने के लिए डिजाइन किया गया है। बीएसआर भारत की आजमाई हुई और परखी हुई 220 मेगावाट दबावयुक्त भारी पानी रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) प्रौद्योगिकी पर आधारित होंगे, जिनमें से 16 इकाइयां देश में पहले से ही चालू हैं। अब इसमें निजी क्षेत्र की भी भागीदारी होगी।

**अभी देश में तैनात है 24 रिएक्टर, 10 और बनेंगे:** देश में वर्तमान में 24 परमाणु उर्जा रिएक्टरों की कुल स्थापित परमाणु उर्जा क्षमता 8,180 मेगावाट है। लिखित उत्तर के अनुसार वर्तमान में भारतीय परमाणु उर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) की कुल 15,300 मेगावाट क्षमता के 21 परमाणु रिएक्टर अलग-अलग फेज में है। इसके अलावा (भारतीय नाभकीय विद्युत निगम लिमिटेड के प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर सहित कुल 7,300 मेगावाट क्षमता के 9 रिएक्टर निर्माणाधीन हैं। 8,000 मेगावाट क्षमता के 12 रिएक्टर परियोजना पूर्व गतिविधियों के तहत हैं।

# पशुपालकों का हित सर्वोपरि : प्रबंध निदेशक

## पशुपालकों को दुग्ध मूल्य का भुगतान खाते में करने का किया जा रहा प्रयास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरौनी।** देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि बरौनी डेयरी के प्रबंध निदेशक रवीन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रबंधन संघ से जुड़े सम्मानित दुग्ध उत्पादकों एवं उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा को सर्वोपरि रखते हुए बरौनी डेयरी को उत्तरोतर प्रगति की ओर अग्रसर रखने में सतत् प्रयत्नशील एवं दृढ़संकल्पित है। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को उनके दुग्ध मूल्य का भुगतान सीधे उनके खाते में करने की सुविधा प्रदान करने का कार्य विशेष अभियान चलाकर यथाशीघ्र पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। पशुपालकों की आय में वृद्धि के लिए नवोन्मेषी प्रयासों एवं गतिविधियों को अपनाया जा रहा है। पशु नस्ल सुधार सहित पशुआहार, चारा बीज, सायलेज, दलिया आदि का उत्पादन सुनिश्चित कराकर समग्र रूप से पशुओं के ब्रीडिंग एवं फीडिंग पर विशेष सुविधायें मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। संघ, अधीनस्थ इकाइयों एवं जुड़ी हुई समितियों के बुनियादी संरचना को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप समुन्नत करने पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इससे दुग्ध एवं दुग्ध जन्य उत्पादों की गुणवत्ता में और वृद्धि होगी एवं हम संघ से गुलाब जामुन के अलावा अन्य उत्पादों का निर्यात विदेशों में करने में सक्षम हो सकेंगे। इससे पशुपालकों की आय में भी वृद्धि संभव होगी। श्री प्रसाद ने बताया कि ग्रामीण विपणन के द्वारा आज बरौनी डेयरी का उत्पाद गांवों तक पहुँच रहा है। लोगों को लगन एवं त्योहारी मांग में उत्पादों की सुलभता से काफी सहूलियत मिल रही है। शीघ्र ही बरौनी डेयरी कुछ नये उत्पाद अपने सम्मानित उपभोक्ताओं के बीच लाने की दिशा में कार्य कर रही है। संघ से जुड़े एफपीओ के माध्यम से सुधा के चावल, आटा, सरसों का तेल, दालों आदि का उत्पादन एवं विपणन करने के क्रम में कुछ उत्पाद का उत्पादन एवं विपणन शुरू किया गया है।श्री प्रसाद द्वारा संघ के उत्तरोत्तर प्रगति में भारत सरकार, राज्य सरकार, एनडीडीबी, कम्फेड, जिला एवं स्थानीय प्रशासन सहित अन्य सभी से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मिल रहे सतत् सहयोग के लिए कृतज्ञता व्यक्त की गयी।

# महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन

## महिलाओं ने किया अनुभव को साझा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के समसा पंचायत के राधिका जीविका महिला ग्राम संगठन तथा राजा जीविका ग्राम महिला संगठन द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। प्रखंड परियोजना प्रबंधक मनोरंजन कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए महिला संवाद में आई महिलाओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संवाद कार्यक्रम में जुटी महिलाओं की भीड़ इस बात की साक्षी है कि जीविका में जुड़ने के बाद ये घर की चहारदीवारी तक ही सीमित नहीं है। घर से बाहर निकल कर अपने आप को सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में सशक्त हुई है। इस अवसर पर राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आये बदलावों को प्रचार रथ में लगे एलईडी पर फिल्मों के द्वारा दिखाया गया। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए चलाये जा रहे योजनाओं से लाभ लेने के तरीके के संबंध में जानकारी संबंधित फ्लीपकार्ड का वितरण किया गया। योजनाओं का लाभ ले चुकी महिलाओं ने अपने-अपने अनुभवों का साझा करते हुए लाभ लेने की अपील की। लाभार्थी महिलाओं ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बदौलत वे सामाजिक तथा आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। अपनी अपेक्षाओं को भी साझा किया। मौके पर क्षेत्रीय समन्वयक रूपम कुमारी, सामुदायिक समन्वयक रीमा देवी, विकास कुमार, अर्चना कुमारी, दुलार चंद राम के अतिरिक्त काफी संख्या में महिलाओं ने शिरकत किया।

## एक नजर

### स्नान के क्रम में बच्चे की डूबने से मौत

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के मुजफ्फरा सरैया घाट में रविवार को एक लड़का का स्नान करने के क्रम में डूब कर मौत हो गई। हालांकि ग्रामीणों के द्वारा बच्चे की शव को नदी से बाहर निकाला गया। बच्चे की डूबने की सूचना मिलते ही घाट पर सैकड़ों लोगों की भीड़ उमर पड़ी। मृतक बच्चे की पहचान वीरपुर थाना क्षेत्र के करीमटोल निवासी मंटून पासवान के करीब सोलह वर्षीय पुत्र प्रवीण कुमार उर्फ मोनू के रूप में की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रवीण उर्फ मोनू सुबह आठ बजे से ही घर से गायब था। घटना की सूचना मिलते ही वीरपुर थाना के अवर निरीक्षक परमा पासवान ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमर्टम के लिए बेगुसराय भेज दिया। वहीं बेटे की मौत की खबर मिलते ही बच्चे के परिजनों में कोहराम मच गया।

### कबड्डी में सहुरी ने किया फुलकारी को पराजित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलकारी के प्रांगण में शनिवार को आयोजित संकुल स्तरीय महिला वर्ग के कबड्डी के खेल में मध्य विद्यालय सहुरी के बच्ची का दब दबा रहा। इस खेल का आयोजन बिहार सरकार के द्वारा संचालित कार्यक्रम मशाल 2024-25 के तहत खिलाड़ी के पहचान के लिए आयोजित किया गया। जिसमें संकुल स्तरीय खेल में कबड्डी के अंडर 14 वर्ष के वर्ग 6 से 8 वीं तक के बच्चियों के द्वारा खेला गया। इसमें तीन विद्यालय मध्य विद्यालय सहुरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहुरी नवीन, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलकारी के बालिका वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला मध्य विद्यालय सहुरी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलकारी के बीच खेला गया कड़ी मशक्कत के बाद 36-31 अंकों की बढ़त से उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलकारी को मध्य विद्यालय सहुरी ने शिकस्त देकर जीत अपने नाम हासिल किया। खेल का विधिवत् उद्घाटन सहुरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जय जय राम सहनी, सामाजिक कार्यकर्ता सरोज कुशवाहा समेत विद्यालय के प्रधान शिक्षक मोहम्मद असलम, अशोक कुमार दास, मिथलेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

### आयुष ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की परीक्षा

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पहसारा के आयुष राज ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। इसका चयन उत्तरप्रदेश के झांसी सैनिक में नवमी कक्षा में नामांकन हेतु हुआ है। इसने अपने गाँव सहित संपूर्ण प्रखंड को गौरवान्वित किया है। इसकी सफलता पर मां जयमंगला ज्ञानोदय शिक्षण संस्थान पहसारा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल रामाशीष सिंह उर्फ गुरूजी ने पठन पाठन सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि वह बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि का है। इसका आंल इंडिया सैनिक स्कूल में नामांकन हेतु चयन से और चार चांद लग गया। पिता सह निदेशक, माता अराधना देवी ने कहा कि इसकी सफलता इसकी प्रतिभा को परिलक्षित करता है। इसकी सफलता पर प्रमुख अनिता देवी, मुखिया निभा देवी,मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ सिंह उर्फ बुडुल सिंह, पंसस अनिता झा, घनश्याम कुमार, मुकेश कुमार सिंह, अजय भारती आदि ने खुशी जाहिर करते हुए उज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

### बंगराहा में किसान की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समस्तीपुर जिले के विधापतिनगर थाना क्षेत्र के बंगराहा गांव में कल देर रात अपराधियों ने एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि जिले के बंगराहा गांव निवासी किसान सुरेंद्र सिंह अपने घर के दरवाजे पर सोये हुए थे तभी उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर समस्तीपुर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### दो बच्चों की जलकर मौत

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के भगवानपुर चकशेखू मुसहरी टोला स्थित एक घर में आज अचानक आग लग जाने के कारण घर में सो रहे दो बच्चों की जलकर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के दलसिंहसराय बाजार स्थित मुसहरी टोल के एक घर मे रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई जिसमें घर मे सो रहे शंभू मांझी के 3 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार एवं 5 वर्षीया पुत्री प्रीति कुमारी की जलकर दर्दनाक मृत्यु हो गई।

# चूल्हे की चिंगारी से लगी आठ घरों में आग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बछवाड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दादूपुर पंचायत के वार्ड संख्या आठ भगवानपुर दियारा में बीती रात चूल्हे की चिंगारी से लगभग आठ फुस का घर जलकर राख हो गया। देर रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल इलाके में उत्पन्न हो गया। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने पंप सेट, चापाकल के सहारे आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन आग की लपट इतनी तेज थी कि एक-एक कर आठ घरों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने आगलगी की सूचना अग्निशामक टीम को दी। मौके पर अग्निशामक टीम ने पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर में रखा कपड़ा, अनाज, जरूरी कागजात समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गया। पीड़ित वार्ड संख्या आठ भगवानपुर दियारा निवासी महेश राय की पत्नी पूनम देवी, रूदल राय की पत्नी रेणु देवी, कन्हैया राय की पत्नी पूजा देवी, कृष्णा राय की पत्नी राधा देवी, विपिन कुमार की पत्नी अंजली कुमारी, सुरेश राय की पत्नी रेखा देवी एवं संजय राय की पत्नी कोमल देवी ने बताया कि रोजाना की तरह खाना पीना खाकर पूरा परिवार सोने के लिए गए थे कि अचानक रिंकू देवी पति नरेश राय के घर में आग लग गई और देखते-देखते आसपास के घरों को अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग एवं अग्निशामक टीम की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सब कुछ जलकर खाक हो गया। पीड़ित रिंकू देवी ने बताया कि देर रात अचानक चूल्हे की सुलगती चिंगारी से आग लग गई और देखते-देखते कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना राय, पंचायत समिति मिथिलेश कुमार उर्फ ओम प्रकाश, सरपंच प्रतिनिधि अंजय राय और राजस्व कर्मचारी पप्पू कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सरकारी सहायता प्रदान कराने का आश्वासन दिया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी प्रीतम गौतम ने बताया कि दादूपुर पंचायत के वार्ड संख्या आठ में बीती रात चूल्हे की चिंगारी से लगभग आठ घर जलकर राख हो गया है।

# समय के साथ प्रिंट मीडिया के हर क्षेत्र में आया है बदलाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड कार्यालय परिसर में अनुमंडल पत्रकार संघ बखरी इकाई की त्रैमासिक बैठक रविवार को आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष सुमन झा ने की। जिलाध्यक्ष विनोद कर्ण ने कहा कि प्रिंट मीडिया की प्रासंगिकता कम नहीं हुई है। समय के साथ हर क्षेत्र में बदलाव आया है। समाचार के इलेक्ट्रनिक माध्यम सोशल मीडिया एवं यूट्यूबर भी खबरें परोसती है। लेकिन उसकी प्रमाणिकता पर सवालिया निशान लग रहा है। कथित तौर पर यूट्यूबर, फेसबुक एवं सोशल मीडिया द्वारा भ्यूवर और टीआरपी के लिए फेक न्यूज चलाये जाने पर चिंता प्रकट की। उन्होंने बताया प्रतिद्वंद्विता के चक्कर में आजकल डिजिटल प्लेटफर्म पर ऐसे लोग फेक न्यूज चलाकर पत्रकारों की गरिमा को धूमिल कर दिया है।ऐसे पत्रकारों से सामाजिक स्तर पर वास्तविक पत्रकारों की साख घटने लगी है। उन्होंने तमाम उपस्थित पत्रकारों को संघ संगठन के दायरे में रहकर पत्रकारों को गरिमा, निष्पक्षता और सामाजिक स्वीकार्यता को जिंदा रखने की अपील की। कार्यक्रम में बखरी, गढ़पुरा एवं नावकोठी के विभिन्न समाचार-पत्रों एवं बैनर, संस्थानों में काम करने वाले पत्रकारों ने बैठक में गढपुरा के हिंदुस्तान के पत्रकार दिवंगत दीपक कुमार दीप के स्मृति में अनुमंडल स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट करने का प्रस्ताव दिया। त्रैमासिक बैठक को नियमित करने, आपसी गिले शिकवे और मतांतर को भूलकर एकजुट होकर नये साथियों को अपने संघ संगठन में जोड़ने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर बैठक में उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार, हरेराम दास, संतोष श्रीवास्तव, संगठन मंत्री सुमित कुमार सिंह, रिमझिम कुमारी उपाध्यक्ष अरूण चंद्र झा, प्रो हरेराम सिंह, सुधांशु, एस एम बेग, प्रदीप झा, गौरव केसरी, उमर खान, शंभू प्रसाद चौधरी, रामकरण पाल, सुरेंद्र किशोरी, नवीन कुमार मिश्र, अमित कुमार, गोविंद भारद्वाज, रंजीत अनारी, नितेश सिंह आदि ने भी अपने विचार प्रकट किये।

# पर्यावरण जागरूकता को साइकिल पे संडे की 554वीं यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** बरौनी प्रखंड क्षेत्र के पिपरा देवस पंचायत स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी की यात्रा की गयी। इस यात्रा के दौरान ठाकुरबारी परिसर में स्थानीय लोगों के साथ पर्यावरण को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में भाग लेते हुए पूर्व मुखिया कौशल किशोर सिंह ने कहा कि आज जिस रूप में आसपास के क्षेत्र में जलस्तर धीरे-धीरे घट रहा है, यह हम सबके लिए बड़ा संकट है। इसके लिए जरूरत है कि हम जहां एक तरफ जल का दोहन कम करें वहीं दूसरी तरफ इसके लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता है। साइकिल पे संडे के साथी विनोद भारती ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत किया कहा कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए केवल और केवल संकट देकर जा रहे हैं। हम पेड़ काट रहे हैं, पानी बर्बाद कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में जरूरत है कि हम सब अपने पर्यावरण के लिए सजग हो। वहीं अभियान के सदस्य अंशु कुमार ने युवाओं और बच्चों को अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। कहा कि जब युवा इस अभियान को अपना मान लेंगे तो फिर हम संकट को थोड़ा काम कर सकते हैं। मौके पर टीम के वरिष्ठ सदस्य कुणाल कुमार, संयोजक डॉ कुंदन कुमार, पत्रकार मुकेश कुमार, विकास कुमार, श्याम कुमार, शशि कुमार, लक्ष्य, अक्षत रोहित, केशव, ओम सानी कुमार शर्मा हर्ष किशोर सहित दर्जनों सदस्यों ने अपनी दमदार उपस्थिति दी।

# माउंट लिट्रा में स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की शुरूआत

## अनुभवी विशेषज्ञों के साथ होगी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल ने विद्यार्थियों के उज्वल शैक्षणिक भविष्य को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम की शुरूआत की है। इस अभिनव पहल के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 95प्रतिशत अंकों की तैयारी के साथ-साथ आईआईटी जेईई, नीट यूजी, एनटीएसई और विभिन्न ओलंपियाड परीक्षाओं की रणनीतिक और गहन तैयारी स्कूल परिसर में ही कराई जाएगी। इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रेस कन्फ्रेंस में आईआईटियंस हब मुंबई के वाइस प्रेसिडेंट मनीष कुमार ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने एसआईपी को छात्रों के उज्वल भविष्य की नींव बताते हुए कहा कि माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल, बेगूसराय में आईआईटियंस हब की अनुभवी शिक्षकों की टीम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन देगी। इस अवसर पर साइंस विषय के विशेषज्ञ शामिल थे। इन सभी विशेषज्ञों को 10 वर्षो से अधिक का शिक्षण अनुभव प्राप्त है। जो विद्यार्थियों को न केवल विषयों की गहरी समझ देंगे। बल्कि आत्मविश्वास और सफलता की ओर अग्रसर भी करेंगे। स्कूल की प्राचार्या डा. शीतल ने कहा हमारा प्रयास है कि हमारे बच्चे कोचिंग सेंटर की तलाश में भटकें नहीं, बल्कि स्कूल परिसर में ही उन्हें सर्वोत्तम शिक्षण और मार्गदर्शन मिले। हम उन्हें शैक्षणिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाना चाहते हैं। स्कूल के डायरेक्टर डा. मनीष देवा ने अपने प्रेरणादायक शब्दों में कहा हम बच्चों को केवल परीक्षाओं के लिए नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए तैयार कर रहे हैं। एसआईपी माउंट लिट्रा की दूरदर्शी सोच का हिस्सा है। जहाँ शिक्षा केवल अंक नहीं, आत्मविश्वास, कौशल और जीवन मूल्यों से जुड़ी होती।

# दो बाइकों की टक्कर में दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बछवाड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 28 रानी पम्प के समीप शनिवार की दर शाम दो बाईको की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उक्त दोनों घायलों को ईलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां प्रथम उपचार कर समुचित इलाज के लिए बेगूसराय रेफर किया गया। उक्त दोनों घायलों में एक का इलाज बरौनी स्थित निजी क्लीनिक लाइफ लाईन और एक युवक का इलाज बेगूसराय स्थित ग्लोकल अस्पताल में चल रहा है। जहां दोनों घायल जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। घायल की पहचान मंसूरचक थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहिलवारा गांव निवासी किशन ठाकुर के पुत्र आशीष कुमार और तैयाय ओपी थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा गांव निवासी अर्जुन साह के पुत्र संदीप साह के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक बाइक सवार गोधना की ओर से तो दूसरा बाइक सवार बछवाड़ा की ओर से आ रहा था। इसी दौरान ओवरटेक करने के क्रम में दोनों बाईकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। उन्होंने कहा कि आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से उक्त घायलों को निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। जहां प्रथम उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए बेगूसराय रेफर किया गया। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर पूर्व उप प्रमुख सह वर्तमान पैक्स अध्यक्ष सुशील कुमार राय उर्फ मल्ली राय ने बताया कि बेगूसराय जीरोमाइल से रसीदपुर सीमांकन तक राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति दयनीय बनी हुई है। जिसके कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं कमने का नाम नहीं ले रही है। उन्होंने कहा कि लाखों रुपए टोल टैक्स के नाम पर वसूले जा रहे हैं। इसके बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। साथ ही दुर्घटना के बाद टोल टैक्स का एंबुलेंस समय से नहीं पहुंचता है और ना ही दुर्घनाग्रस्त गाड़ियों को सड़कों पर से हटाने के लिए क्रेन उपलब्ध कराया जाता है। यदि कहे तो टोल टैक्स पर कार्यरत कर्मी और विभाग सिर्फ बछवाड़ा में वसूली के लिए है।

# पिकअप वैन की चपेट में आकर मजदूर की मौत, सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सिंहवाड़ा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पनिशाला चौक के निकट रविवार की सुबह तेज रफ़्तार पिकअप भान की चपेट में साइकिल सवार मजदूर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वही पिकअप भान का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही आक्रोशित लोगो ने सड़क पर ही लाश को रख बांस बल्ला लगा टायर जलाकर सड़क को दो घंटे तक जाम कर दी। जिसके कारण अतरबेल भरवाड़ा पथ पर दोनों और वाहनो की कतार लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझा कर शांत कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के कटरा थाना क्षेत्र के तेहवारा पंचायत के धनवारा गांव निवासी लालधारी महतो के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया मृतक के पुत्र महेश महतो और धर्मेंद्र महतो ने बताया की उसका पिता मजदूरी करने के लिए घर से साइकिल से निकला था। मृतक के पुत्र और एक पुत्री है। पत्नी का देहांत पहले ही हो चुका है।

# जल संकट से बचने के लिए लगाएं पेड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** साइकिल पे संडे के 554 वें रविवार को पिपरा देवस पंचायत स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी की यात्रा की गयी। इस यात्रा के दौरान ठाकुरबारी परिसर में स्थानीय लोगों के साथ पर्यावरण को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में भाग लेते हुए पूर्व मुखिया कौशल किशोर सिंह ने कहा कि आज जिस रूप में आसपास के क्षेत्र में जलस्तर धीरे-धीरे घट रहा है, यह हम सबके लिए बड़ा संकट है। इसके लिए जरूरत है कि हम जहां एक तरफ जल का दोहन कम करें वहीं दूसरी तरफ इसके लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता है। साइकिल पे संडे के साथी विनोद भारती ने उपस्थित लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत किया कहा कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए केवल और केवल संकट देकर जा रहे हैं। हम पेड़ काट रहे हैं, पानी बर्बाद कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में जरूरत है कि हम सब अपने पर्यावरण के लिए सजग हो। वहीं अभियान के सदस्य अंशु कुमार ने युवाओं और बच्चों को अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। कहा कि जब युवा इस अभियान को अपना मान लेंगे तो फिर हम संकट को थोड़ा काम कर सकते हैं। मौके पर टीम के वरिष्ठ सदस्य कुणाल कुमार, संयोजक ड कुंदन कुमार, पत्रकार मुकेश कुमार, विकास कुमार, श्याम कुमार, शशि कुमार, लक्ष्य, अक्षत रोहित, केशव, ओम सहित दर्जनों सदस्यों ने अपनी दमदार उपस्थिति दी।

# निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**फुलवारीशरीफ।** पारस एचएमआरआई अस्पताल में रविवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 545 मरीजों ने आधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों से परामर्श का लाभ उठाया. शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, स्पाइरोमेट्री, बीएमडी, आई स्कैनिंग, डेंटल स्क्रीनिंग समेत विभिन्न जांचें और परामर्श सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं. रेडियोलॉजी और लैब सेवाओं पर 50% तक की छूट दी गई। डॉ. मसीउल्लाह, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. जमशेद अनवर, डॉ. जावेद अनवर थे।

# सोमवार से बनेगा आयुष्मान कार्ड : एसडीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बखरी में 26 मई से 28 मई तक हरेक पंचायतों में आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। बखरी प्रखंड में 26 मई से 28 मई तक हरेक पंचायतों में आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। यह विषेष अभियान ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में आयुष्मान बनाए जाएंगे। ये जानकारी बखरी एसडीएम सन्नी कुमार सौरभ ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया ने बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना के लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान को चलाया जा रहा है। इन्होंने बताया कि बखरी प्रखंड क्षेत्रों में कुल 89 हजार दो सौ 46 महिला पुरुष आयुष्मान कार्ड लाभ लेने से छूटे हुए हैं। इस अभियान में विशेष रूप से 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए अनुमंडल के पेंशनर क्लबों, वरिष्ठ नागरिक संघों और बैंकों से समन्वय स्थापित किया गया है, ताकि हर वरिष्ठ नागरिक को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया जा सके। एसडीएम ने मीडिया कर्मियों से अपील की कि वे इस अभियान का प्रचार-प्रसार कर लोगों को योजना से जोड़ने में सहयोग करें, जिससे यह कल्याणकारी योजना अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक पहुंच सके।

# विकास कार्यों को कार्यकर्ता जन-जन तक पहुंचाएं : मुरारी मोहन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**सिंहवाड़ा।** मंडल भाजपा पूर्वी के कार्यसमिति सदस्यों की बैठक सिमरी स्टेडियम में शनिवार की शाम आयोजित की गई। बैठक में विधान सभा चुनाव की तैयारी व संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा की गई। अध्यक्षता मंडल भाजपा अध्यक्ष नवीन राउत ने की मुख्य अतिथि विधायक डा. मुरारी मोहन झा ने कहा बिहार में आगामी विधान सभा चुनाव के बाद एनडीए गठबंधन की सरकार बनेगी। पुनः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बनेंगे। बूथ लेवल स्तर तक पार्टी को मजबूत कर आप सभी जन जन की आवाज बनकर विकसित बिहार का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला के बाद पाकिस्तान के विरूद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से भारत की शक्ति से पूरे दुनिया को एहसास हो गया है। दुश्मन हिन्दुस्तान की तरफ आंख उठाने व कायरतापूर्ण कारवाई के लिए अब सौ बार सोंचेगा। हम देश वासियों का नैतिक जिम्मेदारी बनता है कि वीर सैनिकों का सम्मान कर हौसला बढाना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्राकर्म एवं नेतृत्व से भारत ताकतवर देश बन गया है। विधायक ने कहा इतिहास में पहली बार परमाणु हथियार संपन्न पाकिस्तान के ऊपर ऐसी कार्रवाई के साथ सिंधु जल समझौता तोडा गया है। राष्ट्रभक्त को जागृत करने के संकल्प के साथ भारत माता व वंदेमातरम की जय जयकार किया गया। जनसंघ प्रचारक सह वरिष्ठ भाजपा नेता प्रधुम्न श्रीवास्तव ने कहा कि गर्व है कि हम सब हिन्दुस्तानी के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के सदस्य हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौधरी व महासचिव सुजीत मल्लिक ने कहा कि भाजपा की निति व विकासात्मक कार्य योजना को धरातल पर मजबूती प्रदान करने में कार्यकर्ताओ की अहम भूमिका है। अपने अपने दायित्व का सफल निर्वहण कर पीएम व नीतीश कुमार के संदेशों को जन जन तक पहुंचावें। इस बीच सरैया निवासी सफी अहमद को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पद पर मनोनित कर माल्यार्पण किया गया। मौके पर जिपस दिलीप यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रमेश सहनी, जटाशंकर सिंह, पूर्व पंचायत समिति नरेश मंडल, जय शंकर सिंह, शंकर राउत, चितरंजन मंडल, दीपक महतो सहित अन्य मौजूद थे।

# श्रविन भारती मित्तल ने टैक्स के कारण यूके छोड़ दिया?

## 2.30 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के हैं वारिस



नई दिल्ली, एजेंसी। यूके में रहने वाले भारतीय परिवार के एक सदस्य ने यूके छोड़ दिया है। इनका नाम श्रविन भारती मित्तल है। 37 साल के श्रविन यूके की बड़ी टेलीकॉम कंपनी बीटी ग्रुप पीएलसी के सबसे बड़े शेयरहोल्डर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रविन अब संयुक्त अरब अमीरात शिफ्ट हो गए हैं। उनके परिवार का एक बड़ा कारोबार है, जिसकी यूके की एक बड़ी मोबाइल और ब्रॉडबैंड कंपनी में 24.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है। श्रविन ने लंदन में एक इन्वेस्टमेंट फर्म अनबाउंड शुरू की थी। अब उन्होंने अबू धाबी में उसकी एक ब्रांच खोली है।

भारती मित्तल परिवार के पास कुल 27.5 बिलियन डॉलर (करीब 2.30 लाख करोड़ रुपये) की संपत्ति है। श्रविन के यूके छोड़ने का सबसे बड़ा कारण अमीर लोगों पर बनाए गए टैक्स नियम हैं। इन नियमों के कारण जो लोग च में रहते हैं लेकिन मूल रूप से विदेश से हैं उन्हें टैक्स में छूट नहीं मिल रही है। क्या है सरकार का नियम मार्च 2024 में यूके की कंजर्वेटिव सरकार ने एक नियम खत्म कर दिया था। इस नियम के तहत जो लोग यूके के नहीं हैं, उन्हें 15 साल तक अपनी विदेशी कमाई पर यूके में टैक्स नहीं देना होता था। लेबर पार्टी ने जुलाई में चुनाव जीतने के बाद इस नियम को बदल दिया। साथ ही टैक्स से संबंधित कई और पाबंदियां लगा दीं। इससे कई लोगों ने यूके छोड़ने का फैसला किया। काफी अमीर यूके छोड़ भी चुके हैं।

### कौन हैं श्रविन?

श्रविन भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल के बेटे हैं। साथ ही वह अनबाउंड के फाउंडर और सीईओ भी हैं। यह एक ऐसी कंपनी है जो टेक्नोलॉजी में लंबे समय के लिए निवेश करती है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक सुनील मित्तल की कुल संपत्ति 27.5 बिलियन डॉलर (करीब 2.30 लाख करोड़ रुपये) है। सुनील मित्तल दुनिया के 72वें सबसे अमीर शख्स हैं।

### कई जगह कर चुके हैं काम

श्रविन भारती ग्लोबल में एमडी के तौर पर काम करने से पहले सॉफ्टबैंक में एक निवेशक थे। उन्होंने बेटर कैपिटल में असिस्टेंट डायरेक्टर के रूप में भी काम किया। श्रविन ने हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए किया है। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ से अकाउंटिंग और फाइनेंस में बीएससी की डिग्री भी हासिल की है। हार्वर्ड से एमबीए करते समय उन्होंने तीन महीने के लिए ड्रॉपबॉक्स में इंटर्नशिप भी की थी। श्रविन ने साल 2015 में साक्षी मित्तल से शादी की। दोनों दिल्ली के द ब्रिटिश स्कूल में साथ पढ़ते थे। साक्षी भी व्हार्टन स्कूल की छात्रा रही हैं और उन्होंने फाइजर और लंदन स्थित इपीआइसी प्राइवेट इक्विटी सहित कई कंपनियों के लिए काम किया है। साक्षी ने भी एमबीए किया है।

# एलआईसी ने 24 घंटे में किए 5,88,107 लाइफ इंश्योरेंस, बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड




नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। एलआईसी ने 24 घंटे में 5,88,107 जीवन बीमा पॉलिसी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। एलआईसी ने इस उपलब्धि को लेकर एक बयान भी जारी किया। इसमें निगम ने कहा कि इस साल 24 जनवरी को 24 घंटे में देशभर में 4,52,839 एलआईसी एजेंटों ने मिलकर कुल 5,88,107 लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी किए, जो विश्व रिकॉर्ड है। इस उपलब्धि को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। एलआईसी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह हमारे एजेंटों के समर्पण, कौशल और अथक कार्य का एक प्रमाण है। इस शानदार प्रयास ने महज 24 घंटे के भीतर जीवन बीमा उद्योग में एक नया वैश्विक मानक स्थापित कर दिया। यह उपलब्धि हमारे ग्राहकों और उनके परिवारों को महत्वपूर्ण वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के हमारे मिशन की गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### मैड मिलियन डे पर की गई थी पहल

यह रिकॉर्ड प्रयास एलआईसी के एमडी और सीईओ सिद्धार्थ मोहंती की पहल का परिणाम था। जिसमें उन्होंने प्रत्येक एजेंट से 20 जनवरी, 2025 को मैड मिलियन डे पर कम से कम एक पॉलिसी पूरी करने की अपील की थी। इस अवसर पर बोलते हुए, मोहंती ने मैड मिलियन डे को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी ग्राहकों, एजेंटों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

# पेटीएम को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, अब फोकस में रहेंगे कंपनी के शेयर




नई दिल्ली, एजेंसी।अगले सप्ताह पेटीएम के शेयर फोकस में रहने वाले हैं। ये हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि पेटीएम को एक बड़ी राहत मिली है। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के स्वामित्व वाले रियल मनी गेमिंग मंच फर्स्ट गेम्स को भेजे गए 5,712 करोड़ रुपये के जीएसटी नोटिस पर रोक लगा दी है। पेटीएम ब्रांड नाम के तहत कारोबार करने वाली वन97 कम्युनिकेशंस ने शनिवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी। बता दें कि जीएसटी खुफिया महानिदेशालय, नयी दिल्ली ने अप्रैल में फर्स्ट गेम्स को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) जारी किया था।

### क्या कहा पेटीएम ने

शेयर बाजार को दी गई जानकारी में पेटीएम ने कहा-फर्स्ट गेम्स ने हमें 24 मई, 2025 को सुबह 10:44 बजे (आईएसटी) बताया कि उक्त कारण बताओ नोटिस को चुनौती देने वाली फर्स्ट गेम्स की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय ने 23 मई, 2025 को एससीएन की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। वन97 कम्युनिकेशंस ने कहा कि कर का मामला उद्योग-व्यापी मुद्दा है और फर्स्ट गेम्स तक सीमित नहीं है।

# हर्ष गोयनका ने डायग्राम बनाकर दिखाए चीन, अमेरिका और यूरोप के नजारे!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योगपति हर्ष गोयनका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत की तकनीकी तरक्की को लेकर एक जरूरी सवाल उठाया है। उन्होंने चीन, अमेरिका और यूरोप की तुलना में भारत को थोड़ा पीछे बताया है। गोयनका ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में डायग्राम शेयर किया। इस डायग्राम में दुनिया के तकनीकी नजारे को दिखाया गया है। इसमें बताया गया है कि चीन चीजें बनाता है, अमेरिका नए आइडिया लाता है और यूरोप नियम बनाता है। गोयनका ने पूछा, भारत कहां है? उनका मतलब था कि भारत में कुछ कमी है।

### कौन कितना आगे?

डायग्राम में गोयनका ने दिखाया गया है कि चीन ने ड्रोन, एडवांस्ड बैटरी और 5त्र में महारत हासिल की है। अमेरिका टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड फिजिक्स और बायोटेक व फार्मा में आगे है। यूरोप नियम बनाने में आगे बढ़ रहा है। वहीं चीन और अमेरिका चिप, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, नेक्स्ट जेन नेटवर्क्स और एआई में एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।

### भारत का कौन सा नंबर?

भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 2015 से 2023 के बीच 81वें नंबर से 40वें नंबर पर आ गया है। लेकिन अभी भी कुछ दिक्कतें हैं। भारत अपनी जीडीपी का सिर्फ 0.64 प्रतिशत ही रिसर्च और डेवलपमेंट पर खर्च करता है। जबकि चीन 2.68 प्रतिशत और अमेरिका 3.5 प्रतिशत खर्च करते हैं। चीन की कंपनी हुआवेई भी भारत के पूरे सरकारी और प्राइवेट सेक्टर से ज्यादा रिसर्च पर खर्च करती है।

**क्या है चीन-अमेरिका की तरक्की का कारण:** चीन की तरक्की का कारण मेड इन चाइना 2025 जैसी सरकारी योजनाएं हैं। चीन हर साल लगभग 500 बिलियन डॉलर की रकम रिसर्च और डेवलपमेंट पर खर्च करता है। वह सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक गाड़ियों जैसे सेक्टरों पर ध्यान दे रहा है। अमेरिका में सिलिकॉन वैली है, जो नए आइडिया को बढ़ावा देती है।

# चीन को सिरदर्द दे रहीं भारत की दवाइयां! भारतीय कंपनियों ने बढ़ाई अमेरिका और यूरोप में पहुंच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की फार्मा इंडस्ट्री इस समय चीन को कड़ी टक्कर दे रही है। अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर में भारत की दवा कंपनियों को फायदा मिल रहा है और ये तेजी से दवाएं बना रही हैं। इस समय कई भारतीय दवा कंपनियों ने विदेशी कंपनियों से डील की है। ऐसे में देखा जाए तो भारत की फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री चीन के लिए सिरदर्द बन रही है। अप्रैल के महीने में सुवेन फार्मास्युटिकल्स के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन विवेक शर्मा एक बड़ी डील के लिए एक विदेशी कंपनी के अधिकारियों से बात कर रहे थे। यह कंपनी दवा बनाने के लिए जरूरी सामान बनाती है। शर्मा की कंपनी हैदराबाद में है। वे ऐसी कंपनियों को खरीदना चाहते हैं जिनके पास नई तकनीक हो। इससे उनकी कंपनी पश्चिमी देशों की बड़ी दवा कंपनियों से दवा बनाने का काम ले सकेगी।



### अमेरिकी कंपनी में खरीदी बड़ी हिस्सेदारी

इससे पहले दिसंबर में सुवेन ने एनजे बायो इंक में ज्यादातर हिस्सेदारी खरीद ली थी। यह कंपनी अमेरिका के प्रिंसटन में है। यह एक रिसर्च कंपनी है जो कैंसर के इलाज के लिए दवाएं बनाती है। सुवेन ने इस कंपनी को 65 मिलियन डॉलर में खरीदा। इस डील से सुवेन सीडीएमओ के बाजार में एक बड़ी कंपनी बन गई है। सीडीएमओ दूसरी कंपनियों के लिए दवा बनाने का काम करती हैं। ये कंपनियां दवा बनाने से लेकर उसे बाजार में बेचने तक का सारा काम करती हैं। इस बीच, बायोकोन कंपनी सिंजीन इंटरनेशनल ने अमेरिका के बाल्टीमोर में इमर्जेंट बायो सॉल्यूशंस नाम की एक कंपनी को खरीद लिया है। यह कंपनी प्रोटीन और जीन जैसी दवाएं बनाती है। यह डील 36.5 मिलियन डॉलर में हुई है। सिंजीन इंटरनेशनल के एमडी और सीईओ, पीटर बैंस का कहना है कि इस डील से सिंजीन को अमेरिका में पैर जमाने में मदद मिलेगी और वह अपने ग्राहकों के करीब आ सकेगी। ग्लोबल फार्मा कंपनियां अब अपने सप्लाई चेन को बदलना चाहती हैं। अमेरिका और यूरोप की बड़ी दवा कंपनियां चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहती हैं क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच रिश्ते ठीक नहीं हैं। इसलिए, वे अपने देश के करीब दवाएं बनवाना चाहती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी देशों की दवा कंपनियां अपने देश में फैक्ट्रियां लगा रही हैं ताकि सप्लाई चेन में दिक्कत न हो, नियमों का पालन हो सके और दवाएं बनाने का काम आसानी से हो सके।

### ट्रंप का आदेश भी अच्छी खबर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक आदेश जारी किया था जिसमें दवा कंपनियों को 30 दिनों में दवाओं की कीमतें कम करने के लिए कहा गया था। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे दवा कंपनियां भारत में अपने पार्टनर ढूंढेंगी ताकि वे रिसर्च और प्रोडक्शन की लागत कम कर सकें। यह भारतीय सीडीएमओ के लिए एक अच्छी खबर है।

### अमेरिका और यूरोप में जमा रहीं पैर

भारत की कई सीडीएमओ पश्चिमी देशों की बड़ी दवा कंपनियों के लिए दवाएं बनाने में मदद कर रही हैं। अब ये कंपनियां अमेरिका और यूरोप में ऐसी कंपनियों को ढूंढ रही हैं जिन्हें खरीदकर वे अपनी क्षमता बढ़ा सकें। एक बड़े अधिकारी का कहना है कि भारत की लगभग हर सीडीएमओ कंपनी के लोग अमेरिका के पूर्वी तट और पश्चिमी तट पर ऐसी कंपनियों को ढूंढ रहे हैं जिन्हें खरीदा जा सके। भारत में इन कंपनियों की फैक्ट्रियां सालों से विदेशी दवा कंपनियों की मदद कर रही हैं। अब ये कंपनियां ऐसी कंपनियों को खरीदना चाहती हैं जो कैंसर, जीन थेरेपी और बायोलॉजी के क्षेत्र में काम करती हैं।

# ई-कॉमर्स के सहारे एफएमसजी कंपनियों की शहरों में बिक्री बढ़ाने में मिल रही मदद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कंज्यूमर उत्पाद बनाने वाली कंपनियों एफएमसजी कंपनियों की बिक्री शहरी क्षेत्रों में बिक्री ग्रामीण इलाकों की तुलना में कम रहा है। कंपनियों का शहरी विकास दर 4.2 प्रतिशत से धीमी होकर 2.6 प्रतिशत रहा है। लेकिन शहरों में विशेषकर महानगरों में कंपनियों की बिक्री बढ़ाने में ई-कॉमर्स और क्विक-कॉमर्स चैनल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कंपनियों का भी मानना है क्विक कॉमर्स ने पिछले कुछ सालों में शहरी बिक्री को बढ़ाने में मददगार साबित हुए हैं। हाल ही में निलसन ने अपनी रिपोर्ट जारी की है, जिसमें शहरों में विशेषकर महानगरों में ई-कामर्स की और उपभोक्ताओं का रुझान तेजी से बढ़ा है, जिसकी बढ़ी वजह खरीदारों की बढ़ती हुई सहभागिता है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स (जीसीपीएल) के प्रबंधन निदेशक और सीईओ सुधीर सीतापति ने को बताया कि पिछले दो सालों में ई-कॉमर्स में अच्छी ग्रोथ दिख रही है। शहरों क्षेत्रों में इन प्लेटफॉर्म के जरिए बिक्री बढ़ रही है। इसमें हमारी हमारी बिक्री 7 से 8 प्रतिशत है और इसमें मिक्स साइज के पैक की बिक्री अधिक होती है। इसमें पर्सनल केयर और बॉडी वॉश जैसे उत्पादों की अच्छी बिक्री हुई है। भविष्य में कंपनी इस और फोकस जारी रखेगा, क्योंकि महानगरों में इनके जरिए बिक्री काफी तेजी से बढ़ रही है। कंपनी मार्केट शेयर के बजाए लॉर्ज कैटेगरी पर फोकस करेगी। मैरिको के प्रबंध निदेशक सौगत गुप्ता ने कंपनी परिणाम के बाद विशलेष कॉल में कहा कि कंपनी ई-कॉमर्स पर फोकस कर रही है। इसके अलावा आईटीसी और डाबर भी अपने ई-कॉमर्स बिक्री में वृद्धि देख रहे हैं। नीलसनआईक्यू इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार ई-कॉमर्स अथवा क्विक कॉमर्स का महत्व बढ़ रहा है विशेषकर शहरी महानगरों में ई-कॉमर्स की ओर रुझान बढ़ा रहा है। इसकी बड़ी वजह खरीदारों की बढ़ती हुई सहभागिता है। इसका असर ऑफलाइन चैनल पर पड़ रहा है। आधुनिक व्यापार और सामान्य व्यापार दोनों की हिस्सेदारी क्रमशः 22.8 प्रतिशत और 62.5 प्रतिशत तक गिर गई है। मेट्रो शहरों में ई-कॉमर्स की वृद्धि जो कि 39.9 प्रतिशत तक पहुंच गई है, पारंपरिक व्यापार में 2.2प्रतिशत की गिरावट और आधुनिक व्यापार 7.7 प्रतिशत की गिरावट से आगे है। नीलसनआईक्यू के अनुसार यह ऑनलाइन शॉपर्स की बढ़ती पहुंच खरीदारी के आकार को बढ़ाएगी साथ ही कंपनियों को शहरों में बिक्री बढ़ाने में सहायक होगी।

# कबाड़ी वाले से आइडिया लेकर दो दोस्तों ने शुरू किया कबाड़ का काम, अब कमा रहे लाखों रुपये



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या कबाड़ का कारोबार करके भी बड़ा बिजनेसमैन बना जा सकता है? हां, और यह सच कर दिखाया है महाराष्ट्र के ठाणे शहर के दो दोस्तों ने। इनका नाम हेनिक गाला और श्रेयस जलपुर है। इन्होंने बचपन में एक कबाड़ी वाले को देखा। उस कबाड़ीवाले से प्रेरणा लेकर उन्होंने स्क्रैपजी नाम से एक स्टार्टअप शुरू किया। आज इनका टर्नओवर लाखों रुपये है।

स्क्रैपजी हर महीने 10,000 किलो से ज्यादा कचरा रीसायकल करता है। हेनिक और श्रेयस जब छोटे थे तो उन्होंने अपने स्कूल के पास एक कबाड़ी वाले को देखा। वे उसे कचरा छांटते और तौलते हुए देखते थे। हेनिक बताते हैं कि वह असली समस्या का समाधान कर रहा था। यह बात उनके दिमाग में बैठ गई। साल 2023 में जब वे 26 साल के हुए तो उन्होंने स्क्रैपजी शुरू किया। यह स्टार्टअप तकनीक की मदद से कचरा इकट्ठा करता है और उसे रीसायकल करता है। स्क्रैपजी का काम करने का तरीका थोड़ा अलग है। यह स्टार्टअप लोगों के घरों से अखबार, प्लास्टिक, मेटल और ई-कचरा इकट्ठा करता है। लेकिन इसमें तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे काम आसान हो जाता है। ग्राहक वेबसाइट या वाटसऐप के जरिए कचरा उठाने का समय तय कर सकते हैं। स्क्रैपजी के कर्मचारी घर आकर कचरा तोलते हैं और तुरंत पैसे देते हैं। कचरे को रीसाइक्लिंग सेंटर भेजा जाता है। इससे सब कुछ ठीक तरह से होता है। स्क्रैपजी के 2,000 से ज्यादा ग्राहक हैं। हर महीने वे 10 टन कचरा रीसायकल करते हैं। क्रिकेटर दिनेश कार्तिक भी इस मुहिम में शामिल हो गए हैं। वे स्क्रैपजी के ब्रांड एंबेसडर हैं और उन्होंने कंपनी में पैसा भी लगाया है। इससे स्क्रैपजी को फंडिंग और सरकारी मदद मिलने में आसानी हो रही है।

### क्या है सपना?

हेनिक कहते हैं, हमारा सपना है कि 2030 तक भारत कचरा मुक्त हो जाए। लेकिन वे जानते हैं कि यह काम अकेले नहीं हो सकता।

# ओयो अब थोड़े समय के लिए घर भी किराए पर देगी, इसके लिए ऑस्ट्रेलिया की कंपनी मेडकॉम्फी को खरीदा

नई दिल्ली, एजेंसी। ओयो की वेकेशन होम मैनेजमेंट कंपनी बेलविला बाय ओयो ने एक बड़ा कदम उठाया है। उसने ऑस्ट्रेलिया के शॉर्ट-टर्म रेंटल प्लेटफॉर्म मेडकॉम्फी को खरीद लिया है। यह डील कैश और स्टॉक में हुई है। ओयो की पैरेंट कंपनी ओरावेल स्टेज की एक्स्ट्राऑर्डिनरी जनरल मीटिंग में इस फैसले को 100 प्रतिशत मंजूरी मिली। इस डील के तहत कंपनी 1.9 मिलियन डॉलर (लगभग 16 करोड़ रुपये) के शेयर जारी करेगी। हर शेयर की कीमत 0.67 डॉलर (लगभग 57.09 रुपये) होगी। इससे बेलविला की पैरेंट कंपनी ओयो की वैल्यू लगभग 5 बिलियन डॉलर (लगभग 42,500 करोड़ रुपये) आंकी गई है। इसके अलावा, दो साल बाद 9.6 मिलियन डॉलर (लगभग 81 करोड़ रुपये) के शेयर भी दिए जाएंगे। कंपनी कुछ कैश भी देगी, लेकिन इसकी जानकारी नहीं दी गई है। मेडकॉम्फी की वेबसाइट के अनुसार इस कंपनी को सबरीना बेथुनिन और क्विरिन श्वाइघोफर ने साल 2015 में शुरू किया था। यह कंपनी ऑस्ट्रेलिया में 1,200 से ज्यादा प्रॉपर्टीज का मैनेजमेंट करती है। इनके ऑफिस सिडनी, मेलबर्न, ब्रिस्बेन, पर्थ और एडिलेड में हैं। यह कंपनी न्यूजीलैंड में भी है और ऑकलैंड, वेलिंगटन और हैमिल्टन में प्रॉपर्टीज मैनेज करती है। सूत्रों के अनुसार, मेडकॉम्फी ने 2024 में लगभग 9.6 मिलियन डॉलर (लगभग 81 करोड़ रुपये) का रेवेन्यू कमाया। यह कंपनी शॉर्ट-टर्म रेंटल प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सर्विस देती है। इनकी टीम प्रॉपर्टी इन्वेस्टर्स के साथ मिलकर काम करती है ताकि उनकी रेंटल इनकम को बढ़ाया जा सके।




### ओयो ने पहले भी की हैं ऐसी डील

ओया ने साल 2019 में लीजर ग्रुप को खरीदा था। इसमें बेलविला ब्रांड भी शामिल था। इसका मकसद यूरोप में वेकेशन होम रेंटल बिजनेस को बढ़ाना था। बेलविला पहले लीजर ग्रुप का हिस्सा था, लेकिन बाद में इसे बेलविला बाय ओयो के नाम से जाना जाने लगा। दिसंबर 2024 में ओयो ने जी6 हॉस्पिटैलिटी को 525 मिलियन डॉलर में खरीदा था। जी6 हॉस्पिटैलिटी, मोटल 6 और स्टूडिया 6 की पैरेंट कंपनी है। यह डील पूरी तरह से कैश में हुई थी। इस अधिग्रहण से ओयो को अमेरिका और कनाडा में लगभग 1,500 फ्रैंचाइज्ड होटल मिल गए। बेलविला के पास यूरोप के 20 देशों में 50,000 हॉलिडे होम हैं। इनमें नीदरलैंड, बेल्जियम, जर्मनी, फ्रांस, इटली और स्पेन जैसे देश शामिल हैं।



# रश्मिका को अच्छी लगती है बारिश की भीनी खुशबू, लेकिन एक चीज नहीं पसंद!

**बारिश** की पहली बूंदों की भीनी-भीनी सी खुशबू हर किसी को बहुत भाती है। मशहूर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को भी पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है। लेकिन उन्होंने बारिश से होने वाली असुविधा को निराशाजनक बताया। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है, लेकिन उन्हें यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ धीमा हो जाता है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर बारिश का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो पर एक लाइन लिखी है, जब बारिश होती है तो मिट्टी की खुशबू आती है। इस वीडियो को शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, तो बारिश आ गई है... मुझे यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ थोड़ा धीमा हो जाता है, लेकिन कसम से! पहली बारिश की खुशबू सबसे अच्छी होती है और वह एहसास भी कमाल का होता है। यह सबसे प्यारा लगता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका की झोली में कई फिल्में हैं, जिसमें आदित्य सरपोतदार की थामा, जिसमें आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं, साथ ही कुबेरा, पुष्पा 3, द गर्लफ्रेंड और रेनबो भी शामिल हैं। 20 मई को, रश्मिका ने जी सिने अवॉर्ड्स 2025 के रेड कार्पेट पर वॉक किया था। लुक की बात करें तो इस दौरान वह ब्लैक कलर की खूबसूरत मॉडर्न साड़ी में नजर आईं। इसके साथ उन्होंने डीप स्वीटहार्ट नेकलाइन वाला डिजाइनर ब्लाउज पहना हुआ था। इसके अलावा, गोल्डन हार्ट शेप की बालियां फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच रही थीं। शानदार लुक पाने के लिए उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ था। अपने इस लुक की तस्वीरें रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, काफी समय बाद मैं फिर से रेड कार्पेट पर गई... आप सबका इतना प्यार मिल रहा है, जिससे मेरा दिल बहुत खुश है। बस आपको दिखाना चाहती थी कि उस दिन मैंने क्या पहना था...




# आर. माधवन के नाम पर ऑनलाइन लूट रही थी महिला, एक्टर ने खोलकर रख दी पोल

ऑनलाइन दुनिया में ठगी के धंधे भी बहुत हैं। कई बार ठग सितारों का नाम लेकर ठगी करते हैं। ऐसा ही कुछ एक महिला आर. माधवन के नाम पर करने की फिराक में थी। मगर, एक्टर ने समय रहते महिला ठग की पोल खोल दी। बड़े प्रोडक्शन हाउस और सुपरस्टार्स के नाम पर अक्सर मासूमों को ठगा जाता है। खासकर, वे लोग जो सिनेमा की दुनिया में करियर बनाने मायानगरी आते हैं। खुद को बड़े सितारों का मैनेजर बताकर न जाने ठग कितने ही मासूमों को अपने झांसे में फंसाते हैं। ऑनलाइन दुनिया में ऐसा ही एक महिला ठग अभिनेता आर. माधवन के नाम पर कर रही थी। मगर, एक्टर ने सूझबूझ दिखाई। पता चलते ही महिला की पोलपट्टी खोल दी। अभिनेता आर. माधवन ने आज शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है। यह श्रुति नैना नाम की एक प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट है। इसके बायो में लिखा है, आर. माधवन की ऑफिशियल मैनेजर। एक्टर ने स्क्रीनशॉट में यह हिस्सा गोला लगाकर शेयर किया है। साथ ही लिखा है, फ्रॉड अलर्ट। श्रुति नैना नाम की जिस प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट शेयर किया गया है, इसके करीब सवा तीन सौ फॉलोअर्स हैं। एक्टर ने समय रहते महिला की असलियत लोगों के सामने खोलकर रख दी। साथ ही उन्हें एलर्ट भी कर दिया कि वे इस तरह के फ्रॉड से सावधान रहें।



# विक्रांत मैसी ने श्री श्री रविशंकर प्रसाद पर आधारित महावीर जैन और मार्फ़िलक्स पिक्चर्स की अंतर्राष्ट्रीय थ्रिलर फिल्म व्हाइट की तैयारी शुरू की

**प्रभावशाली** सिनेमा के पीछे दूरदर्शी निर्माता महावीर जैन और वैश्विक अपील वाली अत्याधुनिक फिल्में देने के लिए मशहूर सिद्धार्थ आनंद की मार्फ़िलक्स पिक्चर्स, फिल्म व्हाइट बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं, एक अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर जो विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर प्रसाद के जीवन और शिक्षाओं पर गहराई से प्रकाश डालती है। विक्रांत मैसी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म व्हाइट में मनोरंजक कहानी और गहन आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि का मिश्रण होने का वादा किया गया है, जो सामाजिक रूप से जागरूक और वैश्विक रूप से प्रासंगिक फिल्म निर्माण में एक साहसिक अध्याय की नई शुरूआत करेगी। फिल्म की टीम ने अब इसकी गहन तैयारी शुरू कर दी है, जो एक प्रामाणिक और इमर्सिव सिनेमाई यात्रा की नींव रखेगी। इस तैयारी के हिस्से के रूप में, महावीर जैन ने व्यक्तिगत रूप से बेंगलुरु में आर्ट ऑफ़ लिविंग आश्रम की एक महत्वपूर्ण दौरा किया। प्रशंसित अभिनेता विक्रांत मैसी, जो श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने प्रतिष्ठित हैप्पीनेस प्रोग्राम में भाग लिया, जो श्री श्री रविशंकर प्रसाद द्वारा स्वयं स्थापित एक सिग्नेचर ब्रीदवर्क और मेडिटेशन कोर्स है। आश्रम से साझा की गई एक तस्वीर इस शांतिपूर्ण क्षण को खूबसूरती से दर्शाती है, जिसमें पूरी टीम सफेद वस्त्रों में आध्यात्मिकता की भावना को समर्पित नज़र आती है। कैप्शन में लिखा है, ÷हृदय कृतज्ञता से भरा हुआ इस ज्ञान के लिए आभारी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर प्रसाद।÷ परियोजना के मूल में गहरी श्रद्धा और कृतज्ञता को दर्शाता है।



# माइंडसेट को बनाओ मजबूत, नतीजे होंगे शानदार: रकुल

**मशहूर एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह न सिर्फ अपनी फिल्मों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपनी पॉजिटिव सोच और लाइफस्टाइल के लिए भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक किताब का पन्ना शेयर किया, जिसमें जिंदगी से जुड़ी गहरी बात छिपी हुई थी। दरअसल, इस पन्ने पर लिखा था- आपके सोचने का तरीका, हमारी जिंदगी की बुनियाद होता है।**

इस पोस्ट को शेयर करते हुए रकुल प्रीत सिंह ने कैप्शन में लिखा, माइंडसेट पर काबू रखें, तो नतीजों पर भी काबू होगा। यानी अगर आप अपने सोचने के तरीके पर काबू पा लेते हैं, तो आप अपने नतीजों पर भी काबू पा सकते हैं। रकुल का यह पोस्ट इस बात का सबूत है कि वह अपने फैंस का सिर्फ मनोरंजन ही नहीं करती, बल्कि जिंदगी से जुड़ी प्रेरणाएं भी उन्हें देती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने पिता के साथ एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में उन्होंने एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने पिता के साथ स्कूटर पर बैठी हुई दिखाई दीं। यह तस्वीर उनके बचपन की थी। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, सेना दिवस भले ही पूरी दुनिया में मनाया जाता हो, लेकिन मेरा दिल एक वर्दी के लिए धड़कता है, मेरे पापा की वर्दी के लिए। एक आर्मी ऑफिसर के बच्चे के रूप में मैंने बचपन से ही त्याग, सम्मान और हिम्मत का मतलब समझा। आज मैं सिर्फ अपने पापा को नहीं, बल्कि उन सभी सैनिकों को सलाम करती हूं, भारत और दुनिया भर के, जो खुद से पहले देश की सेवा को चुनते हैं। खासकर हाल के समय में भारतीय सेना की बहादुरी हमें याद दिलाती है कि शांति मुफ्त में नहीं मिलती, उसे सैनिकों की कुर्बानी से सुरक्षित रखा जाता है। मैं दिल से शुक्रगुजार हूं।

## इन अभिनेत्रियों ने छोटे पर्दे से की शुरूआत

# अब फिल्मों में खूब कमाया नाम

**बॉ**लीवुड में पहुंचने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। इसके बाद उन्हें अच्छी फिल्में मिलती हैं और उनका नाम होता है। बॉलीवुड की कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने छोटे पर्दे यानी टीवी से अपने करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह बड़े पर्दे यानी बॉलीवुड तक पहुंचीं। आज दुनिया में उनका नाम है। आज इस खबर में हम उन अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे जिन्होंने छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक का सफर तय किया।

### विद्या बालन



विद्या बालन बॉलीवुड में अलग अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने साल 1995 में हम पांच टीवी शो से अदाकारी में कदम रखा। इसके बाद वह बंगाली फिल्म में नजर आईं। उन्होंने बॉलीवुड में अपने अभिनय की शुरूआत साल 2005 में फिल्म परिणीता से की।

### मौनी रॉय



मौनी रॉय आज बॉलीवुड की बड़ी एक्ट्रेस हैं। एक वक्त था जब वह छोटे पर्दे पर अदाकारी करती थीं। उन्होंने सबसे पहले साल 2006 में क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने बतौर एक्ट्रेस साल 2018 में फिल्म गोल्ड से अदाकारी शुरू की।

### यामी गौतम



यामी गौतम अपनी सबसे पहली फिल्म विक्की डोनर (2012) से बहुत मशहूर हुईं। इसके बाद उन्हें कई फिल्में मिलीं। लेकिन उन्होंने अपने इभिनय की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। उन्होंने सबसे पहले टीवी सीरियल 'चांद के पार चलो' से अदाकारी की शुरूआत की थी।

### मृणाल ठाकुर



मृणाल ठाकुर बॉलीवुड इंडस्ट्री का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने अपना एक्टिंग करियर कुमकुम भाग्य टीवी शो से शुरू किया था। उन्होंने बॉलीवुड में लव सोनिया से कदम रखा। उन्होंने ऋतिक रोशन और जॉन अब्राहम के साथ काम किया।

### प्राची देसाई

प्राची देसाई भी फिल्मों में जलवा दिखाने से पहले टीवी सीरियल में दमदार अदाकारी कर चुकी हैं। उन्होंने सबसे पहले कसम से सीरियल में अदाकारी की। उन्होंने रॉक आन से बॉलीवुड में कदम रखा। वह इमरान हाशमी के साथ फिल्म अजहर में भी नजर आ चुकी हैं।



# बढ़े हुए वजन को लेकर ट्रोल हुई ऐश्वर्या राय, ट्रोल्स को फिर दिया करारा जवाब

बॉलीवुड की ग्लोबल आइकन और पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय बच्चन एक बार फिर कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में अपने अनोखे और रॉयल अंदाज से चर्चा में आ गई हैं। इस बार ऐश्वर्या ने फेस्टिवल के पहले दिन एक पारंपरिक बनारसी साड़ी पहनकर सबका ध्यान खींच लिया। माथे पर सिंदूर, गले में चोकर और कंधों पर लहराता लंबा दुपट्टा—ऐश्वर्या का यह लुक भारतीय परंपरा और आधुनिकता का सुंदर मेल था।



### सिंदूर से जुड़ा गहरा संदेश?

ऐश्वर्या के लुक की सबसे खास बात थी उनकी मांग में भरा सिंदूर, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर कई चर्चाएं शुरू हो गईं। कई यूजर्स ने इसे हाल ही में वायरल हुए ऑपरेशन सिंदूर अभियान से जोड़ते हुए कहा कि यह ऐश्वर्या का एक साइलेंट स्टैंड हो सकता है—भारतीय संस्कृति के उस पक्ष के समर्थन में, जिसमें सिंदूर को एक विशेष पहचान दी जाती है। उनके इस देसी लुक की तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं।


# टीवी पर जल्द शुरू हो रहा सुपर डांसर सीजन 5

**टीवी** का पसंदीदा डांस रियलिटी शो सुपर डांसर अपने पांचवें सीजन के साथ लौट रहा है। यह शो बच्चों की डांस प्रतिभा को मंच देता है। अब जब सीजन 5 की तैयारी शुरू हो गई है, तो दर्शकों के बीच उत्सुकता देखने को मिल रही है। इस नए सीजन में 12 बच्चे बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेंगे। इस शो की जज



एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, कोरियोग्राफर गीता कपूर और उनके साथ कोरियोग्राफर मर्जी पेस्टनजी होंगे। बता दें कि शिल्पा और गीता पहले भी शो की जज रह चुकी हैं। वहीं, मर्जी इस शो में पहले कई बार गेस्ट के तौर पर शामिल हो चुके हैं, लेकिन इस बार वह शो के नए जज बनकर आएंगे। शो के होस्ट परितोष त्रिपाठी होंगे। शो के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए शिल्पा शेट्टी ने कहा, एक मां का सबसे बड़ा सपना होता है कि उसका बच्चा दुनिया में नाम कमाए। मैं खुद एक मां हूं, इसलिए जानती हूं कि मां का अपने बच्चे के लिए कितना प्यार और सपोर्ट होता है। जज के तौर पर मैं ऐसे परफॉर्मेंस देखना पसंद करती हूं जो सीधा दिल को छू जाए। जज गीता कपूर ने कहा, इस नए सीजन में खास बात ये है कि मां और बच्चे के रिश्ते को बहुत खूबसूरती से दिखाया जाएगा। हर कंटेस्टेंट अपने डांस में नए-नए आइडियाज लेकर आएंगे। वह बिना डर के एक्सपेरिमेंट करेंगे और पूरी मेहनत से बेहतरीन परफॉर्मेंस देंगे। मैं इन सभी कंटेस्टेंट्स को पहले से ही दिल से शुभकामनाएं देती हूं। कोरियोग्राफर मर्जी ने कहा, मैं पहले भी सुपर डांसर शो में गेस्ट बनकर आया हूं। जब भी मैं यहां आया हूं, हर बार बच्चों की काबिलियत, एनर्जी और जोश देखकर हैरान रह जाता हूं। कंटेस्टेंट्स के डांस देखकर मुझे वाकई बेहद खुशी होती है। पहली बार जज बनकर इस शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास और भावुक करने वाला अनुभव है। सुपर डांसर- सीजन 5 जल्दी ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर शुरू होने वाला है। लेकिन अभी तक शो की रिलीज डेट सामने नहीं आई है।

संक्षिप्त समाचार



## 2028 तक साबरमती से वापी के बीच शुरू हो सकती है बुलेट ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए मुंबई से अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर लंबा हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इसको लेकर बड़ी जानकारी सामने आ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2028 तक यह गुजरात में साबरमती से वापी के बीच शुरू हो सकती है। पूरे मार्ग पर 2030 तक ट्रेन के दौड़ने की संभावना जताई गई है। सीएनएन न्यूज-18 ने अपनी एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी है।

नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेडद्वारा राइडरशिप सर्वे कराया जाएगा, जिसमें यात्री संख्या, किराया निर्धारण और ट्रैफिक अनुमान तय किए जाएंगे। सर्वे में यह आकलन किया जाएगा कि कौन-कौन से मौजूदा यात्रा विकल्प जैसे कि कार, टैक्सी, बस, एसी ट्रेन, हवाई यात्रा आदि से यात्री हाई-स्पीड रेल की ओर आकर्षित होंगे। यह सर्वे विशेष रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के आसपास के क्षेत्रों में किया जाएगा।

इस रेल लाइन की कुल दूरी 508 किलोमीटर की होगी। गुजरात में करीब यह 348 किमी की दूरी तय करेगी। इसके बाद महाराष्ट्र में लगभग 156 किमी के ट्रैक पर बुलेट ट्रेन दौड़ेगी। महाराष्ट्र में मुंबई (बीकेसी), ठाणे, विरार, बोईसर में स्टेशन तैयार किए जा रहे हैं। वहीं, गुजरात में वापी, बिलीमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद, साबरमती स्टेशन बनाए जा रहे हैं।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि अब तक 300 किमी वायाडक्ट का निर्माण हो चुका है। मुंबई के बीकेसी स्टेशन पर 76 प्रतिशत खुदाई का काम पूरा हो चुका है। 383 किमी पियर वर्क, 401 किमी फाउंडेशन और 326 किमी गर्डर कास्टिंग भी पूरी हो चुकी है।

**महाराष्ट्र में क्यों हो रही है देरी:** गुजरात में काम तेजी से हुआ है, जबकि महाराष्ट्र में भूमि अधिग्रहण को लेकर पूर्ववर्ती महा विकास आघाड़ी सरकार के समय परियोजना लगभग तीन साल तक रुकी रही। आपको बता दें कि इस परियोजना के शुरू होने से भारत दुनिया के उन चुनिंदा 15 देशों की सूची में शामिल हो जाएगा जहां हाई-स्पीड रेल प्रणाली मौजूद है। बुलेट ट्रेन से यात्रा समय में भारी कमी, प्रदूषण में गिरावट, सड़क दुर्घटनाओं में कमी, रोजगार के नए अवसर, विदेशी तेल पर निर्भरता में कमी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## हर 5 किमी पर चार्जिंग स्टेशन, नया कॉरिडोर भी बनेगा, दिल्ली की नई ईवी पॉलिसी से जुड़ी हर बात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की राजधानी दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार अपनी नई नीति लाने की तैयारी में है। इस नीति में मुख्य रूप से चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने,रोजगार के नए अवसर पैदा करने और तेजी से ग्रीन मोबिलिटी अपनाने पर ध्यान दिया जाएगा। परिवहन विभाग के सूत्रों के अनुसार,नई नीति का लक्ष्य है कि दिल्ली में हर पांच किलोमीटर पर कम लागत वाले और तेज ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएं। यह नई नीति मौजूदा नीति की जगह लेगी,जिसकी समय-सीमा जुलाई के मध्य तक बढ़ा दी गई थी। इस नीति में बैटरी बदलने की सुविधाओं को बढ़ावा देने, ईवी किट लगाने के लिए आकर्षक प्रोत्साहन देने और पुराने वाहनों को कबाड़ करने पर भी जोर दिया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि सरकार नई नीति में एक ईवी कॉरिडोर बनाने की भी योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर आउटर रिंग रोड के किनारे बनाया जा सकता है,क्योंकि यह शहर के सबसे व्यस्त रास्तों में से एक है और कई महत्वपूर्ण जगहों को जोड़ता है।

# वकीलों के मेडिकल इंश्योरेंस के लिए कपिल सिब्बल ने अंबानी-अडानी से मांगे 50 करोड़



**नईदिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल द्वारा वकीलों के लिए शुरू की गई 50 करोड़ की सामूहिक स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर एसोसिएशन में आंतरिक विवाद उभर आया है। इस योजना के तहत देश के प्रमुख उद्योगपतियों से धन जुटाया गया है, लेकिन एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने इसे लेकर पुनर्विचार या रद्द करने की बात कही है। कपिल सिब्बल ने वकीलों की चिकित्सा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उद्योगपतियों से फंड इकट्ठा कर 2 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा कवर देने की पहल की। योजना के तहत नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से अपोलो समूह की मदद से बीमा उपलब्ध कराया जाएगा। इस बीमा योजना का लाभ एससीबीए के लगभग 2,700-2,800 सदस्यों को मिलेगा।

### फंड देने वाले प्रमुख उद्योगपति

इसके लिए देश के प्रमुख उद्योगपति और रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने 10 करोड़ रुपये दिए। इसके अलावा, अनिल अंबानी, गौतम अडानी, एन चंद्रशेखरन (टाटा), समीर मेहता (टोरेंट), जीएम राव, कुमार मंगलम बिड़ला, अनिल अग्रवाल (वेदांता), लक्ष्मी मित्तल जैसे कारोबारियों ने 5 करोड़ दिए।

### किस बात को लेकर भड़का विवाद

एससीबीए के नए अध्यक्ष विकास सिंह ने इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए कहा, मेरी व्यक्तिगत राय में इस योजना को फिर से बातचीत के ज़रिए बदला जाना चाहिए या समाप्त कर देना चाहिए। 2 लाख के बीमा कवर के लिए जो प्रीमियम हम दे रहे हैं वह 5 लाख के कवर की तुलना में कहीं ज्यादा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह योजना केवल आर्थिक रूप से जरूरतमंद वकीलों के लिए होनी चाहिए, न कि सभी के लिए, जिसमें वे खुद और सिब्बल भी शामिल हैं। विकास सिंह ने कहा कि यदि यह फंड कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी का नहीं है और सीधे संस्था को दिया गया है तो कोई टकराव नहीं है।

### कपिल सिब्बल ने क्या कहा

उन्होने कहा, डोनेशन किसी व्यक्ति को नहीं, बल्कि बार एसोसिएशन को दिया गया है। मैं इन कंपनियों के खिलाफ या पक्ष में पेश होता रहा हूं और पेश होता रहूंगा। यह हमारा पेशेवर दायित्व है न कि दोस्ती का मामला। कपिल सिब्बल ने बताया कि उन्होंने व्यक्तिगत संबंधों के ज़रिए यह फंड इकट्ठा किया। उन्होंने उद्योगपतियों को फोन करके सीधे सहायता मांगी। सिब्बल के मुताबिक, गौतम अडानी से कहा, अब आप देश के सम्राट जैसे हैं। 5 करोड़ बहुत कम है। इसपर अडानी ने कहा कि अगर और चाहिए तो बताइए। पर अभी 5 करोड़ ले लीजिए।

### चीफ जस्टिस का भी समर्थन

21 मई को एससीबीए के एक कार्यक्रम में भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, यह एक अनुकरणीय प्रयास है जो वकीलों के कल्याण को लेकर गहरी चिंता को दर्शाता है। यह केवल एक सामाजिक पहल नहीं बल्कि वकीलों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है।


## दिल्ली में घर के अंदर अधेड़ शख्स की चाकू मारकर हत्या, भाभी और भतीजी को उठा ले गई पुलिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली के निहाल विहार इलाके में एक 50 वर्षीय अधेड़ शख्स की उसके घर में कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतक की भाभी और भतीजी को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर संपत्ति विवाद के साथ ही हर एंगल से जांच कर रही है।

पुलिस ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मृतक शख्स की पहचान राजेश मित्तल के रूप में हुई है, जो अपनी भाभी और भतीजी के साथ रहता था। राजेश का भाई करीब 10 से 12 साल पहले कथित तौर पर घर से चला गया था और तब से वापस नहीं लौटा था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 23 मई को राजेश द्वारा नशे की हालत में कथित तौर पर मारपीट करने के कारण भाभी और भतीजी ने उसे चाकू मार दिया था। उसके बीच संपत्ति विवाद भी था। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने इस हत्या को हादसे का रूप देने की कोशिश की थी। डीसीपी (आउटर) सचिन शर्मा ने बताया, राजेश मित्तल बेरोजगार थे, जो अपनी भाभी और भतीजी के साथ रहते थे। उन्हें चाकू मारा गया था और 23 मई को अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उनके बड़े भाई ने कथित तौर पर लगभग 10 से 12 साल पहले घर छोड़ दिया था और तब से वापस नहीं लौटे हैं। शर्मा ने बताया कि राजेश मित्तल को उनकी भतीजी और उनके पड़ोस में रहने वाली उनकी चचेरी बहन अस्पताल ले गई थीं। प्रारंभिक जांच के अनुसार, घटना के समय घर पर केवल मृतक और दो महिलाएं ही मौजूद थीं।

# दिल्ली के स्कूलों में पढ़ाई जाएगी ऑपरेशन सिंदूर की शौर्य गाथा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ऑपरेशन सिंदूर की शौर्य गाथा को जल्द स्कूल के पाठ्यक्रम का हिस्सा बना सकती है। शिक्षाविदों और विषय के विशेषज्ञों से इसके प्रारूप पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। साथ ही, उनसे सुझाव मांगे गए हैं। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) और शिक्षा निदेशालय इसे लागू करने के लिए ड्राफ्ट तैयार करने में जुटा है। शिक्षा विभाग के सूत्रों के मुताबिक, इसे लागू करने के लिए डिटेल प्लान बनाया जा रहा है। इसे हाल ही में शामिल किए गए राष्ट्रनीति कार्यक्रम के अंतर्गत सेना की वीरता की गाथा पाठ्यक्रम में पढ़ाने की योजना है। शुरू में पाठ्यक्रम 8वीं से 12वीं क्लास तक के लिए शुरू किया जा सकता है। इसके बाद पाठ्यक्रम को अन्य क्लासों में लागू किया जाएगा। सब कुछ ठीक रहा तो गर्मी की छुट्टियों के बाद छात्रों को क्लासों में इसके बारे में विस्तृत रूप से बताया व पढ़ाया जाएगा।

इस कदम का उद्देश्य ऑपरेशन सिंदूर के बारे में अगली पीढ़ी को जागरूक व सचेत करना है। ऐसे में छात्र पाठ्यक्रम के तहत यह जानेंगे कि सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम के बल पर किस तरह पाकिस्तान को सबक सिखाया। शिक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसे लेकर बैठक आयोजित की गई है। इसमें सबसे अलग-अलग सुझाव मांगे गए हैं।

### हर माह में दो से तीन सत्र आयोजित होंगे

प्रत्येक माह में इसके दो से तीन सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनके बीच 8 से 10 दिन का अंतराल होगा। प्रत्येक सत्र एक घंटे तक चलेगा। शिक्षक संघ भी ऑपरेशन सिंदूर को स्कूल के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग कर रहा है। उनका कहना है कि इस अभियान में सेना की बहादुरी की पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। इस तरह के शौर्य को याद किया जाए इसके लिए जरूरी है कि इसे स्कूली शिक्षा का हिस्सा बनाया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड मदरसा बोर्ड ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि वह पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को शामिल करेगा। ऐसे में यहां भी यह होना चाहिए।

## ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य पाकिस्तान और पीओजेके में आतंकवादी ढांचे के खिलाफ था : गुलाम नबी आजाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए भारतीय सांसदों और नेताओं का प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों के दौरे पर है। इसी तरह मनामा और बहरीन दौरे पर पहुंचे जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद ने पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। आजाद बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में गए ऑल पार्टी डेलिगेशन का हिस्सा हैं। गुलाम नबी आजाद ने कहा बताया कि ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य पाकिस्तान के लोगों के खिलाफ नहीं बल्कि पाकिस्तान और पीओजेके में आतंकवादी ढांचे के खिलाफ था।

आजाद ने कहा, हम प्रवासी भारतीयों से मिलकर खुश हैं, वे बड़ी संख्या में आए हैं। चाहे कोई भी सरकार हो, हमारे सभी प्रधानमंत्रियों ने हमेशा पाकिस्तान सहित हमारे पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध रखने की कोशिश की है। उन्होंने हमेशा पाकिस्तानी नेतृत्व के साथ बातचीत की, लेकिन ऐसी हर पहल के बाद, भारत को सीमा के दूसरी तरफ से आतंकवादी हमलों का सामना करना पड़ा। ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य पाकिस्तान के लोगों के खिलाफ नहीं बल्कि पाकिस्तान और पीओजेके में आतंकवादी ढांचे के खिलाफ था। मैं अपने सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं कि पाकिस्तान का कोई भी नागरिक नहीं मारा गया, क्योंकि केवल आतंकवादी मारे गए और आतंकवादियों के कुछ



परिवार के सदस्य मारे गए। लेकिन दुख की बात यह है कि पाकिस्तान ने हमारे सीमावर्ती क्षेत्रों में अंधाधुंध गोलीबारी की और उन्होंने जानबूझकर हमारे नागरिकों पर हमला किया।

बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। इस दौरान, उन्होंने कहा, मैं ग्रुप 1 का हिस्सा हूं...सबसे पहले हम बहरीन जाएंगे। फिर हम कुवैत जाएंगे, फिर सऊदी अरब और आखिर में अल्जीरिया...पहलगाम की दर्दनाक घटना, हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान आतंकी शिविर चला रहा है और उन्हें समर्थन दे रहा है। ये आतंकी भारत में आकर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देते हैं। हम इन चारों देशों से इन मुद्दों पर बात करेंगे।

वहीं, बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व वाले ग्रुप 2 की सदस्य शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, पाकिस्तान अब पाकिस्तान नहीं रहा, बल्कि आतंकिस्तान बन गया है। हम आज यूरोपीय देशों में जा रहे हैं, जिन्होंने कई आतंकी हमलों का सामना किया है, और उन सभी हमलों की जड़ें पाकिस्तान में हैं, उन्हें जिहाद करने के लिए कहने से लेकर उन्हें प्रशिक्षण देने, हथियार देने और उनकी रक्षा करने तक। हम पिछले तीन-चार दशकों से आतंकी हमलों से पीड़ित हैं, और हम उनका उचित जवाब भी दे रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर एक पूर्ण और अंतिम जवाब था कि अगर आप यहां आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देंगे, तो हम आपको नष्ट करने में सक्षम हैं।

## नौसेना विध्वंसक के असफल प्रक्षेपण पर किम सख्त; शिपयार्ड के तीन अधिकारियों को हिरासत में लिया गया

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया में नौसैन्य विध्वंसक जहाज के हाल ही में असफल प्रक्षेपण के लिए तीन शिपयार्ड अधिकारियों को हिरासत में लिया गया है। यह जहाज उत्तर कोरिया का दूसरा ज्ञात विध्वंसक जहाज है। असफल प्रक्षेपण के बाद किम को शर्मिंदगी उठानी पड़ी। घटना को लेकर तानाशाह किम जोंग उन काफी नाराज बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा था कि यह एक आपराध है। यह लापरवाही की वजह से हुआ है। उन्होंने दोषियों को कड़ी सजा देने की कसम खाई थी। इससे पहले उत्तर कोरिया की सरकार ने शुक्रवार को बताया था कि उन्होंने युद्धक जहाज की असफल लॉन्चिंग के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जांच और उनकी गिरफ्तारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में रविवार को कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने चोंगजिन शिपयार्ड में मुख्य अभियंता, पतवार



निर्माण कार्यशाला के प्रमुख और प्रशासनिक मामलों के उप प्रबंधक को हिरासत में लिया है। वे बुधवार के असफल प्रक्षेपण के लिए जिम्मेदार थे। पहले खबर आई थी कि शिपयार्ड प्रबंधक होंग किल हो को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने बताया कि 5,000 टन वजनी नौसेना का युद्धपोत बुधवार को चोंगजिन के पूर्वोत्तर बंदरगाह पर लॉन्च समारोह के दौरान हादसे का शिकार हो गया था। दरअसल, युद्धक जहाज इसके पिछले हिस्से पर लगे ट्रांसपोर्ट क्रैडल के अलग हो जाने से क्षतिग्रस्त हो गया। सैटेलाइट तस्वीरों में जहाज पानी में एक तरफ पड़ा हुआ दिखाई दे रहा है, जिसका ज्यादातर हिस्सा पानी में डूबा हुआ है और उस पर नीले रंग के कवर लगे हुए हैं। शुक्रवार को उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने बताया कि हादसे में जहाज को बहुत ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है और यह 10 दिनों में रिपेयर हो सकता है। जहाज के एक तरफ थोड़ी खरोंच आई है और जहाज के कई सेक्शन में समुद्र का पानी भर गया है। हालांकि अभी पूरे नुकसान की जानकारी नहीं दी गई है। उत्तर कोरिया से बहुत ज्यादा जानकारी बाहर नहीं जा पाती।

## बलोच नेता ने पीएम मोदी को लिखा लेटर, कहा- आजाद बलूचिस्तान भारत के लिए वरदान होगा

**क्वेटा, एजेंसी।** बलूचिस्तान लंबे समय से आजादी की मांग कर रहा है। बलूच अमेरिकी कांग्रेस के अध्यक्ष तारा चंद ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्वतंत्र बलूचिस्तान आंदोलन को पर्याप्त समर्थन देने का आग्रह किया है। उन्होंने पीएम मोदी को पत्र भी लिखा है, जिसमें बलूच लोगों के खिलाफ दशकों से हो रहे अत्याचारों, जिसमें जबरन गायब करना, यातना देना और नरसंहार आदि के लिए पाकिस्तान की निंदा की है। उन्होंने कहा है कि आजाद बलूचिस्तान भारत के लिए वरदान होगा। चंद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मैंने प्रधानमंत्री मोदी को एक पत्र लिखा हैज्स्वतंत्र बलूचिस्तान के लिए सार्थक समर्थन देने का आग्रह किया है। बलूच लोग पाकिस्तान के शासन में उत्पीड़न और नरसंहार का सामना कर रहे हैं। एक स्वतंत्र बलूचिस्तान शांतिप्रिय भारत के लिए एक वरदान होगा। न्याय के लिए हमारे साथ खड़े हों। उन्होंने यह अपील बलूच अमेरिकी कांग्रेस की ओर से भेजे गए दो औपचारिक पत्रों के माध्यम से सीधे दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजी है। अपने पत्र में, चंद ने बलूचिस्तान मुद्दे पर भारतीय नेतृत्व के पहले ध्यान देने की सराहना की, विशेष रूप से लाल किले के भाषण के दौरान पीएम मोदी की टिप्पणियों का उल्लेख किया, जिसे वे नैतिक समर्थन के प्रदर्शन के रूप में देखते हैं जिसने वैश्विक स्तर पर उत्पीड़ित बलूच आबादी के बीच आशा को प्रेरित किया।




# दिसंबर तक हों चुनाव, विवादित सलाहकारों को हटाओ, खालिदा की बीएनपी का यूनुस को अल्टीमेटम

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में अंतरिम सरकार चला रहे मोहम्मद यूनुस की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सेना के बाद अब पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से दिसंबर 2025 तक राष्ट्रीय चुनाव कराने और कैबिनेट से विवादास्पद सलाहकारों को हटाने की मांग की है।

बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य खंदकर मोशर्रफ हुसैन ने शनिवार शाम यूनुस से उनके आधिकारिक जमुना आवास पर मुलाकात के बाद कहा, हमने सुधारों को शीघ्रता से पूरा करने और दिसंबर तक चुनाव कराने का आह्वान किया है। हुसैन के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने यूनुस से चुनाव के लिए एक रोडमैप की घोषणा करने और सलाहकार परिषद यानी कैबिनेट से उन व्यक्तियों को हटाने की मांग की जो विवादास्पद माने जा रहे हैं।



**छात्र आंदोलन वाले सलाहकारों को हटाने की मांग:** गौरतलब है कि तीन में से दो सलाहकार भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन (एसएडी) के प्रतिनिधि के रूप में अंतरिम सरकार में शामिल किए गए थे। इन दोनों के नाम महफुज आलम और आसिफ महमूद शोजीब भुइयां है। एसएडी ने ही पिछले वर्ष शेख हसीना की सरकार को हटाने का आंदोलन चलाया था। ये दोनों क्रमशः युवा एवं खेल मंत्रालय और सूचना मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे हैं। तीसरा सलाहकार खलीलुर रहमान है, जो एक पूर्व राजनयिक और यूनुस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार है। बीएनपी के एक और वरिष्ठ नेता सलाहुद्दीन अहमद ने कहा कि इन दोनों एसएडी-समर्थित नेताओं को हटाने की मांग पार्टी ने पहले भी एक लिखित बयान में की थी। जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या बीएनपी बैठक से संतुष्ट है, तो सलाहुद्दीन ने कहा, हमने अपनी बात रख दी है, अब यूनुस क्या प्रतिक्रिया देते हैं, उसके बाद ही कहा जा सकता है कि हम संतुष्ट हैं या नहीं।

हुसैन ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार इस समय तीन एजेंडों पर काम कर रही है - सुधार, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासनकाल के नेताओं का मुकदमा, और चुनाव। बीएनपी की छात्र आंदोलन वाले नेताओं द्वारा बनाए गए नए छात्र-आधारित दल नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) से गहरी असहमति है, जो फिलहाल यूनुस सरकार का समर्थन कर रहा है। यूनुस ने इस बीच जमात-ए-इस्लामी और एनसीपी नेताओं से भी मुलाकात की। जमात की मांगः जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने कहा, हमने दो संभावित चुनाव समय-सीमा प्रस्तावित की - अगर सभी सुधार पूरे हो जाते हैं तो फरवरी 2026 के मध्य तक या फिर रमजान के तुरंत बाद। उन्होंने कहा कि सरकार को सुधार और चुनाव के लिए दो स्पष्ट रोडमैप घोषित करने चाहिए। एनसीपी की मांगः एनसीपी ने राष्ट्रीय चुनाव से पहले स्थानीय निकाय चुनाव की मांग दोहराई, जिसका बीएनपी ने पहले से ही विरोध किया है। यूनुस के कार्यालय ने बाद में बयान जारी कर कहा कि तीनों प्रमुख दलों ने उनके नेतृत्व में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के समर्थन की बात कही है। यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने बताया कि यूनुस ने सभी दलों को बताया कि चुनाव दिसंबर से लेकर अगले वर्ष जून के बीच कराए जाएंगे। शनिवार की बैठक ऐसे समय में हुई जब सेना और सरकार के बीच संभावित चुनाव समय-सीमा और एक रणनीतिक मुद्दे को लेकर मतभेद की खबरें आ रही हैं। यह मुद्दा म्यांमार के रखाइन राज्य में एक मानवतावादी गलियारे को लेकर है। सेनाध्यक्ष जनरल वाकर-उज-जमां, नौसेना और वायुसेना प्रमुखों के साथ तीन दिन पहले यूनुस से मिले थे और दिसंबर 2025 तक चुनाव कराकर एक निर्वाचित सरकार को सत्ता सौंपने की सिफारिश की थी।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 25-05-2025 22:10 Page 1



# ऑपरेशन सिन्दूर शौर्य और सामर्थ्य का प्रतीक : कुमार अमित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** भारतीय सेना और ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को सेक्टर 3 में हाथ में तिरंगा लेकर सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के उपरांत स्थानीय स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह तिरंगा यात्रा महिला कॉलेज के पास से प्रारम्भ होकर सिटी पार्क, छपरा मोड़ होते हुए कृष्णा मोड़ तक गयी।

कार्यक्रम के भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार भी बतौर मुख्य अतिथि इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम जहां देश की जनता की भावना का प्रकटीकरण है वहीं ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य एवं राष्ट्र के सामर्थ्य का प्रतीक है। ऑपरेशन सिंदूर से एक बार पुनः पाकिस्तान के साथ साथ वैश्विक जगत में भारतीय सेना के पराक्रम का परचम लहराया है वहीं दूसरी ओर देश के उन्नत युद्ध शैली एवं नवीनतम सामरिक तकनीक का भी दुनिया ने भारत का लोहा माना।



प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पुरे देश ने भारतीय सेना के समर्थन में एकजुट रहा। सीमा पार से चलाए जा रहे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को समाप्त करने के लिए भारतीय सेना के द्वारा लॉन्च किए गए ऑपरेशन सिंदूर की कहर से पाकिस्तान आज विश्व समुदाय के समक्ष कराह रहा है। कुमार अमित ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के लिए बोकारो वासी भी तिरंगा यात्रा के माध्यम से अपने देश की सेना और सरकार के प्रति अपना समर्थन देकर आभार प्रकट कर रहे हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निःशुल्क सत्तू बैंक का होगा शुभारंभ : शौकत खान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** देश के सभी भारतीय जांबाज सेना व ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक तिरंगा वाले शौकत खान निशुल्क सत्तू बैंक का शुभारम्भ करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को सीआरपीएफ 172 बटालियन कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह करेंगे। 172 बटालियन के 11 जांबाज जवान के हाथों निशुल्क सत्तू बैंक के शुभारंभ होने पर प्रतिदिन आम राहगीरों, रिक्शा चालकों, आटो चालकों व दिहाड़ी मजदूरों को निशुल्क पेट भरने का काम किया जाएगा। बताते चलें कि शौकत खान पिछले दस वर्षों से भी अधिक समय से सेना व शहीदों के सम्मान में राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह, निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक का सफल आयोजन किया है।



## एनजेसीएस में सुधार को ले पुनः मुकदमा

**बोकारो।** दिसम्बर 24 में दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा एनजेसीएस में सुधार हेतु दिए गए तीन माह के समय बीत जाने के बावजूद इस्पात मंत्रालय द्वारा कोई भी सकारात्मक कदम नही उठाए जाने के कारण बीएकेएस ने पुनः दिल्ली उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया है। जिस पर कोर्ट ने 14 मई को सुनवाई किया तथा संबंधित पक्षो को नोटिस देकर जवाब माँगा है। मुकदमे की अगली सुनवाई 29 मई को निर्धारित की गई है ।

एनजेसीएस में 25 यूनियन प्रतिनिधि में से 15 प्रतिनिधि नामांकित है । पाँच ट्रेड यूनियनो को तीन –तीन नॉमिनेटेड सीट का कोटा दिया गया है । जिस पर यूनियन अपना सदस्य नामांकित करते है । बीएकेएस का तर्क है कि सेल की प्रत्येक इस्पात प्रोडक्शन यूनिट से रिकॉगनाईज्ड ट्रेड यूनियन का प्रावधान किया गया है। अर्थात सेल कर्मियों के वास्तविक प्रतिनिधि एनजेसीएस में मौजुद है तो नॉमिनेटेड प्रतिनिधियों की कोई भी जरुरत नही है। मंत्रालय तथा डीपीई द्वारा दिए गए गाईडलाईन के अनुसार विभिन्न कमेटियों के माध्यम से श्रमिको को प्रबंधन में भागिदारी दी जानी है परंतु एनजेसीएस में श्रमिक प्रतिनिधि के नाम पर बाहरी तथा गैर निर्वाचित नेता प्रबंधन में भागिदार बन रहे है।

## एयरपोर्ट को ले भाजपा-जेएमएम आमने सामने



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो एयरपोर्ट में उड़ान सेवा शुरू करने को लेकर राजनीति तेज हो चुकी है। भाजपा झामुमो में आपसी घमासान छिड़ा हुआ है।

भाजपा ने जहां मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर हवाई अड्डा में उड़ान सेवा नहीं शुरू होने को लेकर मुख्यमंत्री को जिम्मेदार माना है वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बोकारो सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता कर किसके लिए केंद्र सरकार बोकारो स्टील और धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो को जिम्मेदार ठहराया है।जिला अध्यक्ष रतनलाल मांझी ने कहा कि भाजपा सांसद बोकारो विरोधी है वह बोकारो हवाई अड्डे को धनबाद ले जाना चाहते हैं इसीलिए नागरिक उड्यान्न मंत्री से मिलकर हवाई अड्डा को शुरू करने के लिए कभी उन्होंने पत्र नहीं सौपा।झामुमो के महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा की साजिश के तहत बोकारो हवाई अड्डे से उड़ान सेवा नहीं शुरू की जा रही है। बोकारो हवाई अड्डे में सिक्योरिटी के लिए बनाए गए 10 सिक्योरिटी हट्स बुलेट प्रूफ बनाने का आदेश दिया गया है। जो एक साजिश है। आज तक हवाई अड्डे को लाइसेंस प्राप्त नहीं हुआ है। ऐसे में सिर्फ मुख्यमंत्री और सरकार पर आरोप लगाना पूरी तरह से राजनीति है।

## बैठक सम्पन्न

**बोकारो।** स्वामी सहजानंद सरस्वती बीएड कालेज सेक्टर 8 बी के निर्वाचित समिति, की बैठक सुषमा देवी के अध्यक्षता शिक्षण संस्थान के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में विद्यार्थियों के साथ बीएड कॉलेज के अवैध कब्जाधारी जिसे,प्रशासन द्वारा 3 मार्च 25 को निष्काशित किया जा चुका है। वे सभी उदय कुमार के सरदारी में स्वर्गीय पीएन राय के आवास 159 कोऑपरेटिव कॉलोनी से धोखाघड़ी और छलावा कर उनका भविष्य तो बर्बाद तो कर ही रहे हैं। 2023-25 तथा 2024-26 सत्र का पुरा फीस भी दबाव डाल कर और धमकी देकर वसूल रहे है।

ऐसी शिकायत कई विद्यार्थी और अभीभावकों ने निर्वाचित समिति से किया है। अवैध कब्जाधारी एन सी टी ई मे सत्र 2022-23का पी ए आर समय पर नहीं भर के बी०एड०कालेज के साथ विश्वासघात भी किया है। कालेज के मूल्य प्रबंधक का मामला विश्वविद्यालय में विचाराधीन है। इसलिए निर्वाचित समिति, शिक्षार्थी से आग्रह करता है कि दबाव में कोई शुल्क का पैसा 159 को ऑपरेटिव कालोनी में जामा नहीं करें।वह कालेज नहीं बल्कि षडयंत्र कारी का आश्रय स्थल है। आप कालेज परिसर में चेक जमा करे।

## युवक ने हाइवा में फांसी लगाकर की आत्महत्या



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद** । जिले के कतरास के अंगारपथरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत नेशनल अंगारपथरा के पास एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक युवक ने हाईवा में गमछे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में सनसनी मच गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया और मामले की तफ्तीश में जुट गई। फिलहाल यह आत्महत्या है या फिर हत्या इसका खुलासा नहीं हो पाया है। मृतक की पहचान ढोकरा धनबाद निवासी युवक के रूप में हुई है, जो इन दिनों लोयाबाद में अपने मामा के घर में रह रहा था। हालांकि अचानक उसने आत्महत्या क्यों की इसका पता नहीं चल पाया है। जानकारी के मुताबिक आज सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने युवक का शव फांसी के सहारे हाईवा से लटके हुए देखा। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा ने मनाई अहिल्या बाई की जयंती, लिए कई संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** अहिल्या बाई होलकर मराठा साम्राज्य की एक प्रतिष्ठित शासिका थीं, जिन्हें उनके न्यायप्रिय, धर्मनिष्ठ और जनकल्याणकारी शासन के लिए आज भी सम्मानपूर्वक याद किया जाता है। जो आज के समय प्रासंगिक है। उन्होंने भगवान शिव के कहे अनुसार शासन चलाने का काम किया था। यह बातें भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने बोकारो में आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

बोकारो भाजपा की तरफ से आज चास के मगध बैंकट हॉल में अहिल्या बाई होलकर की जयंती मनाई गई जिसमें भाजपा के नेता व कार्य करता शामिल हुए। सभी ने उनके 29 वर्षों के शासन पर प्रकाश डाला।



प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि इतिहासकार कांग्रेस और वामपंथियों ने उनके इतिहास को दबाकर रखने का काम किया था भाजपा ने 300 वर्ष बाद उनके शासन की प्रासंगिकता को लोगों के सामने रखने का काम कर रही है।अहिल्या बाई होलकर भगवान शिव के कथन अनुसार शासन चलती थी उनका कहना था कि भगवान शिव उन्हें जो करने को कहा रहते हैं वह वही करते हैं।

अहिल्या बाई ने बिना कर बढ़ाए राज्य की कर वसूली को 75 लाख से सवा करोड़ तक पहुंचाया। उन्होंने पारदर्शी राजस्व व्यवस्था स्थापित की और इंदौर को औद्योगिक नगरी बनाने के लिए कई करों की माफी दी। उनके प्रशासनिक फैसले आज भी आदर्श माने जाते हैं।अहिल्या बाई ने देशभर में अनेक धार्मिक स्थलों का निर्माण कराया, जिनमें काशी विश्वनाथ मंदिर और सोमनाथ मंदिर शामिल हैं। उन्होंने काशी की मस्जिदों को टूटने से रोका, जो उनकी धार्मिक सहिष्णुता का उदाहरण है।

## संयुक्त प्रयास से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है : पुलिस अधीक्षक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिले में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। लेकिन आखिरकार इसके लिए जिम्मेदार कौन है। पुलिस जिला प्रशासन या फिर एनएचआई।

क्योंकि बोकारो के एसपी मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि संयुक्त प्रयास से ही हादसों को रोका जा सकता है।इसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है, सिर्फ पुलिस इसे नहीं रोक सकती। बोकारो जिले में नेशनल हाईवे सहित अन्य सड़कों पर लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। इसके लिए सड़कों पर गाड़ियों का खड़ा होना, अवैध तरीके से सड़क पर बनाए गए कट को माना जा रहा है। पुलिस अवैध कट को बंद करने की भी बात कर रही है। लेकिन अगर आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले चार माह में 499 सड़क हादसे हुए हैं, जिसमें प्राथमिकी मात्रा 102 में हुई है ,जबकि 76 की मौत और 25 लोग घायल हुए हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार जनवरी माह में 27 हादसे में 19 की मौत हुई ,पांच घायल हुए ।फरवरी में 29, हादसे से 23 मौत और 5 घायल, मार्च में 29 हादसे 13 मौत और 4 घायल ,जबकि पिछले महीने अप्रैल में 29 हादसे से 21 मौत और 11 घायल हुए हैं। वहीं अगर ट्रैफिक पुलिस के कार्य को देखें तो चालकों से अधिक बाइक सवारों से जुमार्ना वसूला गया है। बीते 4 माह में बगैर हेलमेट के पकड़े गए 5057 सवार, पीछे बैठने वाले 3407 सवाल जो बिना हेलमेट के थे। वर्ष 2023 और 24 में हुए सड़क हादसे में 540 लोगों की मौत हो गई जिसमें 103 ऐसे थे जो बगैर हेलमेट के बाइक चला रहे थे। पिछले चार माह में ही ट्रैफिक विभाग ने एक करोड़ 82 लाख 64646 जुमार्ना किया। बोकारो एसपी का दावा है कि पहले की अपेक्षा सड़क हादसों में कमी आई है ।सवाल यह उठता है कि सिर्फ ट्रैफिक पुलिस के भरोसे क्या हादसों को रोका जा सकता है। क्योंकि प्रत्येक महीने सड़क सुरक्षा की बैठक होती है। लेकिन धरातल पर इसका कोई कारगर ठोस पहल नहीं दिखाई देता है।

### जल संकट पर बिफरे नेता प्रतिपक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने सिल्ली क्षेत्र की कुछ तस्वीरें अपने सोशल मीडिया हैंडल ह्यएक्सह्ण पर साझा करते हुए लिखा कि रांची जिले के सिल्ली में जल संकट की स्थिति बेहद चिंताजनक और शर्मनाक है। उन्होंने रांची के उपायुक्त से इस गंभीर स्थिति पर अविलंब संज्ञान लेने और आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। मरांडी ने आरोप लगाया कि जल आपूर्ति योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और कई योजनाएं सिर्फ कागजों पर चल रही हैं।

## रोटरी के सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर में बालिकाओं को दी गई प्रथम डोज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** नारी स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने आशा की किरण प्ले स्कूल, उलगोड़ा में चौथे सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में कुल 111 किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीन की पहली डोज दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे हुआ, जहां क्लब अध्यक्ष रोटेरियन महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि यह शिविर केवल वैक्सीनेशन तक सीमित नहीं है, बल्कि एक दीर्घकालिक सोच का हिस्सा है, जिसके माध्यम से समाज की बेटियों को एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य देने की दिशा में काम किया जा रहा है। शिविर के संचालन में रोटेरियन डॉ. एससी मुंशी के नेतृत्व में चिकित्सा टीम ने निष्ठा और दक्षता का परिचय दिया। वहीं रोटेरियन प्रदीप नारायण ने शिविर प्रमुख की भूमिका को पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया और पूरी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा।

इस आयोजन में क्लब के कई वरिष्ठ सदस्यगण भी पूरे समय उपस्थित रहे और अपने-अपने स्तर से योगदान देते रहे। रोटेरियन अशोक तनेजा और रोटेरियन अशोक केडिया ने वैक्सीनेशन स्थल पर आने वाली बालिकाओं और अभिभावकों को जानकारी देने तथा पंजीकरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने में सहयोग दिया। रोटेरियन अशोक जैन और रोटेरियन दलजीत छाबड़ा ने लॉजिस्टिक्स और जनसंपर्क का जिम्मा बखूबी संभाला।



वहीं रोटेरियन पी. ए. जकारिया एवं रोटेरियन शाइनी जकारिया ने चिकित्सा प्रक्रिया के दौरान मानवीय संवेदना और सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रोटेरियन अमृत महतो और रोटेरियन अभय गिरी ने शिविर के प्रचार-प्रसार और समन्वय में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस समस्त कार्यक्रम में रोटरी कम्युनिटी कॉर्प्स के डॉ जयदेव महतो एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटरी डिस्ट्रिक्ट ३२५० दि० सुरेन्द्र सिंह साहनी की सुपुत्री दमनजीत (बुबन) का महत्ती योगदान रहा जो कि अत्यंत प्रशंसनीय है। शिविर की सफलता का प्रमाण यह रहा कि अभिभावकों और लाभार्थियों में न केवल वैक्सीनेशन को लेकर जागरूकता बढ़ी, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी देखने को मिला कि उनकी बेटियाँ अब एक घातक बीमारी से सुरक्षित हो सकेंगी।

रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी इस श्रृंखला को आगे भी जारी रखते हुए आने वाले महीनों में और भी शिविरों का आयोजन करेगा, ताकि अधिक से अधिक किशोरियों तक यह जीवनरक्षक वैक्सीन पहुंच सके। क्लब की यह पहल समाज को केवल सेवा देना नहीं, बल्कि एक जागरूक, सुरक्षित और सशक्त भविष्य की ओर ले जाने का प्रयास है।

## पर्यावरण संरक्षण संस्थान तथा नागरिक अधिकार मंच की संयुक्त बैठक में लिए गए कई निर्णय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के महासचिव सह नागरिक अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण ओझा 'मुकुल' के बोकारो स्थित आवास पर्यावरण-मित्र आश्रम में स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान तथा नागरिक अधिकार मंच की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई गंभीर और जरूरी विषयों पर चर्चा की हुई । स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण द्वारा निर्णय लिया गया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस दिनांक 31 मई को नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान को बताते हुए लोगों को इसे छोड़ने हेतु शपथ दिलाया जाएगा । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संध्या बोकारो के पर्यावरण-मित्र चौक के पास स्थित पर्यावरण-मित्र वाटिका में वृक्षारोपण करने तथा इसी रोज पड़ने वाले गंगा दशहरा को गरगा पूजन कार्यक्रम का भी संध्या समय गरगा नदी तट पर भव्य आयोजन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया और इस दिन आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में धनबाद के सांसद ढुलू महतो मुख्य अतिथि के रूप से आमंत्रित किए गए हैं । विश्व पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु भी निर्णय लिया गया ।




नागरिक अधिकार मंच द्वारा बोकारो हवाई अड्डा को जल्द शुरू करने को लेकर आगे के प्रभावी कार्यक्रमों पर विशेष चर्चा की गई तथा इसके लिए हस्ताक्षर अभियान चलाने और माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को मेल करने का भी निर्णय लिया गया ।

इस बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान तथा नागरिक अधिकार मंच के महत्वपूर्ण पदाधिकारियों में रघुवर प्रसाद, शशि भूषण ओझा 'मुकुल', मृणाल कांत चौबे, गौरी शंकर सिंह, विष्णु शंकर मिश्र, संतोष गुप्ता, अक्षय कुमार दुबे एवं मनीष झा सहित कई गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) जिला शाखा बोकारो की बैठक स्थानीय जायका हैपीनेस कैंप 2 में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता उमेश प्रसाद महतो ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री द्वारा कहा गया कि समाहरणालय संवर्ग के लिपिकीय कर्मियों का विधिवत चुनाव 10 अप्रैल को हो चुका है । कुछ तथाकथित संघ तोड़क तत्वों द्वारा बिना सदस्य बनाए ही गैर सदस्यों को सम्मिलित करते हुए भ्रामक मतदाता सूची जारी किया गया है, जो कर्मियों द्वारा अस्वीकार कर दिया गया है ।

शीघ्र ही सभी सदस्यों के संयुक्त हस्ताक्षर से उपायुक्त को अवगत कराया जाएगा।बैठक में मनोरंजन कुमार निराला , जिला मंत्री , महासंघ, सुभाष चौधरी, दिग्विजय नारायण , अमलेश कुमार, संजय कुमार पांडे, ओमप्रकाश , संजय कुमार गोराई, हिमांशु मांझी, संजय कुमार , नवीन कुमार , मो नियाज अहमद,श्री मनीष, नागेंद्र कुमार सिंह एवं अन्य के द्वारा भी संबोधित की गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक: मनोज विशाल फोन नंबर: 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या: JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com